ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 02 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-46 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने जीता ... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### चिनिया में बाइक व हाईवा की भीषण टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**चिनिया (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के डोल गांव में शुक्रवार की देर शाम करीब 7:30 बजे मोटरसाइकिल व हाईवा के बीच हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत गई है। जानकारी के अनुसार डोल गांव निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र राकेश सिंह व जितेंद्र सिंह के पुत्र राजा सिंह मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। इसी बीच निमार्णाधीन चिनिया-धुरकी मुख्य सड़क पर काम कर रहे हाईवा से डोल गांव में मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ो लोगों की भीड़ जमा हो गई। मोटरसाइकिल हाईवा के ही पिछले हिस्से में फंसी हुई थी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### ओडिशा के क्योंझर जिले में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के क्योंझर जिले के घाटगांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 20 पर शुक्रवार को एक दुखद सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक गंजम जिले के पोदामारी, बटागाड़ा, पलाझड़ी और देखाली गांवों के निवासी थे। घाटगांव पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गंजम से कई बच्चों समेत कम से कम 21 लोग टाटा विंगर वैन में क्योंझर जिले के घाटगांव स्थित तारिणी मंदिर जा रहे थे। शुक्रवार सुबह 4.30 बजे वाहन मंदिर से लगभग आठ किलोमीटर दूर एक मोड़ पर खड़े सीमेंट से भरे ट्रक से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टाटा विंगर का ड्राइवर मौके से भाग गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मृतक के परिजनों के लिए 3-3 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है।

### इस वर्ष वाहनों के डेढ़ लाख ऑनलाइन चालान कटे

**रांची।** राजधानी की सुरक्षा और ट्रैफिक पर नजर रखने के लिए शहर में सीसीटीवी 750 कैमरे लगाए गए हैं। इससे राजधानी के चप्पे-चप्पे पर दो कंट्रोल रूम के द्वारा नजर रखी जाती है। इनमें कई अत्याधुनिक कैमरे सिग्नल ब्रेक करनेवालों की पहचान करने, वाहनों के नंबर प्लेट की फोटो लेने, तेज गति से जानेवाले वाहनों की पहचान करने और शहर में क्राइम कंट्रोल के लिए लगाये गये हैं। इनमें एसवीडी, एएनपीआर, आरएलवीडी जैसे अत्याधुनिक कैमरे हैं। इस वर्ष अत्याधुनिक कैमरों की मदद से नियम तोड़नेवाले वाहनों से लगभग 1.5 लाख ऑनलाइन चालान काटे जा चुके हैं।

### 25 फीसदी तक बढ़ सकता है बिजली बिल

**नए साल में झारखंड के लोगों को लग सकते हैं झटके**

**रांची।** 2024 में झारखंड में लोगों को बिजली के तेज 'झटके' लग सकते हैं। राज्य में बिजली की दरें बढ़ाए जाने की तैयारी चल रही है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली की कीमतों में 25 फीसदी तक की वृद्धि का प्रस्ताव झारखंड इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के समक्ष प्रस्तुत किया है। कमीशन ने इस प्रस्ताव का अध्ययन कर लिया है और इसे लेकर विभिन्न प्रमंडलों में जनसुनवाई की तारीखें तय कर दी गई। जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयोग नई दरों का अंतिम निर्धारण करेगा। कमीशन ने 11 दिसंबर को मेदिनीनगर, 13 दिसंबर को चाईबासा, 15 दिसंबर को धनबाद, 18 को देवघर और 19 दिसंबर को रांची में प्रस्तावित दरों पर जनसुनवाई का कार्यक्रम तय किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, नई दरें आगामी अप्रैल माह से प्रभावी होंगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने नई दरों को लेकर जो प्रस्ताव दिया है, वह वर्ष 2024-25 के लिए है। बिजली वितरण निगम ने कमीशन के समक्ष दिए दिए प्रस्ताव में अपने खर्चों के लिए 10 हजार 800 करोड़ की सालाना जरूरत बताई है और इस आधार बिजली की दरों में बढ़ोतरी की जरूरत बताई है। निगम ने रेवेन्यू रिक्वायरमेंट और मौजूदा रेवेन्यू के बीच 2500 करोड़ का गैप दिखाया है। बता दें कि इस साल एक जून से झारखंड में बिजली की दरों में 6.50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि, यह वृद्धि तीन साल के बाद की गई थी। अब अगर कमीशन जनसुनवाई के बाद बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव पर मुहर लगा देता है तो एक साल में दूसरी बार बिजली की कीमतें बढ़ने के आसार हैं।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल, कहा

# वह दिन दूर नहीं जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त होगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हजारीबाग के मेरु स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस समारोह बतौर मुख्य अतिथ शामिल हुए। इस दौरान अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल की वार्षिक पत्रिका बॉर्डरमैन का विमोचन किया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मौके पर पर अमित शाह ने कहा कि जीवनपर्यन्त कर्तव्य बीएसएफ का सिर्फ घोषवाक्य नहीं है बल्कि आज तक 1900 से अधिक सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर इस वाक्य को चरितार्थ भी किया है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में बीएसएफ ने जिस तरह से देश की दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की है, उसपर पूरा देश गर्व करता है। शाह ने कहा कि जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं होतीं, वो देश कभी विकसित और समृद्ध नहीं हो सकता। बीएसएफ के जवानों का जीवन सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ देश के युवाओं को अनुशासन का संदेश भी देता है। शुक्रवार को हजारीबाग में कार्यक्रम के दौरान 23 जवानों को बहादुरी पदक दिए गए हैं और 5 जवानों को मरणोपरांत पदक दिए गए हैं। इन 23 में से 11 जवानों को पुलिस मेडल फॉर गैलेंटरी, एक जवान को जीवनरक्षक पदक और 11 जवानों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक दिए गए हैं। शाह ने मरणोपरांत पदक प्राप्त करने वाले 5 शहीदों के परिजनों से कहा कि उनके नुकसान की भरपाई कोई नहीं कर सकता लेकिन देश की 130 करोड़ जनता इन शहीदों के बलिदान पर हमेशा गर्व करेगी। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने 1 महावीर चक्र, 4 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र और 13 शौर्य चक्र सहित अनेक पदक और पुरस्कार प्राप्त किए हैं। वाम उग्रवादी घटनाओं में 52 प्रतिशत की कमी केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त हो जाएगा। कहा कि मोदी सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा की घटनाओं में 52 प्रतिशत, मृत्यु की घटनाओं में 70% की कमी आई है और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिले 96 से घटकर 45 रह गए हैं। शाह ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद अब सिमटता जा रहा है और अब इस पर एक नए हौंसले और जोश के साथ अंतिम प्रहार करने के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी तैयार है। इन इलाकों में सुरक्षा वैक्यूम को भरने के लिए 2019 से लेकर अब तक 199 नए शिविर खोले गए हैं। इसी का परिणाम है कि बूढ़ा पहाड़ और चकरबंदा जैसे दुर्गम क्षेत्रों को शेष पृष्ठ 11 पर



- दो साल में पूरी पाकिस्तान व बांग्लादेश सीमा को बाड़ लगाकर सुरक्षित कर लिया जाएगा
- 23 जवानों को बहादुरी पदक व 5 जवानों को मरणोपरांत पदक दिए गए
- 11 जवानों को पुलिस मेडल फॉर गैलेंटरी
- एक जवान को जीवनरक्षक पदक
- 11 जवानों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक मिला

## मुख्यमंत्री ने 75 योजनाओं की रखी आधारशिला, 113 योजनाओं का किया उद्घाटन

# राज्य के नौजवानों के सपनों को साकार करेगी सरकार : सीएम

**6 लाख 53 हजार 152 लाभुकों के बीच लगभग 68 करोड़, 67 लाख रुपये की बांटी परिसंपत्ति**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के दरवाजे तक सरकार की योजनाओं व सेवाओं को पहुंचाना है।। सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हर गरीब और जरूरतमंद की समस्याओं का समाधान उसके घर पर मिले। इसलिए हर पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं। यहां अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद है। सरकार हर क्षेत्र में विकास के प्रति तत्पर व संकल्पित है। राज्य के युवाओं ने अपने सुखद भविष्य के जो सपने देखे हैं। सरकार उसे जरूर साकार करेगी। उक्त बातें राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। वे शुक्रवार को पलामू के जिला मुख्यालय स्थित पुलिस स्टेडियम में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना -आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित हो रहे सभी शिविरों पर नजर रख रहा हूं। जिन शिविरों में जा रहा हूं। वहां यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि वास्तव में लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि शिविरों में मेला शेष पृष्ठ 11 पर




### मुख्यमंत्री ने योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 100 करोड़ 69 लाख 89 हजार रुपए की लागत से निर्मित 113 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं 75 योजनाओं की आधारशिला भी रखी। इन योजनाओं पर करीब 104 करोड़ रुपए खर्च होंगें। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 6 लाख 53 हजार 152 लाभुकों के बीच करीब 68 करोड़ 67 लाख रुपए की परिसंपत्ति बांटी।


### डीसी ने अतिथियों का किया स्वागत

उपायुक्त शशि रंजन ने सभी का स्वागत किया। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के सभी 21 प्रखंडों के सभी 265 पंचायत एवं नगर निगम तथा नगर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी अपनी बातें रखी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू प्रमण्डल के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शेष पृष्ठ 11 पर

### किसानों को दिये जाएंगे बीमा सहित पशु

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को जो भी जानवर दिए जाएंगे, उसका बीमा भी होगा, ताकि पशुओं की मौत होने पर किसानों को आर्थिक नुकसान ना उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लाभुकों को अब भैंस भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से बड़ी संख्या में मजदूर दूसरे राज्यों में काम करने जाते हैं। इन प्रवासी मजदूरों के हित में भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस सिलसिले में हमारी सरकार विभिन्न राज्यों से करार करने जा रही है। इससे अगर किसी राज्य में झारखंड के किसी मजदूर को किसी तरह की समस्या होगी तो उनकी मदद के लिए राज्य सरकार आगे आएगी। मुख्यमंत्री ने मजदूरों से शेष पृष्ठ 11 पर

## माइचौंग तूफान का झारखंड में भी दिखेगा असर, बारिश की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अगले 48 घंटों में भारत में तूफान आने की संभावना है। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र के बीच कई तटीय क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा गया है। पूर्वोत्तर राज्यों में आए चक्रवाती तूफान 'मिधिली' के बाद अब बंगाल की खाड़ी में एक और तूफान बढ़ रहा है। इससे लेकर मौसम विभाग ने कहा कि एक और चक्रवाती तूफान आने वाला है। यह इस साल का चौथा तूफान होगा, और इसके भारत, बांग्लादेश और म्यांमार तक अपना असर छोड़ने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान को 'माइचौंग' नाम दिया गया है। दक्षिण-पूर्व और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 03 घंटे के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने, 2 दिसंबर तक गहरे दबाव में तब्दील होने और 3 दिसंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके बाद, यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और 4 दिसंबर की शाम के आसपास चक्रवाती तूफान के रूप में चेन्नई और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों को पार करेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया की झारखंड में इस तूफान का हल्का असर होगा। 4 से 6 दिसंबर तक कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं इस दौरान राज्य में बादल छाए रहने के आसार हैं।

## पीआईबी ने फर्जी खबरें फैलाने वाले नौ चैनलों का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट (एफसीयू) ने शुक्रवार को भारत में फर्जी खबरें और गलत सूचना फैलाने वाले नौ यूट्यूब चैनलों का भंडाफोड़ किया है। इन नौ चैनलों में बजरंग एजुकेशन, आपके गुरुजी, बीजे न्यूज, सनसनी लाइव टीवी, जीवीटी न्यूज, डेली स्टडी, भारत एकता न्यूज, अब बोलेगा भारत और सरकारी योजना ऑफिशियल हैं। फैक्ट चेक यूनिट ने इन चैनलों द्वारा फैलाई गई झूठी सूचनाओं को नौ अलग-अलग ट्विटर थ्रेड में कई तथ्यों की जांच की है। संबंधित यूट्यूब चैनलों पर 83 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स पाए गए हैं, जो देश में गलत सूचनाएं प्रसारित कर रहे थे। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने शेष पृष्ठ 11 पर




## धोनी व भाजपा नेताओं की मुलाकात की तस्वीर वायरल, सियासी अटकलें तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी और झारखंड के कुछ प्रमुख बीजेपी नेताओं की मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसे लेकर कई तरह की चर्चा और अटकलों का दौर शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर यह सवाल तैर रहा है कि क्या यह सिर्फ एक सामान्य मुलाकात है या फिर इसका कोई सियासी मायने है? दरअसल, महेंद्र सिंह धोनी गुरुवार की शाम मुंबई की फ्लाइट पकड़ने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर थे। इसी वक्त केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रांची पहुंचने वाले थे और उनके स्वागत के लिए झारखंड के कई वरिष्ठ भाजपा नेता एयरपोर्ट पर मौजूद थे। इसी दौरान भाजपा के राज्यसभा सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रांची के भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह एवं कांके क्षेत्र के भाजपा विधायक समरी लाल ने महेंद्र सिंह धोनी से मुलाकात की। इसकी तस्वीरें सामने आईं और देखते-देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। लोग इन तस्वीरों को धोनी के राजनीति में प्रवेश की संभावनाओं से जोड़कर चर्चा करने लगे। शेष पृष्ठ 11 पर



## पेड़ों को काटने के बजाय घर का हिस्सा बनाने वाले लोग भी हैं




सुनील बादल

**लोग** अपनी सुविधा के लिए घर के बाहर लगे पेड़ों को हटवा देते हैं, ताकि उनकी गाड़ियों को खड़ा करने के लिए जगह बन सके। जबकि एक पेड़ के तैयार होने में वर्षों का समय लगता है। झारखंड की राजधानी बनने के बाद शहरीकरण के लिए लगभग 20 हजार पेड़ काटे गए हैं। जबकि झारखंड की ही 1908 में टाटा की बसाई गई औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में सड़क चौडीकरण या ऐसे किसी शहरीकरण के लिए कभी भी पेड़ काटने की नौबत नहीं आई। भारत में धार्मिक अनुष्ठानों में पेड़ पौधों को बहुत अधिक महत्व दिया जाता रहा है पर दूसरी ओर हम सभी अपनी सुविधा के लिए प्रकृति को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। झारखंड में पेड़ों को राखी बांधने वाले भी हैं और लकड़ी की तस्करी को पेशा बनाने वाले भी।

विश्व के अनेक देशों में ऐसे प्रकृति प्रेमी भी हैं जो पेड़ों को काटकर रास्ता तो क्या घर तक बनाने के लिए काटा नहीं। जबलपुर के रहने वाले केशरवानी परिवार की इसी भावना के कारण बच्चा भी पेड़ वाले घर का रास्ता बता देता है । इस अनोखे घर की चर्चा विदेशों तक है। योगेश केशरवानी और उनकी पत्नी, नीलू केशरवानी के दादाजी के जमाने में इस जगह खपरैल का घर हुआ करता था और यह पीपल का पेड़ उसी समय से यहां खड़ा है। 1990 में योगेश के पिता नए सिरे से घर बनवा रहे थे लेकिन जमीन के बीचों-बीच खड़े पीपल के पेड़ को कटवाकर खूबसूरत घर बनवाने की सलाह मानने के बजाय के बजाय प्रकृति प्रेमी मोतीलाल ने अपने एक सिविल इंजीनियर दोस्त की सहायता से इस तरह से डिजाइन कराया कि इसके सभी कमरों में पेड़ की कोई न कोई टहनी निकलती है जबकि यह घर चार मंजिला है ।योगेश बताते हैं कि घर का निर्माण पेड़ के विकास को ध्यान में रखकर किया गया है। सब जानते हैं कि पीपल का पेड़ कितना ज्यादा फैलता है, इसलिए पहले ही सभी दीवारों में से टहनियों के बाहर निकलने की व्यवस्था की गयी। वह भी ऐसे कि अगर टहनियां कभी आकार में या मोटाई में बढ़े तो न घर को और न ही पेड़ को कोई नुकसान हो।

'आप अगर आकर देखेंगे तो एक बार आपको अचरज लगेगा कि ऐसा कैसे हो सकता है। लेकिन रहते-रहते आपको अंदाजा भी नहीं होगा कि आपके कमरे से कोई पेड़ की टहनी गुजरती है। क्योंकि घर की डिजाइनिंग ही ऐसी है, वे बताते हैं। अमेरिका की तरह हर बड़े कार्य के पूर्व शोध करने के स्थान पर बिहार के जमाने से ही सड़क से लेकर कॉलोनी या बड़े विकास कार्यों में पूर्व के अनुभवों या असफलताओं से सीख लेने के बजाय अंधाधुंध विकास कार्य किए गए जिससे हर राष्ट्रीय या राज्यस्तरीय राजमार्ग से लेकर कल-कारखाने तक के निर्माण में हजारों या लाखों पेड़ काटे गए । हाल में झारखंड सरकार ने शहरी क्षेत्र में पांच पेड़ लगाने पर 25 यूनिट शेष पृष्ठ 11 पर



## प्रधानमंत्री ने इजराइल के राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में कॉप 28 शिखर सम्मेलन के मौके पर इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जाग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने क्षेत्र में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमलों में लोगों की मौत पर संवेदना व्यक्त की और बंधकों की रिहाई का स्वागत किया। प्रधान मंत्री ने प्रभावित आबादी के लिए मानवीय सहायता की निरंतर और सुरक्षित डिलीवरी की आवश्यकता दोहराई। उन्होंने दो राज्य समाधान और बातचीत व कूटनीति के माध्यम से इजराइल फिलिस्तीन मुद्दे के शीघ्र और स्थाई समाधान के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति हर्जोग ने भारत की जी20 अध्यक्षता की सफलता पर प्रधानमंत्री को बधाई दी और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के शुभारंभ का स्वागत किया।



## गागर में सागर

### रोमांचक मुकाबले में जपला ने सुपहा को 3-1 से हराया



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को जपला का सामना सुपहा से हुआ। दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें दो-दो गोल की बराबरी पर रहीं। उसके बाद पेनाल्टी शूटआउट से निर्णय लिया गया। जिसमें जपला की टीम ने मुकाबला 3-1 से अपने नाम कर लिया। दर्शकों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जोरदार तालियों के साथ उनका उत्साहवर्द्धन किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि किसान ब्रिगेड हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष भोला पासवान ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मुकाबले का शुभारंभ किया। मैदान में उपस्थित कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फुटबॉल की तरह जिन्दगी में भी लक्ष्य पता रहने पर ही उसे भेदा जा सकता है। मौके पर पंसस बद्रीनारायण सिंह, पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, नेहाल मिर्जा, राजेश सिंह, बनारसी मेहता,विनय सिंह, बाबू रजनीश , बीपी सिंह, एसएम अकरम, इसरार अहमद ,प्रह्लाद ठाकुर, भीम आदि उपस्थित थे। शनिवार का मैच कुकही बनाम पतरिया के बीच खेला जाएगा।

### मामला छतरपुर डिविजन का, पुलिस कर रही जांच

# एक्सईएन ने जेई के खिलाफ विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने हरिहरगंज थाना में अपने ही विभाग के कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद के खिलाफ अपने पद का दुरुपयोग कर विद्युत चोरी करने तथा झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिक दर्ज कराई है। इस मामले में शहरी क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी उपभोक्ता शंभू कुमार को भी आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार गत 22 नवंबर को रामपुर निवासी शंभू कुमार को विद्युत चोरी के आरोप में हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 142 दर्ज कराई गई थी। उनका कनेक्शन भी विच्छेदित कर दिया गया था। 28 नवंबर को अनिल कुमार सिंह द्वारा मानव दिवस कर्मी नीतीश कुमार तथा उमेश विश्वकर्मा को शंभू कुमार का लाइन जोड़ने के लिए कहा गया। जिस पर मानव दिवस कर्मियों ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इसके बाद कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद द्वारा उक्त कनेक्शन को जोड़ने के लिए शहरी फीडर का 11 केवीए लाईन का स्वयं शटडाउन लेकर दिया गया, जो झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के नियम के विरुद्ध है। उक्त सूचना पर कार्यपालक अभियंता द्वारा टीम गठित कर मामले की जांच कराने पर आरोप सत्य पाया गया। जांच के दौरान कार्यपालक अभियंता के अलावा मानव दिवस कर्मी नीतीश कुमार, सहनोद आलम, रोहित कुमार, बृजेंद्र पासवान, रियाजुद्दीन अंसारी, उमेश विश्वकर्मा, जावेद आलम, अजय कुमार मेहता, साजन कुमार, कुशल श्रमिक सुरेश मेहता तथा पुलिस बल उपस्थित थे। हरिहरगंज के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि एक्सईएन की शिकायत पर जेई के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।



### पथ निर्माण विभाग के पास सर्वे व डीपीआर के लिये वर्ष 2019 से लटकी है संचिका

# हैदरनगर-पंसा मुख्य पथ के निर्माण को सीएम को दिया मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आपकी योजना-आपकी सरकार कार्यक्रम में मेदिनीनगर आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मंत्री मिथलेश ठाकुर को युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने मांग पत्र सौंप कर अति महत्वपूर्ण पंसा-हैदरनगर जर्जर सड़क का अविलंब निर्माण कराये जाने की मांग की है। इसमें जिला पार्षद अंजू देवी, मुखिया अबनसर सिद्दीकी, विकास सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने मांग को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उक्त सड़क का यथाशीघ्र निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इस पथ से दो दर्जन से अधिक राजस्व गांवों के ग्रामीणों का आवागमन होता है। लंबे समय से अत्यंत जर्जर होने के कारण उक्त मार्ग से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उक्त पथ से ही उत्तर कोयल नदी पर बना राज्य का अति महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय पुल से होकर गढ़वा जिला क्षेत्र होते छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश आदि राज्यो में जाने में काफी सहुलियत होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में ही पथ निर्माण विभाग को सर्वे व डीपीआर तैयार कर केंद्रीय निरुपण संगठन पथ निर्माण विभाग झारखंड रांची में तकनीकी स्वीकृति के लिये जमा है। ज्ञात हो कि गत माह ही उक्त पथ के निर्माण के लिये प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने गांव-गांव में हस्ताक्षर अभियान व मानव श्रृंखला बनाकर अपनी मांगों को सरकार तक आवाज बुलंद करने का कार्य किया है। इस मौके पर जिला पार्षद अंजू देवी, झामुमो के जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह मौजूद थे।



## आंख जांच कराने आई वृद्धा की हार्ट अटैक से मौत, लोगों ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय अर्बन अस्पताल में लगे मोतियाबिंद शिविर में आंख जांच कराने पहुंची एक वृद्ध महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के सड़ेया गांव के टोला मिर्चिया निवासी रामगुलाम राम की 67 वर्षीय पत्नी राधिका देवी शुक्रवार को हुसैनाबाद अर्बन अस्पताल परिसर में डीबीसीएस पलामू एवं राधालक्ष्मी ट्रस्ट द्वारा आयोजित मोतियाबिंद शिविर में आंख जांच कराने आईं थीं। जहां अचानक वे गिरकर बेहोश हो गई। वहीं चिकित्सक ने देखने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि उक्त वृद्धा अपना रजिस्ट्रेशन कराने के उपरांत परिसर में बैठकर अपने घर के सदस्यों के आने का इंतेजार कर रही थी। तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। इसकी सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं भाजपा नेता अशोक सिंह,राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डा. अखिलेश गुप्ता ने अस्पताल पहुंचकर शोक व्यक्त किया है। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं करवाने की बात कहकर शव को वापस अपने गांव ले गए।

### स्वास्थ्य उपकेन्द्र उदघाटन के साथ ही 37 रोगियों का उपचार

**हैदरनगर।** प्रखंड के सुदूरवर्ती मोकहर कला पंचायत के करीमनडीह में नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का उदघाटन शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बीपीएम विभूति कुमार, प्रतिनियुक्त एएनएम सुमित्रा कुमारी, एमपीडब्ल्यू , नेत्र जांच सहायक दयानंद व राहुल सिंह, बीएएम राजीव रंजन पाल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में कुल 37 रोगियों की इलाज कर इस केन्द्र को प्रारंभ कराया है। इसमें 12 नेत्र रोगी शामिल हैं। उन्होंने इस केन्द्र को गतिमान देने में कर्तव्यों को पालन करते हुए विशेष भूमिका निभाने का निर्देश दिया।

### पूर्व मंत्री ने धावाडीह दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू की विकास परामर्श यात्रा

# पलामू, गढ़वा, लातेहार व चतरा के विकास का ब्लू प्रिंट तैयारः केएन त्रिपाठी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र धावाडीह में मां दुर्गा मंदिर के प्रांगण से शुक्रवार को कांग्रेस द्वारा विकास परामर्श यात्रा की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि पलामू ,गढ़वा, लातेहार व चतरा जिले को मिला कर विकास का एक ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है। जिससे पूरे प्रमंडल का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चतरा लोक सभा क्षेत्र में पांच माह में 238 पंचायत क्षेत्र का दौरा किया जा चुका है। जबकि यहां के सांसद पांच साल में भी क्षेत्र में नहीं पहुंचते हैं। इसका कारण है कि भाजपा बाहर से किसी व्यक्ति को लाकर सीधे उतार देती है। उन्होंने कहा कि वे कहीं भी किसी भी समस्या को लेकर संघर्ष के लिए हमेशा 24 घंटे तैयार रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व पलामू लोक सभा क्षेत्र के भवनाथपुर के 3000 मजदूर बोकारो में कई दिनों से धरना पर बैठे थे। कोई सुनने वाला नहीं था। जानकारी मिलने पर वे तुरंत वहां गये एवं विरोध के दौरान लाठी भी खाई। जब भी मौका मिला मलय नहर की पक्कीकरण का कार्य करवाया। फिर अगर मौका मिला तो क्षेत्र की आवाज संसद में गूंजेगी। मनिका के सुकरी नदी को बांध कर मलय डैम में मिलाया जायेगा। सभी नदियों में प्रत्येक एक किमी पर एक चेक डैम बनेगा तथा लिफ्ट इरीगेशन के जरिए दोनों तरफ सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था की जाएगी। पांकी के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह भी मौजूद रहे।

### जपला मुख्य डाकघर में उप डाकपाल को दी गई विदाई

**हुसैनाबाद।** प्रमंडल के जपला मुख्य डाकघर में एक समारोह आयोजित कर उप डाकपाल विक्रम कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। मालूम हो कि विगत फरवरी माह में डाक विभाग द्वारा डाक निरीक्षक पद के लिये आयोजित परीक्षा में विक्रम कुमार उत्तीर्ण हुए थे। उनका डाक निरीक्षक के पद पर बरही में योगदान करने का पत्र प्राप्त होते ही उन्हें उप डाकपाल के पद से विरमित कर दिया गया। उन्होंने अपना प्रभार रंजीत कुमार को दिया है। इस अवसर पर डाक कर्मियों एवं अभिकर्त्ताओं ने एक समारोह आयोजित कर उन्हें बुके,अंगवस्त्र व शाल देकर विदाई दी। इस मौके पर डाक निरीक्षक सुमन कुमार सामंता व अरविन्द कुमार ओझा ने कहा कि विक्रम जी का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। देवेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विक्रम जी अपने कार्यकाल में अपनी मेहनत व लगन से हमेशा उच्च पद प्राप्त करें। मौके पर रंजीत कुमार, पप्पू कुमार, संतोष टुडू, शशि कुमार, भोला कुमार, रवि कुमार, श्रवण कुमार, डा. शिवकुमार विश्वकर्मा, अमित कुमार, प्रभाकर, रामकृष्ण मिश्रा, रंजीत सिंह,सौरभ कुमार, संतोष ठाकुर, सुधीर ठाकुर, राजकुमार सहित सभी अभिकर्त्ता व डाककर्मी मौजूद थे।

### खड़गपुर मुखिया व ग्रामीणों से सीएम ने किया संवाद

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुदूरवर्ती खड़गपुर पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पलामू दौरे पर आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंचायत के मुखिया काजल कुमारी से ऑनलाइन संवाद स्थापित किया। इस दौरान मुखिया ने बताया कि अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर ग्रामीणों की अधिक भीड़ है। सीएम ने संवाद के दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर मौजूद सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। जहां सैकडों लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। इनमें से कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया गया। लाभुकों को पेंशन की स्वीकृति, धोती-साड़ी व कंबल वितरण तथा विद्यार्थियों को सायकिल हेतु राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ रवि कुमार, एसडीओ हीरा कुमार, सीओ जामुन रविदास, एलआरडीसी विजय केरकेट्टा, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, सीआई प्रगति प्रकाश, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी आदि मौजूद रहीं। सीएम से संवाद कर ग्रामीण खुशी से फूले नहीं समाये।

### पीडीएस डीलर संघ की बैठक आयोजित



**पाटन।** पीडीएस डीलर संघ की बैठक पाटन मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने की। बैठक में एक दिसम्बर से सरकार के विरोध में काला बिल्ला लगाकर वितरण का काम करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान18 महीने के लंबित कमीशन के तत्काल भुगतान किये जाने की आवाज बुलंद की गई। बैठक में एक जनवरी 2024 से अपनी मानदेय को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया । बैठक को सम्बोधित करते हुए पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने कहा कि डीलर संघ के राष्ट्रीय महासचिव विश्वंभर बसु के आह्वान पर पूरे भारत में एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा। अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने कहा कि राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा डीलरों को केवल आश्वासन दिया जाता रहा है। लेकिन डीलरों को कमीशन मानदेय आज तक कुछ नहीं दिया गया। डीलर को सरकार ने बंधुआ मजदूर बना कर रख दिया है। बैठक में पीडीएस डीलर धनंजय पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, शारदा सिंह, प्रीतम तिवारी, सबीनदर उपाध्याय, मनीष कुमार साव, सतीश कुमार ठाकुर, गिरजा मेहता उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

### ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 03/2023-24/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 30.11.2023

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/4/2023-24 | ग्राम डीही से मुनुगदाग भाया बंदरलौरिया मेन रोड बुढ़ी सखुआ तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 6.000 कि0मी0) | 656.998 | छः करोड़ छप्पन लाख निनानवे हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 15 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR/5/2023-24 | ग्राम कल्याणपुर से डेमू गेट भाया शीशी तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 5.750 कि0मी0) | 634.722 | छः करोड़ चौंतिस लाख बहत्तर हजार दो सौ रूपये मात्र। | 15 माह |
| 3 | RWD/LATEHAR/6/2023-24 | पी0डब्लू0डी0 रोड धरमपुर मोड़ से केन्दु भाया तुम्बाखुट्टा पथ तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 2. 600 कि0मी0) | 236.880 | दो करोड़ छतीस लाख अठासी हजार रूपये मात्र। | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.12.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 22.12.2023 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 312396 (REO) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 14/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 29.11.2023

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काण्डी | RWD/GARHWA/STPKG/14/2023-24 | 1 | मुख्य पथ महुआधाम से आशनखांड़ होते हुए कवलदाग मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.26 कि0मी0) | 1041.673 | दस करोड़ एकतालीस लाख सड़सठ हजार तीन सौ रूपये। | 09 महीना |
| | काण्डी | | 2 | जतरो पतरीया से सिवरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.70 कि0मी0) | | | |
| | काण्डी | | 3 | बहेरवा मोड़ से रतनगढ़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.00 कि0मी0) | | | |
| | बरडीहा | | 4 | असनजरही मदरसा चौक से खरडीहा होते हुए सुखनदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.10 कि0मी0) | | | |
| 2 | भवनाथपुर | RWD/GARHWA/STPKG/15/2023-24 | 5 | कैलान मुख्य पथ से मंगरदह टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.60 कि0मी0) | 1190.206 | ग्यारह करोड़ नब्बे लाख बीस हजार छः सौ रूपये। | 09 महीना |
| | भवनाथपुर | | 6 | कोणमंडरा से दूबे टोला को जोड़ते हुए धनीमंडरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.90 कि0मी0) | | | |
| | भवनाथपुर | | 7 | अरसली पंचायत सचिवालय से अमीरगंज, केरवा, अरसली बस्ती होते हुए लामी (वन सीमा) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.95 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.12.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 312485 Rural Work Department (23-24)_D

## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 06/2023–24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में मार्च 2024 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 08.12.2023 को अप0 03.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर हाट/ बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बोली/डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www. garhwa. nic. in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 08.12.2023 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 08.12.2023 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर।

PR 312488 (Urban Development) 23-24 (D)

## कार्यपालक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13/2023-24

नागरिक सुविधा मद

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (Online) | परिमाण विपत्र की राशि (Online) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेण्टी–फिकेशन न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of RCC Drain and Slab from NH 75 to House of Sugi Saw (Part-1) | 13 | 2383500.00 | 47700.00 | 5000.00 | 03 माह | NPSBN/NIT-13/2023-24_1 |
| 2 | Construction of RCC Drain and Slab from NH 75 to House of Sugi Saw (Part-2) | 13 | 2383500.00 | 47700.00 | 5000.00 | 03 माह | NPSBN/NIT-13/2023-24_2 |
| 3 | Construction of RCC Drain and Slab from Old DAV School to NH 75 (Part-1) | 13 | 2013000.00 | 40300.00 | 5000.00 | 03 माह | NPSBN/NIT-13/2023-24_3 |
| 4 | Construction of RCC Drain and Slab from Old DAV School to NH 75 (Part-2) | 13 | 1024900.00 | 20500.00 | 5000.00 | 03 माह | NPSBN/NIT-13/2023-24_4 |
| 5 | Construction of RCC Drain and Slab from House of Chandan Goswami to Banki River | 14 | 1571600.00 | 31500.00 | 5000.00 | 03 माह | NPSBN/NIT-13/2023-24_5 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.11.2023 |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड प्रारंभ की तिथि एवं समय | 30.11.2023 अप0 04:00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2023 अप0 03:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि एवं समय | 16.12.2023 अप0 03:00 बजे। |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 6 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 | 8294763962 |

Note :– Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Govt. of Jharkhand (Letter 120, Dated 03-10-2023)

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 312491 Urban Development(23-24)#D

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री को कार्यकर्ता की जगह जनता सम्मेलन करने की जरूरत: कौशल किशोर

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री यदि सही मायने में जन समस्याओं से रूबरू होना चाहते हैं तो उन्हें बंद कमरे में नहीं खुले मैदान में जनता के बीच जाकर सम्मेलन करना चाहिए। तब जाकर उन्हें आमजन की वास्तविक समस्याओं की जानकारी हो पायेगी। आम आदमी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी कौशल किशोर बच्चन ने उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि पलामू के लिए हेमंत सरकार ने कुछ काम नहीं किया है। यही कारण है कि वे बार-बार पलामू का दौरा कर रहे हैं। पलामू को उप राजधानी बनाने संबंधी सीएम के आश्वासन की दिशा में भी अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। रोजगार की तलाश में पलामू से हो रहे पलायन को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। किसानों के पास खेत है, लेकिन खेत में पानी नहीं। इससे किसानों की कमर टूट गई है। आवश्यकता है हवा-हवाई दावों की जगह धरातल पर काम करने की।

### युवाओं के रोजगार के प्रति सरकार गंभीर नहीं: आनंद कुमार

**मेदिनीनगर।** प्रशिक्षित शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश महासचिव आनंद कुमार ने प्रदेश सरकार के विकास के दावे व बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार देने के दावे को झूठ का पुलिंदा करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पलामू सहित अन्य स्थानों पर बांटे गए नियुक्ति पत्र में बहुत बड़ झोल हुआ है। बिना काम के व समय समाप्त होने के बाद केवल अखबार की सुर्खियां बटोरने के लिए रोजगार देने का ढिंढोरा पीटा गया है। जबकि स्थिति बिल्कुल उलट है। आलम यह है कि सत्ता मिलने के चार वर्ष बीतने के बाद भी जेटेट परीक्षा का भी आयोजन नहीं किया जा सका है। पूर्व की सरकार में निकाले गए कुछ भर्तियों की परीक्षा लेने के अलावा इनकी कोई उपलब्धि नहीं है। पूरे राज्य में अफसरशाही हावी है।

### रजहारा पंचायत में आपकी सरकार कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के रजहारा पंचायत सचिवालय प्रांगण में शुक्रवार को आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुखिया चंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख विद्या देवी, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद,उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, विधायक प्रतिनिधि रामरेखा चंद्रवंशी, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजबली महारा,मनरेगा बीपीओ चंद्रशेखर कुमार, पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी, उपमुखिया अशोक चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन विकास पांडे ने किया। शिविर के दौरान मुख्य अतिथि बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से मनरेगा योजना से 15 सिंचाई कुप, दिव्यांग पेंशन-3, दीदी बाड़ी पोषण वाटिका अंतर्गत-10, कंबल 120, धोती-साड़ी 5 आदि परिसंपत्तियों का ऑन स्पॉट लाभुकों के बीच वितरण किया गया। मौके पर प्रधान सहायक सुधीर कुमार, कनीय अभियंता लव कुमार,राजू पासवान,पंचायत सचिव सरजु यादव, शिवकुमार यादव, मनोज कुमार, लवकुश दुबे,जेएसपीएल बीपीएम वैभव कांत आदर्श,कृषि विभाग एटीएम सुनैना कुमारी,आशीष कुमार, अंजना रानी उपस्थित रहीं।

### बाइक दुर्घटना में सब्जी विक्रेता की मौत

**पाटन।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सहदेवा गांव के 30 वर्षीय युवक नागेन्द्र रजक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जाता है कि नागेन्द्र अपने गांव से शुक्रवार भोर में चार बजे अपनी बाइक पर सब्जी लादकर मेदिनीनगर सब्जी हाट जा रहा था। इसी दौरान धनगाई गांव बंका नदी पुल पर असंतुलित होकर बाइक गिर गई। इससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक को एक नाबालिक लड़का है। घटना स्थल पर ओपी प्रभारी नीरज कुमार ने पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम मेदिनीनगर मेडिकल में कराकर परिवारजनों को सौपा। युवक के आकस्मिक निधन से गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

## नवीन मेल के कैमरे ने देखा सीएम का कार्यक्रम








### 'समुदाय को नेतृत्व करने दें' थीम पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# सीएम को रेड रिबन लगा एड्स जागरूकता अभियान की शुरूआत

### एचआईवी वायरस इफेक्ट होने से यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है कि वह मरीज एड्स पीड़ित है: डा. स्नेहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस स्टेडियम में शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान विश्व एड्स दिवस पर फर्ज लक्षित हस्तक्षेप परियोजना आईसीटीसी सदर हॉस्पिटल द्वारा एड्स जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। परियोजना की ओर से महिला कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता को रेड रिबन लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार एवं उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को रेड रिबन लगाया गया। इसके पश्चात टेंपो स्टैंड में ड्राइवरों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके बाद योध सिंह नामधारी महिला डिग्री कॉलेज के प्रांगण में एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की सहायक अध्यापिका डा. मशरीक जहां एवं डा. मिनी टुडू ने की। परियोजना प्रबंधक आलोक कुमार सिंह ने एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम 'समुदाय को नेतृत्व करने दें' रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम व्यक्तिगत उपलब्धियां बताने के बजाय समुदाय को सशक्त बनाने का है। महिलाओं को जागरूक करने से समाज जागरूक होता है। एचआईवी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए एवं एचआईवी दर को कम करने के लिए महिलाओं का जागरूक होना अति आवश्यक है। परियोजना निदेशक स्वर्ण लता रंजन ने एचआईवी के मुख्य कारण के ऊपर प्रकाश डाला। एसटीआई काउंसलर तनुजा सिन्हा ने महिलाओं से संबंधित रोगों की जानकारी दी। डा. स्नेहा एआरटी सदर हॉस्पिटल ने बताया कि एचआईवी वायरस इफेक्ट होने से यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है कि वह मरीज एड्स पीड़ित है। जब तक कि वह किसी बीमारी की चपेट में नहीं आता है। इसलिए हम जो एचआईवी पीड़ित व्यक्ति हैं, उन्हें पीएलएचआईवी कहते हैं। काउंसलर चंदन प्रभाकर ने एचआईवी संक्रमित आंकड़ों के बारे में जानकारी दी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा, कृष्णा मोहन शाही, उदय प्रसाद, अमित कुमार एवं राजिया नियाजी आदि मौजूद थे।



### सीएम ने आमजन के साथ जनप्रतिनिधियों से किया सीधा संवाद

स्थानीय पुलिस स्टेडियम में शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत कर रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिले के कई प्रखंड के पंचायतों की जनता व जनप्रतिनिधियों से ऑनलाइन संवाद स्थापित कर क्षेत्र की समस्याओं के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से जनता को मिल रहे लाभों की जानकारी ली। इस दौरान सीएम ने हरिहरगंज प्रखंड के खड़गपुर, पांकी के पकरिया एवं हुसैनाबाद प्रखंड के बड़ेपुर पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे मुखिया, ग्रामीण व छात्राओं से सीधी बात की। इस दौरान छात्राओं ने साईकिल की राशि मिलने पर खुशी व्यक्त की तो मुखिया ने बताया कि अबुआ आवास के स्टॉल पर सर्वाधिक भीड़ लगी है। सीएम ने हरहाल में सरकार की योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंदो को दिलाने की बात कही। कहा कि कोई भी बृद्ध पेंशन की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे इसकी संबंधितों को सख्त हिदायत दी गई है।

### पलामू के भाजपा विधायकों को जनता से कोई लेना-देना नहीं है: मिथिलेश ठाकुर

झारखण्ड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पलामू के भाजपा विधायकों को जनता से कोई लेना-देना नहीं है। पलामू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम जनता से सीधे जुड़ा हुआ है। इस कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण जिले के सभी विधायकों को दिया गया था, लेकिन कोई विधायक नहीं पहुंचे। जबकि बिना राजनीति किये उन्हें कार्यक्रम में शामिल होकर जन समस्याओं को रखना चाहिए था। मंत्री श्री ठाकुर शुक्रवार को स्थानीय पुलिस स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के विधायक हर चीज को पार्टी व राजनीति से जोड़कर देखते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जब राज्य की सत्ता में थी तो राजनीति के लिए कार्यक्रम किया जाता था। जबकि हेमंत सरकार जनता के फायदे के लिए कार्यक्रम कर रही है। इससे जनता की समस्याओं का न सिर्फ समाधान हो रहा है, बल्कि जनता के विकास का सपना भी पूरा हो रहा है।

### सीएम से मिलकर बेहद खुश थीं छात्राएं

शहर के पुलिस स्टेडियम में शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत कर रहे सूबे के मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया. इस दौरान सीएम श्री सोरेन जब शिक्षा विभाग के स्टॉल पर पहुंचे तो पंक्तिबद्ध खड़ी सरकारी स्कूल की छात्राओं ने पूरे गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान स्कूली छात्राएं 'गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट के लिए बहुत बहुत आभार' लिखा कार्ड बोर्ड ले रखी थीं। सीएम ने जब छात्राओं से हाथ मिलाकर पढ़ाई के प्रति उत्साह वर्धन किया तो छात्राएं बेहद खुश दिखी। सीएम ने अन्य विभागों के भी स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं के संचालन की जानकारी ली। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख एवं मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत डीसी, एसपी व विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 48 मिनट के संबोधन में सीएम ने लिया आड़े हाथ

# टीना का चश्मा पहने हैं विपक्षी, नहीं दिखता विकास: सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने 48 मिनट के संबोधन में सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्षी दलों को जमकर आड़े हाथ लिया। उनकी विपक्षियों पर कसा गया तंज कि वे टीना का चश्मा पहने हुए हैं। इसलिए उन्हें प्रदेश में हो रहा विकास कार्य नहीं दिखता। हेमंत सोरेन यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने एक और घटना का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि आज सुबह सर्किट हाउस में उनसे एक महिला नेत्री मिलने के लिए आईं। उन्होंने महिला नेत्री का नाम तो नहीं लिया, लेकिन यह संकेत अवश्य दिया कि पलामू से संबंध रखने वाली वे विपक्ष से ताल्लुक रखती हैं। सीएम ने कहा कि उन्होंने शिकायत व मांगों से संबंधित आठ-नौ पन्नों का दस्तावेज उन्हें सौंपा। मैंने उनसे अनुरोध किया कि आज आपके शहर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का कार्यक्रम है। मैं भी इसी कार्यक्रम के लिए आया हूं। आप भी आ जाएं। वहीं सभी समस्याओं का आन स्पाट निराकरण हो जाएग। उन्होंने हाथ जोड़कर अपनी असमर्थता जताई व कहा कि वे जिस पार्टी से आती हैं। उस पार्टी ने मना किया है। सीएम ने आश्चर्य जताते हुए कहा यह कैसा विपक्ष है। जो जनता की समस्याओं का निराकरण होते हुए नहीं देख पा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार हर दिशा में हर तबके के लिए काम कर रही है। अब यदि कोई चश्मा सही नहीं पहने या टीना का चश्मा पहने तो फिर बात ही क्या करनी है।



### नाकामयाबी को छिपाने का माध्यम है सरकार की यात्रा: अविनाश वर्मा

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड सरकार द्वारा पुनः शुरू किए गए आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम पर तंज कसते हुए इसे अपनी नाकामयाबी छिपाने का हथियार करार दिया है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भी सरकार द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मगर आज तक उसकी प्रासंगिकता नगण्य रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से सरकारी खजाने पर अनावश्यक बोझ के साथ प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग तो होता ही है। जिले में चलने वाले दैनिक कार्यों में अवरोध भी उत्पन्न होता है।

### पांच दिसंबर को कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय समारोह होगा शुरू

# श्रीराणी सती दादी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा चौक स्थित नव निर्मित श्रीराणी सती मंदिर में विभिन्न देवी-देवताओं की पुर्न प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी जोरों पर है। इसके लिए आयोजित पांच दिवसीय समारोह की शुरूआत 5 दिसंबर को विशाल कलश यात्रा के साथ की जाएगी। समारोह के दौरान जहां श्रीराणी सती दादी, शीतला माता व बालाजी महाराज की प्रतिमा की जहां पुर्न प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। वहीं तीन गुंबद वाले विशालकाय मंदिर में गणेश भगवान के साथ 12 सतियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्री अग्रसेन भवन से निकलने वाली कलश यात्रा में समाज की 108 महिलाएं कलश में जल लेकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रेड़मा चौक स्थित श्रीराणी सती मंदिर पहुंचेंगी। छह दिसंबर को पटना से आईं गायिका पूनम मोर द्वारा श्रीराणी सती का मनोरम मंगला पाठ किया जाएगा। सात दिसंबर को कोलकाता की गायिका स्वाति अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आठ दिसंबर को श्रीराणी सती दादी व अन्य प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया जाएगा। नौ दिसंबर को प्राण प्रतिष्ठा के बाद वृहद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समारोह का नेतृत्व रांची के आचार्य श्याम सुंदर दास जी महाराज करेंगे। इस दौरान एक कुंडीय यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया जाएगा। श्री राणी सती सेवा समिति के पदाधिकारी तन्मयता पूर्वक कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हैं।

**नव निर्मित मंदिर में विघ्नहर्ता के साथ 12 सतियों की होगी प्राण प्रतिष्ठा**

#### 12 सतियों के नाम

समारोह के दौरान श्रीराणी सती दादी के साथ जिन 12 सतियों की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उनके नाम सीता सती, महादेई सती, मनोहरी सती, मनभावनी सती, यमुना सती, ज्ञानी सती, पूरा सती, विरागी सती, जीवणी सती, टीला सती, बाली सती, गुजरी सती हैं।

#### 1953 में स्थापित हुई थी श्रीराणी सती मंदिर

श्रीराणी सती सेवा समिति के कोषाध्यक्ष संदीप केजरीवाल व सदस्य मनीष भिवानिया ने बताया कि मंदिर का निर्माण 1953 में स्व. बिहारी लाल तुलस्यान द्वारा दान की गई भूमि पर हुआ था। जिसे विस्तार देते हुए भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। मंदिर पर नक्काशी का कार्य राजस्थान के कलाकारों ने की है।

## उपलब्धि

### अगले वर्ष बैंकाक में होगा कार्यक्रम

# ग्लोबल स्पाइन कांग्रेस में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे पलामू के डा. अरुण कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** हुसैनाबाद निवासी न्यूरोसर्जन डा. अरुण कुमार थाइलैंड की राजधानी बैंकाक में आयोजित ग्लोबल स्पाइन कांग्रेस में शोध पत्र प्रस्तुत कर पलामू का नाम रोशन करेंगे। उक्त कार्यक्रम मई 2024 में आयोजित किया जाएगा। रांची के सेम्फोर्ड हॉस्पिटल में सीनियर न्यूरोसर्जन के पद पर कार्यरत डा. अरुण कुमार इससे पूर्व भी कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। बताते चलें कि डा. कुमार का न्यूरो में उनका 15 वर्षों से ज्यादा समय का अनुभव रहा है। अपने गृह जनपद पलामू से प्रारंभ से ही उनका विशेष लगाव रहा है। यही कारण है कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को मेदिनीनगर शहर के सदर हॉस्पिटल रोड स्थित नेशनल हेल्थ केयर अस्पताल में अपनी सेवा देते हैं। साथ ही वैसे मरीज जिनको न्यूरो से संबंधित बीमारी में सर्जरी की जरूरत पड़ती है। उसका रांची के सेम्फोर्ड हॉस्पिटल में न्यूनतम खर्चे पर इलाज करते हैं। राजधानी रांची के कोकर चौक स्थित सेम्फोर्ड मल्टी सुपर स्पेशीलिटी अस्पताल में एक छत के ही नीचे विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है। डा. कुमार की उपलब्धि से जनपद वासियों में हर्ष व्याप्त है।



## गागर में सागर

### विश्व एड्स दिवस पर छात्राओं को इस बीमारी के बारे में किया गया जागरूक



**श्री बंशीधर नगर।** राजकीयकृत अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स बीमारी की सावधानियां और बचाव के बारे में कक्षा 6 से कक्षा 10 तक की छात्राओं को जागरूक किया गया। विद्यालय के आरोग्य दूत प्रमोद कुमार एवं जयंती कुमारी ने किशोरों और किशोरियों को बताया कि एड्स, एचआईवी वायरस के कारण होने वाली बीमारी है। ये आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाकर, एचआईवी वायरस शरीर के संक्रमण और बीमारी से लड़ने की क्षमता को काफी कमजोर कर देता है। यह यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) के अलावा संक्रमित रक्त के चढ़ाने, संक्रमित व्यक्ति को लगे इंजेक्शन के उपयोग से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से इसके बच्चे में भी होने का खतरा देखा जाता रहा है। कार्यक्रम को तकनीकी सहयोग सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (उ3),के कार्यक्रम अधिकारी आकाश कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक प्रकाश चंद सोनी, जया कुमारी, ममता लता आदि शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। वहीं विद्यालय की छात्राएं मारिया, कुमकुम, काजल, सावित्री, अंजलि, एकता, रुचिका, सहाना, ममता, नम्रता, अदिति, रिमझिम आदि छात्राओं ने भाग लिया और इस पर अपने विचार व्यक्त किये।

### डंडई प्रखंड के वेंडरों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी की बैठक 4 को

**डंडई।** बीडीओ राहुल कुमार सानू ने 4 दिसंबर को प्रखंड भर के वेंडरों की बैठक बुलाई है। इस संबंध में जारी पत्र में उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ सभी वेंडरों को बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया है। साथ ही बैठक से अनुपस्थित रहने वाले वेंडरों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात भी पत्र के माध्यम बीडीओ द्वारा कही गई है। वहीं आयोजित बैठक में कागज पर चल रही वेंडरों की दुकान पर भी चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही नियम को ताक पर रखकर वेंडर बनाए गए प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि के पतियों के खिलाफ भी बैठक के दौरान कार्रवाई होने का अंदेशा लगाया जा रहा है।

### गृहरक्षक की मृत्यु पर शोक की लहर

**रमना।** सिलिदाग पंचायत के विद्यालय टोला निवासी गृहरक्षक हवलदार 57 वर्षीय मटुकी राम का निधन



गुरुवार को दोपहर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सिलिदाग स्थित गड़गड़वा नदी तट के शमशान घाट पर किया गया। मटुकी राम अपने समाज को आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित करते थे और समाजिक समस्या को दूर करने के लिए सदैव तैयार रहते थे। उनकी असमय मृत्यु से लोग आहत हैं। इनकी मृत्यु पर मुखिया अनीता देवी ने परिजनों से मिलकर ढांधस बढ़ाया।

### हाजी ने बच्चों के बीच बांटा कंबल

**मंझिआंव।** जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के सरपरस्त हाजी अशफाक खान की ओर से मदरसा मंजुरूल उलुम कामत में अध्ययनरत बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मदरसा के प्रिंसिपल कारी साफिर साहब और मदरसा में कार्यरत सभी शिक्षकद्व जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के सदस्य- मसीहुद्दीन खान, मीडिया प्रभारी- शाहबाज खान, उपसंयोजक- शादाब सर मौजूद थे।

### स्थानांतरण पर जेई को दी गई विदाई

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगराखांड के जिरहुल्ला में बने सरकारी डिग्री कॉलेज की कंस्ट्रक्सन कंपनी के जेई दिलीप कुमार के स्थानांतरण पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। मौके पर जेई दिलीप कुमार ने कहा कि भवनाथपुर में रह कर कंस्ट्रक्सन साइड को पूर्ण कराना ग्रामीणों के विश्वास को जितना है।तीन वर्षो से यहां रहकर सरकारी डिग्री कॉलेज को पूर्ण कराने की जो जिम्मेवारी मुझे मिली थी, उसे पूर्ण करने में मैंने अपना शत प्रतिशत योगदान दिया। इस दौरान मेरा ग्रामीणों के साथ मेरा परिवार की तरह रिश्ता जुड़ गया था, जिसे निभाना मेरा कर्तव्य है। मौके पर ग्रामीण राकेश कुमार मेहता, विनय प्रजापति, सुनील मेहता, अवधेश यादव, सुरेंद्र मेहता, अनय मेहता, शिवनंदन मेहता, निरंजन पाठक, धर्मजीत यादव, छोटेलाल प्रजापति समेत अन्य महिला पुरुष मौजूद थे।

## श्री बंशीधर नगर प्रखंड में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त हुए 1601 आवेदन, सर्वाधिक 1186 आवास के

# 354 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के चितविश्राम ग्राम स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, बीडीओ विकास कुमार सिंह, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, मुखिया सनिधा सोनी ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर देव ने कहा कि पंचायत के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिये प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अधिकारी स्वयं पंचायत में जाकर ग्रामीणों की समस्या सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास, आयुष्मान कार्ड, सावित्री बाई फुले, पेंशन सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। वहीं चौबे ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा जो भी योजना चलाई जा रही है आप सभी लोग उसका लाभ जरूर उठायें। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल



लगाये गये थे। सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1601 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 354 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 1247आवेदन लंबित रहे। जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये उनमें अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 1186, आयुष्मान कार्ड के लिए 56, 15वें वित्त आयोग के 4, मनरेगा नया जॉब कार्ड के लिये 74, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 56, धोती, साड़ी व लुंगी वितरण के 10, कंबल वितरण के 13, सर्वजन पेंशन के 18, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 4, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के 21, आधार पंजीकरण के 12, स्वच्छता व पेयजल के 16, श्रमधन पोर्टल पर पंजीकरण के 53, आजीविका मिशन के 15, कल्याण विभाग के 2, स्वास्थ्य जांच के 47, मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए 1, बिरसा सिंचाई कूप के लिए 5, शिक्षा विभाग से संबंधित 4 आवेदन शामिल थे। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ कैसर आलम, जिपस पति प्रमोद कुमार, बीडीसी मृदुला द्विवेदी, कृषि विभाग बीटीएम विजय यादव, प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह, जेएसएलपीएस कार्यक्रम प्रबंधक धनंजय कुमार, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, शिक्षा विभाग सीआरपी संजय सिंह, एसआरपी अस्तरुन निशा, पर्यवेक्षिका आरती, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, संजय पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, पल्लवी चौबे, रोहित, विक्रम कुमार आदि उपस्थित थे।

## केतार प्रखंड में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से मायूस लौटे कई ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के पाचाडुमर पंचायत सचिवालय के प्रांगण में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा महिला समूहों को 13 लख रुपये का चेक दिया गया। साथ ही आठ बुजुर्गो की ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृत की गई। बिरसा सिंचाई संवर्धन योजना के तहत पांच लाभुकों को सिंचाई कूप स्वीकृति का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बारिश होने के बावजूद लोगों के बीच आवेदन जमा करने की होड़ लग गई। इसके कारण परिसर में काफी अव्यवस्था की स्थिति बन गयी। कार्यक्रम में वन विभाग एवं बैंक के अधिकारी गायब रहे। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने कहा कि अनुपस्थित रहने वाले विभाग के कर्मियों के विरुद्ध जिला को पत्राचार किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम से गांव जा रहे ग्रामीण राजबली उरांव, राजों कुंवर, पानपत्ति देवी, लगता देवी, उर्मिला देवी, विजय राम आदि ने



बताया कि उक्त कार्यक्रम में हर बार पेंशन के लिए दिन भर लाइन में लगकर आवेदन देते हैं परंतु पेंशन स्वीकृत नहीं हो रही है। वहीं रामपति कुंवर, अनीता देवी चंद्रावती देवी, कुसुमी देवी आदि ने मायूस होकर कहा कि हम सब अबुआ आवास, पेंशन, राशन कार्ड के लिए शिविर में हर बार आवेदन देते हैं, परंतु हम लोगों की समस्याएं अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण दूर नहीं की जाती हैं। कार्यक्रम में विभागीय बड़े अधिकारी नहीं आ रहे हैं। सिर्फ छोटे कर्मचारी ही उपस्थित थे। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, जिपस ज्वाला प्रसाद, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुशील पाठक मौजूद थे।

## अहमदाबाद में ट्रक की चपेट में आने से किशोर की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

थाना क्षेत्र के विलासपुर ग्राम निवासी मनोज पासवान के 17 वर्षीय पुत्र जीतू कुमार की मौत बीते बुधवार को अहमदाबाद में ट्रक की चपेट में आने के बाद इलाज के दौरान हो गई। शुक्रवार को अहले सुबह जीतू का शव उसके पैतृक निवास विलासपुर पहुंचा। शव पहुंचते ही रो-रोकर परिजनों का हाल बुरा हो गया। जानकारी के अनुसार जीतू अगस्त माह में अहमदाबाद मजदूरी करने गया था। वह एक कंपनी में कार्य कर रहा था। बुधवार को कार्य करने के क्रम में वह गाड़ी की चपेट में आ गया। आनन-फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल

**अगस्त में मजदूरी करने गया था जीतू, कार्य के दौरान हुआ हादसा**

पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीतू घर का अकेला सहारा था। उसके पिता मनोज पासवान दिव्यांग हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान, जिला परिषद सदस्य के पति प्रमोद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, संजय पांडेय मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया तथा सरकारी प्रावधान के अनुसार हरसंभव सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

## भाजपा नेता रौशन पाठक झामुमो में शामिल

**गढ़वा।** रंका निवासी सह भाजपा नेता प्रकाशचंद्र पाठक उर्फ रौशन पाठक ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर की मौजूदगी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष पाठक झामुमो में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री ने माला पहना कर उन्हें पार्टी में शामिल किया।

गुरुवार को पलामू में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष उन्होंने झामुमो का दामन थाम लिया। इसकी गढ़वा में काफी चर्चा है। रौशन पाठक ने पूर्व विधायक के शुरुआती चुनाव से ही साथ मिलकर काम किया था। झामुमो में शामिल होने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पाठक ने कहा कि वे गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। आम लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वे लगातार प्रयास करेंगे।

## बिहार की तरह झारखंड में पार्टी को करें मजबूत : मुकेश सहनी

### जिले के डंडा प्रखंड पहुंची निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

बिहार, झारखंड व यूपी में निषाद आरक्षण लाने वालों के साथ निषाद समाज के लोग मजबूती से खड़े रहेंगे। उक्त बातें विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो सह बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने शुक्रवार को डंडा प्रखंड की छपरदगा पंचायत में निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहीं।




उन्होंने कहा कि एक रोटी कम खाना है लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की जरूरत है। अपने हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने की जरूरत है। झारखंड बिहार के अलग राज्य होने के बाद भी हम एक ही पूर्वज की संतान हैं। यदि जरूरत आधी रात को भी पड़ेगी तो वह खून देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम निषाद हैं। जो हमारे नाव पर बैठेंगे वहीं दिल्ली में सरकार बनाएंगे। नाव में बैठने से पहले हमें आरक्षण देने होंगे तभी नाव में बैठने दिया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों को हाथ में गंगाजल देकर सभी को एकजुट होने का संकल्प कराया। उन्होंने कहा कि अपने वोट को कभी नहीं बचेंगे। बिहार में निषाद परिवार काफी बेहतर हैं। इसी तरह बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के निषाद परिवार एक हो जाएंगे तो दिल्ली में बैठे सरकार को सुनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अपने ही बेटे को विधायक, सांसद बनाकर भेजें ताकि वह अपने समाज के बारे में सोचेगा। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रभारी चंदन सहनी, जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप चौधरी, प्रदेश सचिव रमेश चौधरी, उपेंद्र नारायण चौधरी, बच्चन देव चौधरी, रविंदर चौधरी, सकेंद्र चौधरी, बद्रीनारायण चौधरी, चंद्रदेव चौधरी, सुमेर चौधरी, अमित कुमार चौधरी, डॉ कुलदेव चौधरी, दामोदर चौधरी, डंडा मुखिया रूपा देवी, मायावती देवी, उत्तम चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी, रमाशंकर चौधरी, डॉ रामकुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।

## विधायक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के आवास पर शुक्रवार को शाही के भांजे एवं उत्तर प्रदेश के नगवा ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता स्व. प्रशांत सिंह सीमावर्ती सोनभद्र जिले के शक्ति नगर निवासी चैतन्य गिरी, बिहार के रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के भीसड़ा गांव निवासी उमा सिंह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी प्रशांत कुमार उर्फ टिंकू सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई।



सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रशांत सिंह एक कुशल संगठनकर्ता, मृदुभाषी व हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। आज वे हमारे बीच नही हैं, लेकिन वे एक-एक कार्यकर्ता के दिल में बसते हैं। वहीं जवाहर पासवान ने कहा कि प्रशांत सिंह अपने सरल मृदुभाषी व्यवहार के कारण आज भी याद किए जाते हैं। विधानसभा प्रभारी भगत दयानंद यादव ने कहा कि प्रशांत सिंह की कुशल रणनीति और बेहतर नेतृत्व ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के बंजर भूमि पर कमल खिला दिया। प्रशांत सिंह और उनके चार साथियों के कार्य हमेशा हम सबों के लिये प्रेरणा का काम करते रहेंगे। इनके सपनों को हकीकत में बदलने का प्रयास जारी रहेगा। राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि हमें ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए कि दिवंगत आत्माओं को शांति और मोक्ष प्रदान करें। मौके पर विधायक ने क्षेत्र के हजारों गरीब व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर अलखनाथ पांडेय, सूरज गुप्ता, बबलू पटवा, मधुलता कुमारी, मनोज पहाड़िया, संजय यादव, लक्ष्मन राम, इंद्रमणि जयसवाल, मोहन पासवान, बलजीत सोनी, जोखू सिंह, शंकर चंद्रवंशी, माथुरा पासवान, विजया लक्ष्मी, कृष्णा विश्वकर्मा, जीतेंद्र दीक्षित, कुमार कनिष्क, आनंद कुमार, संजय कस्यकार, विकाश स्वदेशी, दिलीप यादव, प्रताप जायसवाल कन्हाई गुप्ता, संध्याकर विश्वकर्मा, संतोष सिंह, विपिन चौबे, भानु गुप्ता, सुनील सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भवनाथपुर के मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने की, जबकि संचालन लक्ष्मन राम ने किया।

## खरौंधी में रुक-रुक कर हो रही बारिश से फसलों को नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान धान का हो रहा है। इसके अलावे सरसो, अरहर, चना, मटर, कुरथी, टमाटर आदि फसलों को नुकसान होने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार प्रखंड के अधिकांश किसानों के धान की फसल तैयार है। सभी किसान धान की कटनी कार्य में जुटे हैं। कई किसानों ने धान तो काट लिया है, लेकिन अभी भी खेत में ही है। इसके अलावे कई किसान धान को काटकर खलिहान में रखे हैं। दो दिनों से हो रही बारिश में किसानों की फसल भीग रही है। अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो धान अंकुरित हो जायेगा। प्रखंड के राजी पंचदिस्त के किसान संतोष कुमार सिंह,



सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, चंदीप साह, खरौंधी के उमा शंकर रजक बृजबिहारी दुबे, मझिगावां पंचायत के अरविंद गुप्ता, सत्येंद्र यादव, जितेंद्र यादव आदि ने बताया कि अभी प्रखंड के किसान तैयार धान की कटनी करा रहे हैं। अगर बारिश नहीं थमी तो सब धान बर्बाद हो जायेगा। इसके अलाव अरहर, सरसो, चना, मटर, कुरथी, टमाटर सहित कई सब्जी के फसलों को भारी नुकसान होगा।

## राजनीति | पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता गिरनाथ बोले, सरकार ने जिलावासियों को छलने का काम किया

# ‘मुख्यमंत्री ने पूरा नहीं किया पेशका को प्रखंड बनाने का वादा’

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मुख्यमंत्री के गढ़वा आगमन पर जिला वासियों को काफी उम्मीद थी, लेकिन लोगों को निराशा ही हाथ लगी। पेशका की जिस धरती पर खड़े होकर मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित किया उसी धरती पर उन्होंने वर्ष 2019 में पेशका को प्रखंड बनाने की घोषणा की थी, लेकिन चार साल सरकार चलाने के बाद वे अपना वादा भूल गए। उक्त बातें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता गिरनाथ सिंह ने एक प्रेस वार्ता में कहीं।

सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिशका को प्रखंड बनाने की घोषणा की थी। इसके अलावा ओखरगड़ा को भी प्रखंड बनाया जाना था, लेकिन झूठ की बुनियाद पर खड़ी सरकार




ने फिर एक बार लोगों को छलने का काम किया है। यह जनता का अपमान है और इसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पेशका को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर पेशका निवासी डॉ. विश्वनाथ ठाकुर के नेतृत्व में पेसका प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन किया जाएगा। वहीं ओखरगड़ा में गंगा प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में ओखरगड़ा प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति भी आंदोलन में शामिल होगी। सिंह ने कहा कि बेरोजगार युवकों को नौकरी देने का वादा भी फेल हो गया। बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा भी उन्हें याद नहीं है। इसी सरकार ने पेट्रोल देने का भी वादा किया था। अब चुनाव आया है तो सरकार पैंतरा बदल रही है और नया-नया शिगुफा छोड़ रही है, लेकिन गढ़वा की जनता यह सब जान चुकी है और आने वाले चुनाव में इसका करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। चपरासी से लेकर अधिकारी तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। बिना पैसे का कोई भी काम नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार शिष्टाचार में बदल गया है। सिंह ने कहा कि बालू की किल्लत पूरे गढ़वा जिला में है, लेकिन सरकार इस पर नहीं बोल रही है। श्री बंशीधर नगर में 8000 प्रति ट्रैक्टर बालू मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अबुआ आवास का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन बिना बालू का अबूआ आवास कैसे पूरा होगा। जिले की 90 फीसदी से ऊपर विकास योजनाएं बालू के अभाव में बंद हो गई हैं और सरकार विकास की बातें कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को वे 15 दोनों का समय देते हैं। अगर 15 दिसंबर तक स्थाई रूप से गढ़वा के लोगों को बालू नहीं मिलेगा तो पूरे जिले में बालू को लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही सरकार की होगी। बालू के मामले में सरकार जनता को चोर बता रही है। लोग घर के इस्तेमाल के लिए भी बालू नहीं ला पा रहे हैं। पूरे जिले में सैकड़ों ट्रैक्टरों को जब्त करके थाने में लगा दिया गया है। बेरोजगार युवा कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरिंद्रनाथ पांडेय, अरविंद मिश्रा एवं संजय कांस्यकार उपस्थित थे।

## बीडीओ ने छात्र-छात्राओं को बताया मतदान का महत्व



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में शुक्रवार को बीडीओ रविंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान 18 वर्ष पूरा कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। नए मतदाताओं से अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु बीएलओ को निर्देश दिया। साथ ही कक्षा में जाकर बच्चों से पढ़ाई की जानकारी ली। वहीं जीपीएस उमेश कुमार ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं से बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की अपील की। साथ ही वोटर एप, हेल्पलाइन नंबर-1950 आदि के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने वोट का इस्तेमाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, शिक्षक मनोज सिंह, आनंद गुप्ता, मो जमालुद्दीन, आलोक चौबे, बीएलओ पर्यवेक्षक बिनोद पासवान आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### जिलास्तरीय धार्मिक प्रतियोगिता में चंदवा मदरसा के बच्चों ने मारी बाजी



**चंदवा।** चतरा जिले के मदरसा जामिया रशीदुल उलूम में बीती 29 नवंबर को आयोजित जिला स्तरीय धार्मिक प्रतियोगिता में चंदवा तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरूल उलूम के बच्चों ने प्रथम व पांचवा स्थान लाकर कर प्रखंड समेत लातेहार जिले का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता में दो इनाम जीतने पर चंदवा के तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरूल उलूम परिसर में गुरुवार शाम एक सम्मान समारोह आयोजित कर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अंजुमन के सदर मो अब्दाल, कारी वहाजूल हक, मुफ्ती गुलजार, डॉ शम्स राजा, मौलाना इरफान, मो शमशाद, मो एहतेशाम (सोनू), नौशाद आलम, मो आदिल, मो तैयब आदि मौजूद थे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मदरसा खैरूल उलूम के संचालक मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने कहा कि यह इनाम पाना सिर्फ मदरसा ही नहीं, पूरे इलाके के लिए गर्व की बात है। उक्त प्रतियोगिता में कई होनहार बच्चों ने भाग लिया था। वहीं हाफिज एहसान व पूर्व उप प्रमुख हाजी फिरोज अहमद ने कहा कि मदरसा में बच्चे विकट परिस्थितियों में रहकर शिक्षा हासिल करते हैं और इस परिस्थिति में भी इतने बड़े प्रोग्राम में जाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर इनाम जितना हम सब के लिए गर्व की बात है। बताते चलें कि बीते 29 नवंबर को चतरा व लातेहार जिले के अंतर्गत आने वाले मदरसों के बच्चों की बौद्धिक क्षमता आंकने के लिहाज से चतरा के मदरसा जामिया रशीदुल उलूम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में दोनों जिलों के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया था। कार्यक्रम में चंदवा से चार बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें मो केफायतुल्लाह, मो फारुख, मो अबुजर, मो तफज्जुल शामिल हैं। बड़े आयु वाले बच्चों की प्रतियोगिता में चंदवा मदरसा खैरूल उलूम के मो केफायतुल्लाह ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं कम आयु वाले प्रतियोगिता में मो फारुख ने पांचवा स्थान हासिल किया है। प्रथम पुरस्कार जीतने पर आयोजन कमेटी की ओर से उन्हें नगद दस हजार व शील्ड देकर उन्हें नवाजा गया है। सम्मान समारोह का संचालन मौलाना सलमान कर रहे थे।

### मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर आयोजित

**इटखोरी।** सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक सह लायंस क्लब सदस्य डॉक्टर ए जया द्वारा इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मेडिकल हॉल के ऊपर डेंटल क्लीनिक में लायंस क्लब ऑफ यूनाइटेड के बैनर तले दंत चिकित्सा शिविर लगाया। दांत से संबंधित मरीजों का मुफ्त निदान, एक्स-रे, स्क्रीनिंग और इलाज किया गया। करीब 35 मरीजों की चिकित्सा जांच कि गयी एवं मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. हर्ष देव गुप्ता ने बताया कि डॉ. जया द्वारा निस्वार्थ भाव से हर माह 1 व 15 तारीख को मरीजों की जांच एवं दवा का वितरण किया जाता है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार की अध्यक्षता में उपायुक्त हिमांशु मोहन, आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन, डीएफओ रौशन कुमार व जिले के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक की गयी। बैठक में अखिल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आप सभी पदाधिकारीगण के प्रयास से ही सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित नोटिस संबंधित पक्षकारों को जल्द से जल्द प्राप्त करवाने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए सभी को ईमानदार प्रयास करना होगा। बैठक में स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मो. परवेज एसडीओ आदि उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**बारियातु।** प्रखंड के सबसे अंतिम छोर पर स्थित पंचायत बालूभांग के हेरनहोपा सहित कई गांवों में बढ़ती ठंड को देखते हुए कई जरूरतमंद लोगों के बीच उप मुखिया विनोद कुमार यादव ने कंबल का वितरण किया। मुखिया केदार गंझू ने बताया कि प्रखंड प्रशासन से 180 कंबल प्राप्त हुए थे, जिन्हें बालूभांग पंचायत के सभी 12 वार्डों में वार्ड सदस्यों को अपने- अपने वार्ड में निहायत जरूरतमंदों के बीच वितरण करने के लिए दे दिया गया।

### नियमित दवा खाने के लिए किया प्रेरित

**लातेहार।** सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह एवं जिला याक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो ने प्रधानमंत्री टीबी रोग मुक्त भारत अभियान के तहत सीसीएल द्वारा पोषण टोकरी का वितरण किया। मौके पर जिला कार्यक्रम समन्वयक निशांत कुमार, डीपीपीएमसी ईशान गुड़िया एवं जिला यक्ष्मा कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ने मरीजों को नियमित रूप से टीबी की दवा खाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बिना दवा खाए टीवी का इलाज असंभव है।

#### हर घर नलजल योजना का पंसस अयुब खान ने लिया जायजा, शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

# चटुआग, भुसाढ़, हिसरी गांव में नलजल योजना का काम अधूरा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने चटुआग गांव में हर घर नलजल योजना का जायजा लिया। कहा कि सरकार घर - घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना पर जोर दे रही है। हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए गांव गांव में टावर, टंकी, पाइप के सहारे पानी की सप्लाई देने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार के इस प्रयास से ग्रामीणों को लगा था कि अब घर तक शुद्ध पेयजल इस योजना से पहुंच जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पीएचईडी विभाग और संवेदक ने मिलकर इन गांवों में जल जीवन मिशन की हालत खराब करके रख दी है। विभाग और संवेदक के उदासीन रवैये के कारण यह योजना फ्लाप हो रही है। शिकायत के बाद भी इसपर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

पीएचईडी के प्रधान लिपिक हर घर नलजल योजना के कार्य में बिचौलियागीरी कर रहे हैं। जब विभाग के लोग ही बिचौलिया गीरी करने लगे तो योजना का क्या हस्त्र होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रधान लिपिक ही संवेदकों के घटिया कार्य और अधूरे कार्यों पर



पर्दा डाल देते हैं। संवेदकों पर शिकायतों को भी प्रधान लिपिक ही मैनेज करा देते हैं, इसलिए संवेदक अधूरे कार्य छोड़कर भाग गए हैं। चटुआग, भुसाढ़, हिसरी में शुरुआत से ही योजना अनियमित्ताओं से घिरी रही। पीएचडी विभाग इस योजना की निगरानी करती है लेकिन इनकी चुप्पी से विभाग की कार्यशैली संदेह के घेरे में आ गई है। भुसाढ़, हिसरी, चटुआग गांव में पिछले लगभग चार पांच माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी संवेदक और पीएचईडी विभाग सभी घरों तक पानी सप्लाई का कार्य पूरा नहीं करा सका। इस कारण पानी की सप्लाई करते ही कई तरह की समस्याएं आ रहीं हैं। वहीं कई स्थलों पर कार्य अधूरा पड़ा हुआ हैं। योजना की निगरानी करने वाले विभाग के पदाधिकारी भी ठेकेदार से मिलकर ठेकेदार द्वारा कराए गए घटिया निर्माण कार्य की लीपापोती कर रहे हैं। पीएचईडी विभाग और संवेदक द्वारा योजना में जमकर लूट खसोट किए जाने की संभावना है। पाइप तो घरों तक पहुंचा दिया गया है लेकिन पानी कई इलाकों के ग्रामीणों के घरों में अब भी नहीं पहुंच पाया है। काम अधूरा पड़ा हुआ है जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीण महेंद्र गंझु ने बताया कि इतने दिनों में तो काम पूर्ण हो जाना था लेकिन काम शुरू हुए करीब चार पांच माह हो गया फिर भी पानी सभी के घरों तक नहीं पहुंच पाया है। कई जगह पाइप लीकेज हैं, पानी सड़क पर बह रहा है। इसे ठीक कराने के बजाय विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है।

#### बालूमाथ प्रखंड की धाधु पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, विधायक बोले

# हेमंत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड की धातु पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य अतिथि लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी आदि ने उद्घाटन किया। शिविर में विभिन्न विभागों के कई स्टाल लगाए गए थे, जिनमें आवास, पेंशन, कृषि, मनरेगा, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, श्रम नियोजन आदि से संबंधित कुल 1265 आवेदन प्राप्त हुए। ग्रामीणों ने सर्वाधिक 790 आवेदन अबुआ आवास के लिए जमा किए। इसके अलावा बिरसा सिंचाई कुप निर्माण के 24, जन्म प्रमाणपत्र के 12, सर्वजन पेंशन के 22, सामुदायिक वन पट्टा आदि योजना के तहत भी आवेदन दिए गए। वहीं विधायक एवं अन्य द्वारा कई ग्रामीणों को त्वरित योजना का लाभ प्रमाणपत्र के साथ दिया गया। मौके पर विधायक कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम द्वारा विभिन्न योजनाओं को लेकर आपके घर तक चलकर आई है। इसका अधिक से अधिक ग्रामीण लाभ उठाएं। वहीं जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लोगों से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, युवा प्रखंड अध्यक्ष मो.औरंगजेब खान, मो. इमरान अंसारी आदि मौजूद रहे।



### 'शिविर का लाभ उठाकर स्वावलंबी बनें ग्रामीण'

**चंदवा।** प्रखंड में चल रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जमीरा पंचायत में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन लातेहार अपर समाहर्ता सह डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कच्छप ने कहा कि ग्रामीण शिविर का लाभ उठाकर स्वावलंबी बनें। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है। वहीं बीडीओ व अंचलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणो तक पहुंचाने के उद्देश्य से आपकी सरकार



आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न पंचायत में किया जा रहा है। मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन को लकर ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीणों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र, कंबल, धोती-साड़ी, रोजगार गारंटी कार्ड, सावित्रीबाई फुले योजना पत्र के साथ पौधे का भी वितरण किया गया। छात्राओं को साइकिल की राशि का प्रतीक चिन्ह भी उन्हें दिया गया। शिविर में अबुआ आवास से जुड़े लगभग एक हजार बीस आवेदन प्राप्त हुए। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में पंसस अनिरुद्ध कुजूर, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, डब्लू प्रजापति, जेएसएलपीएस कर्मी, आवास कॉर्डिनेटर कुशध्वज, प्रखंड समन्वयक रितेश आदि मौजूद थे।

### बरवाडीह प्रखंड की मंगरा पंचायत में आयोजित शिविर में उमड़ी भीड़



**बरवाडीह।** झारखंड सरकार की ओर से संचालित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार को मंगरा पंचायत सचिवालय में आयोजन किया गया। शिविर में पूरी पंचायत से काफी संख्या में लोग पहुंचे। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, पूर्व लोकपाल डॉक्टर मुरारी झा आदि ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहां कि शिविर के माध्यम से पंचायत के वंचित लोगों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। बीडीओ ने शिविर के माध्यम से महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इसके साथ बीडीओ ने सभी सरकारी योजनाओं का विस्तार से जानकारी दी। शिविर में 1618 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें आबुआ आवास योजना के सबसे अधिक का 415 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि जॉब कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना के 16, मनरेगा के 258, कंबल वितरण के 180 आवेदन शामिल हैं। शिविर में ऑन द स्पॉट 512 आवेदनों का निष्पादन किया गया। शिविर में प्रखंड में सभी विभागों के डेढ़ दर्जन से अधिक स्टाल लगाए गए थे, जिनमें मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा योजना, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग आदि शामिल थे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, शिक्षा पदाधिकारी नागेंद्र सिंह, बीपीओ त्रिवेणी राम, कमलेश सिंह, ग्राम प्रधान राम वास सिंह, राज महेंद्र सिंह, दीपक कुमार, कनीय अभियंता महेंद्र राम, प्रखंड एवं अंचल से जुड़े सभी कर्मियों समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गिद्धौर : सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर थाना क्षेत्र के सीमाने पर नुनिगड़ा के आगे शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की तत्परता से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा ले जाया गया। मृतक गिद्धौर थाना क्षेत्र के केंदुआ गुरुवाही गांव निवासी महेंद्र यादव है, जबकि घायल उसी गांव का मृतक का चाचा रामेश्वर महतो है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर बीडीओ हरीनाथ महतो, थाना प्रभारी मनोहर करमाली घटना स्थल पर पहुंच

#### परिजनों ने लगाया हत्या कर फेंकने का आरोप

शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। बताया गया कि महेंद्र यादव अपने चाचा के साथ बाइक से चतरा से गिद्धौर के केंदुआ गुरवाही अपने घर वापस लौट रहा था। इसी बीच बाइक दुर्घटना में घटनास्थल पर एक की मौत हो गई। हालांकि बाइक मुख्य एसडीके के टरेंच के गढ्ढे में गिरा था, जबकि शव लगभग 5 सौ मीटर की दूरी पर पड़ा था। इधर परिजनों ने हत्या कर फेंकने का आरोप लगाया है।

## प्रभारी सीओ ने अवैध बालू लोड एक ट्रैक्टर किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा वीसी में दिए गए निर्देशानुसार बीडीओ सह प्रभारी सीओ मोनी कुमारी व थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने पत्थलगाड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलहर गांव से अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जब्त किया है। उक्त कार्रवाई शुक्रवार को प्रभारी सीओ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सीओ को सूचना मिली थी कि अवैध बालू लोड एक ट्रैक्टर बिक्री के लिए बाहर जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीओ एवं थाना प्रभारी दल बल के साथ बेलहर पहुंकर्ल एक अवैध बालू लदा



ट्रैक्टर जब्त कर लिया। ट्रैक्टर को बीडीओ सह सीओ मोनी कुमारी की उपस्थिति में थाना लाकर ट्रैक्टर व मालिक पर मामला दर्ज किया गया है। बीडीओ ने बताया कि पुलिस बल को देखकर चालक गाड़ी छोड़ कर भाग गया। आगे कहा कि रोक लगाने के बावजूद बालू तस्करों द्वारा लगातार बालू की ढुलाई की जा रही है।

## 25 राज्य की 22 हजार किमी दूरी तय कर लौटा जयंत कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

प्रखंड अंतर्गत तेतरिया निवासी अमिरका दांगी के 26 वर्षीय पुत्र जयंत कुमार शुक्रवार को भारत भ्रमण के दौरान 25 राज्य के लगभग 22 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर वापस लौटा। उसने सबसे पहले जयंत प्रखंड के प्रसिद्ध लेम्बोइया पहाड़ी पर अवस्थित देवी स्थान भगवती मंदिर पहुंच परिजनों व साथियों संग पूजा अर्चना की। बताया कि भारत के विभिन्न राज्यों के कल्चर को जानने व पर्यावरण की सुरक्षा के प्रचार-प्रसार को लेकर लगभग 13 महीने बाद साइकिल यात्रा से घर लौटे हैं। ज्ञात हो कि 22 अक्टूबर 2022 को लेम्बोइया पहाड़ी स्थित भगवती मंदिर से अपने साईकिल यात्रा की शुरुआत की थी। जयंत ने बताया



कि 13 महीने की इस यात्रा के दौरान कई मंदिरों, गुरुद्वारे, आर्मी कैंप, गेस्ट हाउस, पेट्रोल पंप, धर्मशाला, हाईवे के ढाबा, होटलों व लॉज के अलावे अपने कई दोस्तों व रिश्तेदार के घर, हॉस्पिटल, टोल प्लाजा के अलावे अनजान लोगों के घर के पास कैम्प लगा कर रुका। इस दौरान हजारों लोगों से मिलना हुआ, उनसे बहुत कुछ जानने को मिला। उक्त सभी राज्यों की भाषा, खान-पान, रहन सहन, संस्कृति से अवगत होने का मौका मिला।

#### पहल पुलिस कप्तान ने लोगों को जागरूक कर चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

# एसपी राकेश रंजन ने वयोवृद्ध मतदाताओं को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न मुहल्लो में पहुंचकर वयोवृद्ध मतदाताओं से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ सम्मानित किया। सबसे पहले एसपी बाजारटांड़ स्थित कुम्हार टोली पहुंचकर 87 वर्षीय फोगनी देवी को गुलाब फूल देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद अंसार नगर में हाजरा खातून व जतराहीबाग में दो वृद्ध महिलाओं को सम्मानित किया। साथ ही फल व मिठाई दी। वहीं उपस्थित लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए आगामी चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 80 वर्ष से



अधिक आयु के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सम्मानित किया जा रहा ह। हमारा प्रयास है कि 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता जब मतदान करेंगे तो उन्हें देखकर युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और अधिक से अधिक संख्या में मतदाता मतदान करेंगे। इस दौरान एसपी के साथ एसडीपीओ अविनाश कुमार, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली के अलावा सार्जेंट मेजर विकास कुमार व एएसआई निर्मल सिंह आदि शामिल थे।

### वरिष्ठ मतदाताओं को बीडीओ व थाना प्रभारी ने किया सम्मानित

**इटखोरी/पत्थलगड़ा/मयूरहंड(चतरा)।** चुनावों में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाकर 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया गया। अभियान के तहत पत्थलगड़ा प्रखंड के दुम्बी निवासी लक्ष्मी नारायण तिवारी 88 वर्ष एवं बरवाडीह निवासी राधा देवी 82 वर्ष, पुरण राणा 82 वर्ष, पूर्व मुखिया बासुदेव तिवारी 84 वर्ष को बीडीओ मोनी कुमारी एवं थाना प्रभारी सचिन कुमार दास द्वारा गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धनखेरी पंचायत में 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को थाना प्रभारी बिनोद कुमार व पुलिस अवर निरीक्षक बंटी यादव ने गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अभय सिंह, संतोष राम आदि मौजूद थे। वहीं मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने वरिष्ठ मतदाताओं को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया। इस दौरान मयूरहंड के सबसे वरिष्ठ नागरिक श्रीप्रसाद सिंह ने बताया कि



स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव से लेकर लगातार मतदान कर रहा हूं। अभियान में रजक, चमन महतो, प्रयाग यादव, बैजू राणा, रामखेलावन सिंह, उपेंद्र सिंह, रामदेव सिंह, सुदर्शन सिंह, कुमरी देवी, दशरथ साव, तेतरी देवी को थाना प्रभारी एवं संबंधित पंचायत के मुखिया, पंसस ने गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, मुखिया रेणु देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रीति कुमारी, समाजसेवी शिवकुमार सिंह, गुड्डू रजक आदि उपस्थित थे।

## 1416 आवेदनों में से 434 का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कुंदा प्रखंड की सुदूरवर्ती सिकीदाग पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ विपिन कुमार भारती, मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी अखलेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए गए। शिविर में जेएसएलपीएस से सखी मंडल के बीच 14 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का चेक वितरण किया गया। शिविर में कुल 1416 आवेदन आए, जिसमें 434 का निष्पादन मौके पर किया गया।



दूसरी ओर कार्यक्रम से दूसरी बार बीटीएम सुजीत कुमार गुप्ता नदारद रहे। बीडीओ ने शिविर में लगे विभिन्न स्टॉलो का निरीक्षण किया और जरूरत मंद बुजुर्गों को तत्काल पेंशन की स्वीकृति दी एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल, साड़ी, धोती का वितरण किया। शिविर में अबुआ आवास के लिए अधिक संख्या में लोगों ने आवेदन जमा किए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।

## गागर में सागर

### शहीद के पैतृक गांव में बुजुर्ग मतदाता को बीडीओ ने किया सम्मानित



**भंडरा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर राज्य भर में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए सघन अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में ऐसे वयोवृद्ध मतदाताओं के पास जाकर उनके मतदाता पंजीकरण संबंधी मामलों को सुना गया। कहीं-कहीं जरूरत अनुसार उनके प्रपत्र भी भरवाये गए। साथ ही उनको पुष्प गुच्छ, शाल आदि देकर सम्मानित करते हुए लोकतंत्र में उनकी अब तक निभाई गई भूमिका के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की गई। इस दौरान इन बुजुर्ग मतदाताओं की ओर से राज्य के युवा मतदाताओं के लिए अपील भी करवाई गई। प्रखंड की सभी पंचायत सचिवालयों में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सीनियर वोटर्स वॉइस के नाम से सोशल मीडिया हैशटैग अभियान चलाया गया। विभागीय निर्देश पर इस सोशल मीडिया विशेष अभियान के नोडल पदाधिकारी बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने अमर शहीद पांडे गणपत राय के पैतृक गांव भौरों में इस अभियान के तहत बुजुर्ग मतदाताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा कि हमारे देश की अब तक की लोकतांत्रिक यात्रा में हमारे इन बुजुर्ग मतदाताओं की बड़ी भूमिका रही है। आज के इस अभियान के कारण हमारे 'बुजुर्ग मार्गदर्शक' न केवल मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपने आप को सहभागी महसूस करेंगे, बल्कि उनकी अपील और उनके विचारों से नई पीढ़ी के मतदाता भी प्रेरित होंगे। भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि किसी भी वर्ग और श्रेणी का कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए।

### जलछाजन योजनाओं का निरीक्षण

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में जल छाजन की ओर से संचालित विकास योजना का शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता, जेएसएलपीएस डीपीएम अनिता केरकेट्टा एवं जिला परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू ने निरीक्षण किया। नरौली पंचायत के नगजुवा, ख्वास अम्बवा, चरिमा, नरौली, पचागाएं में तालाब, बांध, टीसीबी, कूप मरमती आदि का निरीक्षण किया व कई निर्देश दिये। जलछाजन के तकनीकी प्रबंधक, क्षेत्र समन्वयक को पांच वर्षों के लिए ग्राम सभा से चयनित योजना को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, पंचायत सचिव गुहा उरांव, अमन शिखर, जलछाजन के तकनीकी प्रबंधक बिसम्बर साहू आदि उपस्थित थे।

### फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के 10 लोग हुए बीमार, सीएचसी में इलाज

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बरियातु थाना क्षेत्र अंतर्गत फूलशू ग्राम में शुक्रवार को फूड प्वाइजनिंग होने के कारण एक ही परिवार के 10 लोग बीमार हो गए। उन्हें गंभीर अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां पर डॉक्टर अलीशा टोप्पो ने सभी का इलाज किया। जानकारी के अनुसार खाना बनाते समय छिपकली का चावल के साथ उबल जाने से यह घटना सामने आई है। चावल खाने के बाद सभी लोग को चक्कर और उल्टी का शिकायत होने लगी। बीमार लोगों में कैल राम की पत्नी सावित्री देवी, निशांत कुमार,परमेश्वर कुमार, विष्णु कुमार, अंकित कुमार, नागेश्वर राम अर्जुन राम पम्मी कुमारी आरती कुमारी शामिल हैं। इलाज के बाद मरीजों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### सिकंदराबाद कमाने गए युवक की मौत शव पहुंचते ही घर में मचा कोहराम

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र की मकरी पंचायत के सिकंदराबाद कमाने गए युवक का गुरुवार शाम शव पहुंचने से घर म्रे कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि राजू सिंह, पिता जगदीश सिंह एक माह पूर्व घर से ठेकेदार के माध्यम से सिंकदराबाद काम करने गया था। वहां से 29 नवंबर को गांव के ही साथ में काम करने गए बिगन राम से सूचना मिली कि राजू सिंह की तबीयत खराब हो गई है। बाद में मौत हो जाने की जानकारी दी गई। बिगन राम ने बताया कि हम लोग एक साथ ही एक निजी कंपनी में काम करते थे। वहां हम लोग सरिया सेंटरिंग में काम करते थे। 29 नवंबर की सुबह अचानक राजू की तबीयत खराब हो गई। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुखिया पति धनंजय साह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, समाजसेवी सुशील चौबे सहित बड़े संख्या में ग्रामीण घर पहुंचे। साह ने परिजनों को ढांढस बांधते हुए आर्थिक सहयोग करने एवं प्रावधान के अनुसार लाभ दिलाने की बात कही।


### ग्रामीणों ने वित्त मंत्री से की नये ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

# तेतरपोका 3 माह से अंधेरे में डूबा, विभाग बना मूकदर्शक

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तेतरपोका गांव वालों को इन दिनों ढिबरी युग का सहारा लेना मजबूरी बन गया है। यहां पर विगत 4 सितंबर से अंधेरे में लोग रात दिन व्यतीत करने को विवश हैं। बावजूद बिजली विभाग इसे दुरुस्त कराने में किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है।

आलम यह है कि बिजली नहीं रहने से गांव वालों में सांप, बिच्छूओं का खौफ हर वक्त बना रहता है। सबसे बड़ी बात है कि बिजली गुल रहने से स्कूली बच्चों और किसानों को अनेकों चुनौतियों से गुजरना पड़ रहा है। फिर भी बिजली विभाग इसपर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। इधर, इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने राज्य सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के समक्ष लिखित आवेदन देकर यथाशीघ्र तेतरपोका गांव में बिजली व्यवस्था बहाल कराए जाने की दिशा में सकारात्मक पहल करने की मांग रखी है। इस बीच ग्रामीण तस्लीम आलम, महेश उरांव, फरीद खान, बिरसा उरांव, सफेहल मिरदाहा, विश्वनाथ उरांव, झलकू मिरदाहा, जुगत उरांव, सोमा उरांव, अजीत उरांव समेत अन्य लोगों के द्वारा मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के समक्ष लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते हुए मांग रखी है कि तेतरपोका गांव में लगाया गया 25 केबीए का ट्रांसफर विगत 4 सितंबर को जल गया है, जिससे पास में लगाया जियो का टावर भी बंद रहता है। इससे स्कूली बच्चों को पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही है। साथ ही बिजली नहीं रहने से तेतरपोका, धोबाली एवं वकील अम्बवा के ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव से इन ग्रामीणों ने तेतरपोका गांव में 100 केबीए का नया ट्रांसफर लगाए जाने की मांग रखी है। इसपर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के द्वारा शीघ्र ही पहल कराए जाने का भरोसा मौके पर मौजूद ग्रामीणों को दिया गया। बहरहाल इतने दिनों से तेतरपोका गांव में बिजली गुल रहने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मी जनहित में कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बनी हुई है।



## गर्भवती माताएं लें मातृत्व वंदना योजना का लाभ

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में दो दिवसीय विशेष कैम्प आयोजित कर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लगभग 50 गर्भवती माताओं से आवेदन लिया गया।

वहीं महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्रथम बच्चा को जन्म देने पर किन्ही माताओं को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना का लाभ दिया जा सकता है, परन्तु दूसरी बार गर्भवती होने पर बच्ची की जन्म पर ही माताओं को ही लाभ दिया जा सकता है। वहीं बताया कि इस योजना के अन्तर्गत प्रथम किस्त में बच्चे का पूर्ण टीकारण होने पर 5000 रुपये व द्वितीय किस्त में 6000 रुपैया लाभ दिया जायेगा। इसके साथ हीयह भी बताया कि लाभुकों का खाता आधार से लिंक होना चाहिये और जॉब कार्ड, ई श्रम कार्ड, किसान सम्मान निधि कार्ड, बीपीएल नम्बर में किन्ही एक चीज विशेष दस्तावेज के लिये आवश्यक है। यह कार्यक्रम लगातार चलेगा, जिसे प्रखंड क्षेत्र के सभी माताओं को लाभ मिलेगा।

## केंद्र व राज्य सरकार की टीमों ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के विशेष पंजीकरण अभियान के दौरान लोहरदगा सदर परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कूटमु एवं रघु टोली तथा कुडू परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र नवाटोली एवं राजरोम का भ्रमण किया गया। सभी आगंतुकों का स्वागत के उपरांत आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थी, लेडी सुपरवाइजर द्वारा कार्यक्रम के किर्यान्वियन के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई एवं पीएमएमवीवाई एप में जो समस्या उत्पन्न हो रही है उस पर भी चर्चा की गई। टीम के समक्ष उपरोक्त चारों आंगनबाड़ी केंद्रों में कुल 19 नए लाभुकों का पंजीकरण किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पीएमएमवीवाई की रंगोली की भी प्रस्तुति की गई एवं पौष्टिक आहार की प्रदर्शिनी भी की गई, जिसमें लाभार्थियों को गर्भवस्था के दौरान अतिरिक्त आहार की जानकारी उपलब्ध करायी गई। केंद्रीय टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रदर्शित की गई रंगोली एवं अन्य कार्यों की प्रशंसा की गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा किए गये पीएमएमवीवाई एप में इंट्री कार्यों की प्रशंसा की गई। मौके पर विभाग से सहायक निदेशक पम्मी सिन्हा, अमित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुडू सोनिया मंजुल, लेडी सुपरवाईसर एवं आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

## केंद्रीय सचिव ने किया मनरेगा की योजनाओं का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखण्ड क्षेत्र में जल छाजन के द्वारा संचालित विकास योजना का शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चन्द्रशेखर, उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता ,जे एस एल पी एस डीपीएम एवं जिला परियोजना पदाधिकरी सुधीर मुर्मू के द्वारा मनरेगा योजना से संचालित विकास योजनाओं का निरक्षण किया गया.अलौदी पंचायत के हेसवे में तालाब, बांध, टीसीबी, कूप मरमती सहित अन्य कार्य का निरक्षण किया। कार्य के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजना स्थल पर सम्बन्धित कार्य योजनाओं का बोर्ड लगायें और अधिक से अधिक मजदूरों को मनरेगा में काम दे साथ ही जलछाजन के तकनीकी प्रबंधक, क्षेत्र समन्वयक को पाँच वर्षो के लिए ग्राम सभा से चयनित योजना को प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर जल्द से जल्द पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, पंचायत सचिव संदीप रजक, बिपिक निलेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई लोग हुए लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिला के भंडरा प्रखंड के भंडरा पंचायत बाजार टांड में आयोजित हुआ। लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, आयुष्मान कार्ड, कंबल वितरण योजना, साइकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोशाक वितरण से लाभान्वित किया गया। स्टॉलों में ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आयुष्मान कार्ड, सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, पोशाक वितरण, खाद्यान्न, बीज वितरण आदि के आवेदन प्राप्त हुए। नुक्कड़-नाटक कला दल के कलाकारों द्वारा डायन प्रथा उन्मूलन, बेटी की शिक्षा, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आदि जागरूकता कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम में भंडरा पंचायत में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा अंचल अधिकारी, दिनेश गुप्ता. प्रखंड प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

### दशरथ व छोटेलाल को मिला सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ






**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम कुडू प्रखंड की बड़कीचांपी पंचायत स्थित कुंदगढ़ा स्कूल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़कीचांपी निवासी दशरथ यादव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। दशरथ ने बताया कि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना ने हम किसानों के लिए संजीवनी का काम किया है। खेती बाड़ी में सिंचाई का महत्व सबसे अधिक होता है। पहले सिंचाई के अभाव में कई बार सब्जी की खेती बर्बाद हुई और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। अब आगे इसका फायदा मिलेगा। उत्पादन बढ़ेगा। वहीं भंडरा प्रखंड के भंडरा बाजार टांड में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में स्थल पर ही छोटेलाल यादव कसपुर निवासी को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। छोटेलाल यादव ने बताया कि खेती बाड़ी में सिंचाई का महत्व सबसे अधिक होता है। पहले सिंचाई के अभाव में कई बार सब्जी की खेती बर्बाद हुई है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। अब बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना से मिले कुंए से आगे फसल हानि की संभावना कम होगी, इसका फायदा मिलेगा। उत्पादन बढ़ेगा। दोनों लाभार्थी ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

## छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के सयुंक्त तत्वावधान में लोहरदगा, कुरु एवं किसको प्रखंड के विद्यालयों एवं गांव में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जागरूकता सत्र में विद्यालय के आरोग्य दूत द्वारा विश्व एड्स दिवस के विषय पर जानकारी देते हुए बताया गया कि पूरे विश्व में एड्स के विषय पर जागरूकता लाने हेतु इस दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बीमारी के फैलने के कारण और बचाव के विषय पर जागरूक किया जा सके। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आरोग्य दूत ने छात्र-छात्राओं को एड्स होने के कारण और बचाव के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इससे जुड़े मिथक के विषय पर चर्चा की गई। साथ ही यह कहा गया कि एड्स के मरीजों से सामाजिक भेदभाव नहीं करना चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका और सी 3 के समन्वयक की अगुवाई में आरकेएसकेके पियर एडूकेटर एवं समूह के चैंपियन द्वारा किशोर किशोरियों को फ्लिपबुक के माध्यम से एड्स से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि अपने इलाके से युवाओं का नौकरी-रोजगार की तलाश में पलायन होता है। इस लाइलाज और जानलेवा बीमारी पर हमें जागरूक रहने की जरूरत है। जागरूकता में लगभग 480 छात्र-छात्रा एवं समूह के किशोर किशोरी को जागरूक किया गया।




## शिक्षक-शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड कार्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में तृतीय चरण का प्रखण्ड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का रिफ्रेशर प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। वहीं प्रथम चरण 6 नवंबर से 9 नवंबर, दूसरा चरण 22 नवंबर से 25 नवंबर और तीसरा चरण 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। तीनों चरण में 136 शिक्षक शिक्षिका प्रशिक्षण सत्र में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये। जिला शिक्षा विभाग के जिला अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण में शिक्षण कार्य के विषय पर सुझाव दिया गया। साथ ही कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को समझ बढ़ाते हुए अपने आसपास व अपने अंदर के समझ के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य करेंगे तथा प्रशिक्षण में निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में कक्षा 3 तक के बच्चों को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक समझ को बच्चों की कक्षा के अनुसार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गतिविधि आधारित प्रशिक्षण प्रशिक्षक अशोक भगत, सूर्यकांत भगत और अवधेश कुमार यादव के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण संचालन में सिनी टाटा ट्रस्टस सदस्य द्वारा सहयोग किया गया। प्रशिक्षण में शैलेश कुमार, रंजयनाथ देवघरिया,दीपक पाण्डेय, अनिल चौधरी, ललिता कुमारी, संजय शुक्ला, राजीव रंजन, सुखवा उरांव, विरेन्द्र सिंह सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।



**पहल** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# आर्यावर्त सदन ओवरऑल चैंपियन, तिलका मांझी सदन को दूसरा स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जिला संघचालक श्यामसुंदर उरांव और समापन समारोह में गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार उपस्थित थे। इस दौरान 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़,1500 मीटर दौड़, त्रिकूद, लंबी कूद, ऊंची कूद, तार गोला फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, तेज चाल आदि प्रतियोगिताएं हुईं।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में आर्यावर्त सदन ने ओवरऑल प्रथम स्थान, बिरसा मुंडा सदन ने द्वितीय स्थान एवं तिलका मांझी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोनू उरांव, सुजल बाखला और नीलिमा लकड़ा ने तीन प्रतियोगिताओं में तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किये। 200 मीटर दौड़ में सोनू उरांव, शशि तिग्गा व अमित उरांव, 200 मीटर दौड़ में आरती कुजूर, नीलिमा लकड़ा व ब्लेसी बाखला , 400 मीटर दौड़ में अल्पना शैली उरांव, रितु उरांव व मंजिला कुमारी, 400 मीटर दौड़ में सोनू उरांव, अमित उरांव व मोहित कुजूर, भाला फेंक में अल्पना शैली उरांव, वर्षा टोप्पो व अल्फा कुजूर, भाला फेंक में रतीलाल उरांव, अजय उरांव व राजन साहू, लंबी कूद में सोनू उरांव, प्रियांशु उरांव व अंकित टोप्पो, लम्बी कूद में अनिमा लकड़ा, रोशनी उरांव व वर्षा टोप्पो, चक्का फेक में अभय साहू, अंकित टोप्पो व रोहित कुमार साहू,चक्का फेक में वर्षा टोप्पो, प्रियंका उरांव व आकांक्षा पांडे, त्रिकुद में नीलिमा लकड़ा, रोशनी उरांव व पूर्णिमा भगत,त्रिकूट में सुजल बाखला, अंकित उरांव व शशि तिग्गा, 100 मीटर दौड़ में नीलिमा लकड़ा, अल्पना शैली उरांव व पूर्णिमा भगत,100 मीटर दौड़ में सुजल बाखला, निखिल भगत व विवेक योगी कुजूर, 5000 मीटर तेज चाल में अंकित साहू, अंकित उरांव व संदीप उरांव, 3000 मीटर तेज चाल में पूनम कुमारी, प्रीति उरांव व प्रिया कुजूर, 800 मीटर दौड़ रोहित उरांव, अमित उरांव व मोहित कुजूर, 800 मीटर दौड़ में पूनम कुमारी, मुनिका कुमारी व मंजिला कुमारी, 1500 मीटर दौड़ में रोहित उरांव, माइकल जैक्सन कुजूर व मोहित कुजूर, 1500 मीटर में मुनिका कुमारी, पूनम कुमारी व प्रिया कुजूर, तार गोला फेंक में अभय साहू, राजकुमार उरांव व उत्तम साहू, तार गोला फेक में आकांक्षा पांडे, अनिमा लकड़ा व अनिमा कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, समिति सदस्य शोभा देवी, महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विद्या मंदिर लोहरदगा के प्राचार्य विपिन दास, सुंदरी देवी शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, विद्या मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, विद्या मंदिर सेंहा के प्रधानाचार्य विमलेश तिवारी, विद्या मंदिर कुडू की प्रधानाचार्य पिंकी इंदवार, बड़की चापि के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, विद्वत परिषद के सदस्य देवानंद महतो, गोरख पांडे, शिवशंकर सिंह, डॉ कुमुद कुमार अग्रवाल, धनेश महतो, पुष्कर महतो, मनोज दास, वीएन शर्मा, देवेंद्र मंडल, सचिन किसलय, रायडीह के आचार्य किशन कुमार, महाविद्यालय के पूर्व छात्र अभिनव आनंद, पूर्व आचार्या सीमा केसरी, आदि उपस्थित थे।





## कमेटी भंग, जल्द संचालन समिति की होगी घोषणा

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के कोर कमेटी की बैठक सुषमा सिंह के आवासीय परिसर में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जय श्री राम समिति का पिछला सत्र 2021-23 को 2 साल का कार्यकाल पूर्ण हो गया। बैठक में कोर कमेटी द्वारा नए सत्र का चुनाव से पहले वर्तमान कमेटी को भंग किया गया और आगे कहा गया कि नए सत्र 2024-26 के लिए संचालन समिति का जल्द गठन किया जाएगा जो सदस्यता अभियान के साथ नए सत्र के लिए जिला के चयनित पदाधिकारी प्रखंडों में संचालन समिति बनाकर प्रखंड का चुनाव करवाएगी। मौके पर कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह जिला महामंत्री अजय साहू, प्रदीप साहू जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, विक्की कसेरा आदि मौजूद थे।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 21 रुपए बढ़े

| शहर | दाम (₹) | शहर | दाम (₹) |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 903.00 | भोपाल | 908.50 |
| मुंबई | 902.50 | जयपुर | 906.50 |
| कोलकाता | 929.00 | पटना | 1,001.00 |

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज यानी 1 दिसंबर 2023 से कई छोटे-बड़े बदलाव हुए हैं। आज से भारतीय नागरिकों को मलेशिया में वीजा-फ्री एंट्री मिलेगी। इसके अलावा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में करीब 20 रुपए का इजाफा किया गया है। फर्जी सिम पर सख्ती के लिए नियमों में भी बदलाव हुआ है।

**1. कॉमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा हुआ :** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलो वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। दिल्ली में ये अब 21 रुपए महंगा होकर 1796.50 रुपए का हो गया है, पहले यहां सिलेंडर 1,775 रुपए में मिल रहा था। वहीं 14.2 ङ्क्ष्ट वाले घरेलू गैस सिलेंडरों के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# दो हजार रुपये के 97 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में लौटे: आरबीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि 2 हजार रुपये के करीब 97.26 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं, लेकिन ऐसे 9,760 करोड़ रुपये मूल्य के करेंसी नोट अब भी जनता के पास मौजूद हैं। रिजर्व बैंक ने कहा है कि 2,000 रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर चलन में रहे 2,000 रुपये के करेंसी नोट का कुल वैल्यू 3.56 लाख करोड़ रुपये था। 30 नवंबर को यह घटकर 9,760 करोड़ रुपये रह गया। इस तरह 19 मई 2023 तक चलन में रहे दो हजार रुपये के कुल नोट में से 97.26 फीसदी नोट अब वापस आ चुके हैं। दो हजार के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान किया था। इन नोट को बदलने या बैंक खातों में जमा कराने की समय-सीमा पहले 30 सितंबर थी, जिसें बढ़ाकर 7 अक्टूबर तक की गई थी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के करेंसी नोट को बैंक शाखाओं में जमा और विनिमय दोनों सेवाएं सात अक्टूबर के बाद बंद कर दी थी। इसके बाद 8 अक्टूबर से लोगों को आरबीआई के 19 कार्यालयों में मुद्रा का आदान-प्रदान करने या उनके बैंक खातों में जमा करने का विकल्प मुहैया कराया गया था।

## आईसीआईसीआई सहित कई बैंकों ने एफड़ी पर ब्याज बढ़ाया

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा, आईसीआईसीआई और यस बैंक ने हाल ही में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफड़ी) पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। अब यस बैंक में एफड़ी पर 7.75% तक का ब्याज मिलेगा। ऐसे में अगर इन बैंकों या किसी अन्य बैंक में एफड़ी कराने का प्लान बना रहे हैं तो आपको इनकी ब्याज दरों के बारे में भी जान लेना चाहिए। हम आपको एसबीआई एफड़ी पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट स्कीम और इन बैंकों की एफड़ी की ब्याज दरों के बारे में बता रहे हैं। ताकि आप अपने हिसाब से सही जगह निवेश करके ज्यादा फायदा कमा सकें। एफड़ी से मिलने वाला ब्याज पूरी तरह से टैक्सेबल होता है।


## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद्, लातेहार।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20 वर्ष 2023–24 (2nd Call)

15वें वित्त आयोग मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 07.12.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 08.12.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 08.12.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड सरयू पंचायत चोरहा ग्राम सरयू में उच्च विद्यालय सरयु में शौचालय निर्माण। | 286300.00 | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा, जो **भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार** में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिशद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा।
12. अग्रधन की राशि जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। अग्रधन के रूप जमा की जानेवाली राशि N.S.C/F.D जो 03/05 वर्षीय की होगी एवं किसी भी डाकघर/राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा से निर्गत ही मान्य होगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 312489 Rural Development(23-24)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### -: स्थगन संबंधी सूचना :-

पत्रांक 1925/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰, चतरा, दिनांक–30.11.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.-RDD/SD/CHATRA/EOI-24/2023-24 जिसका PR No.-311618 में वर्णित Rate Contracts fot the Supply and Installation of Medical Equipment/Appliances etc. of Child Ward at Sajna of Panchayat Paradih in Chatra Block, Distt.-Chatra को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 312447 Rural Development (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02, गढ़वा।

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GARHWA/14/2023-24)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड सगमा अंतर्गत ग्राम–सोनडीहा में मलेया नदी पर पुल निर्माण। | 2,70,07,045.00 | 5,40,200.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.12.2023 से दिनांक 18.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02, गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–20.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,
गढ़वा।

PR 312483 Rural Development(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –06/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेजों के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है ।
दिनांक–30.11.2023

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/10/23-24 | रामगढ़ | 1 | बी0एम0डी0सी0 माईन्स से बेड़मा बभण्डीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | 1030.296 | दस करोड़ तीस लाख उन्नतीस हजार छः सौ रूपये मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | चैनपुर | 2 | बांसडीह मोड़ से ताली पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | चैनपुर | 3 | पी0डब्लू0डी0 पथ से हरीनामार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |
| | | चैनपुर | 4 | करसो से रंका सिवाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | चैनपुर | 5 | चोटहासा से जयनागरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| 2 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/11/23-24 | चैनपुर | 1 | चान्दो से दुबा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1085.696 | दस करोड़ पच्चासी लाख उन्नहतर हजार छः सौ रूपये | 09 माह | प्रथम |
| | | चैनपुर | 2 | चान्दो से मुरू महाउत मुड़ीया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | चैनपुर | 3 | पी0डब्लू0डी0 रोड जगरनाथ मिश्रा इन्टर कॉलेज से कल्यानपुर होते हुए ननफुलिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | चैनपुर | 4 | चान्दो से अवसाने तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| | | चैनपुर | 5 | आर0ई0ओ0 रोड हरभोंगा से गरदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | | | | |
| 3 | RWD/DALTONGANJ/37/SRPKG/01/22-23 | हुसैनाबाद | 1 | मलवरिय मुख्य नहर पीच रोड से काजीबिगहा शेखपुरा खरडीहा होते हुए कुडुवा रोड तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। | 800.02984 | आठ करोड़ दो हजार नौ सौ चौरासी रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| | | हैदरनगर | 2 | हैदरनगर मोहम्मदगंज आर0सी0डी0 पथ भाई बिगहा (थाना ब्लॉक रेलवे स्टेषन मोड़) से खरगड़ा होते हुए कबरा कला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। | | | | |
| 4 | RWD/DALTONGANJ/38/SRPKG/02/22-23 | पांकी | 1 | पांकी मेन रोड से ग्राम सुरजवन चन्द्रपुर सिवान होते हुए सकलदीपा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | 695.25477 | छः करोड़ पंचाबे लाख पच्चीस हजार चार सौ सतहतर रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 2 | आर0सी0डी0 डबरा मोड़ से सांगबार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |
| | | पांकी | 3 | पी0डब्लू0डी0 रोड से हुरलौंग गोगार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य । | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.12.2023 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.12.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –.06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR.NO.312499 District(23-24):D



## झारखण्ड सरकार
## पथ निर्माण विभाग
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार

(1st Call)

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–टेन्डर रिफरेंस संख्या– RCD/LATEHAR/1029/2023-24

दिनांक–01.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बालुमाथ – मुरपा – लपरा (एम.डी. आर.– 143) पथ (कुल लम्बाई–23. 00 कि0मी0) का पुनर्निर्माण कार्य। |
| 2क. | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | रू0 :– 97,63,75,178.00 (सनतानबे करोड़ तिरसठ लाख पचहत्तर हजार एक सौ अठहत्तर रूपये) मात्र |
| 2ख. | बिड सिक्यूरिटी – (रू0 में) | रू0–97,64,000.00 (सनतानबे लाख चौसठ हजार) मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| 4. | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.12.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 28.12.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड– 829206 |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या | **06565–247907** |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | **0651–2403007** |

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,लातेहार

PR 312434 Road(23-24).D



## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

### दुकान आवंटन हेतु आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत दुकानों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन हेतु आवेदन के प्रपत्र में अपना डाटा भरकर आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज ससमय कार्यालय में समर्पित किया जाना है:–

**बस स्टैंड, सोनपुरवा, गढ़वा**

1. 02 पासपोर्ट साईज फोटो।
2. आधार कार्ड की छाया प्रति।
3. भोटर कार्ड की छायाप्रति।
4. होल्डिंग टैक्स की छायाप्रति।
5. बस स्टैंड, सोनपुरवा की आवंटन की प्रक्रिया सर्वप्रथम विस्थापित दुकानदारों को प्राथमिकता दिया जायेगा।

**सब्जी बाजार, चौधराना बाजार, गढ़वा**

1. 02 पासपोर्ट साईज फोटो।
2. आधार कार्ड की छाया प्रति।
3. भोटर कार्ड की छायाप्रति।
4. होल्डिंग टैक्स की छायाप्रति।
5. सब्जी बाजार, चौधराना बाजार की आवंटन की प्रक्रिया सर्वप्रथम विस्थापित दुकानदारों को प्राथमिकता दिया जायेगा।

**सदर अस्पताल के सामने, मेन रोड, गढ़वा**

1. 02 पासपोर्ट साईज फोटो।
2. आधार कार्ड की छाया प्रति।
3. भोटर कार्ड की छायाप्रति।
4. होल्डिंग टैक्स की छायाप्रति।
5. नगर परिषद गढ़वा क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता दिया जायेगा।

आवेदन पत्र कार्यालय नगर परिषद गढ़वा में दिनांक 04.12.2023 से 20.12.2023 तक कार्यालय अवधि में रू0 1000.00 (एक हजार रूपये)+18% GST का Demand Draft, जो Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa के नाम से होगा, जमा कर प्राप्त कर सकते हैं तथा दिनांक 11.12.2023 से 22.12.2023 तक कार्यालय अवधि में आवेदन के प्रपत्र में अपना डाटा भरकर आवेदन के साथ उपर्युक्त दस्तावेज संलग्न कर जमा किया जाना है।

नोट

1. दुकान की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवंटन में पारदर्शिता लाने हेतु लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया किया जायेगा।
2. उपर्युक्त दुकान एक परिवार से सिर्फ एक ही सदस्यों को दुकान आवंटित किया जा सकता है तथा पूर्व से आवेदक का नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कोई और दूसरा दुकान (नगर परिषद गढ़वा द्वारा निर्मित) आवंटित नहीं होना चाहिए (शपथ–पत्र के माध्यम से प्रमाण देना अनिवार्य होगा)।
3. कार्यालय नगर परिषद गढ़वा से निर्गत शहरी पथ फुटकर विक्रेता पहचान पत्र को प्राथमिकता दिया जायेगा।
4. नगर परिषद गढ़वा क्षेत्रान्तर्गत के नागरिकों को प्राथमिकता दिया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR312476 (Urban Development)23-24*D



## Garhwa Nagar Parishad

Address: Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana Road, Garhwa

Reference No.- GNP/RFP-01/2022-23 4th Call Date: 01.12.2023

### Tender Notice

IMPORTANT INFORMATION

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,47,95,439 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,58,86,388 Total: ₹ 4,06,81,827 |
| 3. | Bid Security (INR) | ₹ 406818.00/-. (Rupees Four Lakhs Six Thousand Eight Hundred Eighteen Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable +18% GST |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 02.12.2023 |
| 7. | Document downloading start Date | 02.12.2023 |
| 8. | Start date for seeking clarification | ---------- |
| 9. | End date for seeking clarification | ---------- |
| 10. | Pre bid meeting date, Time & Venue | ---------- |
| 11. | Bid submission end date | 18.12.2023 |
| 12. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 20.12.2023 |
| 13. | Bid opening date (online) | 22.12.2023 |
| 14. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Garhwa Nagar Parishad |
| 16. | Helpline Number | 8409053313, 9431141644 |

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Garhwa Nagar Parishad

PR 312494 Urban Development(23-24)#D



## कार्यालय :– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

email-npsbnagar@gmail.com

### सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 05/2023–24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2028–29 तक (05 वर्षों) के लिए नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग की बंदोबस्ती हेतु आम डाक की तिथि निम्नवत् निर्धारित की गई है –

| क0 | सैरात का नाम | डाक का स्थान | डाक की स्थान, तिथि एवं समय | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित राशि का 25 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | होर्डिंग (विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाने का कार्य) | नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। | **नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर 14.12.2023 अप0– 12.30 बजे** (अपरिहार्य कारणवर्ष स्थगित होने पर अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर ) | **25,000/–** | **6,250/–** |

डाक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के द्वारा की जायगी। खुले डाक में सम्मिलित होने के लिए डाकवक्ता को सुरक्षित राशि का 25 प्रतिशत राशि का बैंक ड्राफ्ट (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के नाम से होगा) जो कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में जमा करना अनिवार्य है। बैंक ड्राफ्ट के साथ पैन कार्ड, अद्यतन आयकर, स्वच्छता प्रमाण पत्र (चरित्र प्रमाण पत्र उपायुक्त कार्यालय द्वारा निर्गत) मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में जमा करना अनिवार्य होगा। 25% प्रतिशत राशि एवं कागजात कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में डाक के एक दिन पूर्व कार्यालय अवधि तक जमा करना अनिवार्य है, कागजात जमा करने की तिथि 14.12.2023 एवं समय 12.30 बजे अप0।

उक्त कागजातों के अलावा इस आय का शपथ पत्र भी जमा करना अनिवार्य होगा कि उनका नाम काली सूची में दर्ज नहीं है एवं कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर का कोई टैक्स/बन्दोबस्त राशि बाकी नहीं है।

वांछित कागजात नहीं रहने पर डाक में भाग नहीं ले सकेंगे एवं इसके लिए कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। पूर्व में की गई बन्दोबस्ती राशि से डाक की बोली कम होने पर उसे अमान्य कर दिया जायेगा।

होर्डिंग स्थल की सूची एवं अन्य शर्ते कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के सूचना पट्ट अथवा विभागीय वेवसाइट udhd.jharkhand.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 312490 (Urban Development)23-24*D



## कार्यालय :– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### अल्पकालीन निविदा

(NIT No. - 12/2023-24)

| | |
|---|---|
| 1. विज्ञापनदाता का नाम | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 14.12.2023 एवं दिनांक 15.12.2023 के कार्यालय अवधि में न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 3. निविदा प्राप्ती का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 16.12.2023 के 10.00 बजे पूर्वा0 से 02.00 बजे अप0 तक न0पं0, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर |
| 4. निविदा खोलने का तिथि, स्थान एवं समय | दिनांक 16.12.2023 को नगर पंचायत, कार्यालय, श्री बंशीधर नगर में 3.00 बजे अप0 से। |

| क्र0 | कार्य का नाम | मद | वार्ड | प्रा0 राशि | परिमाण विपत्र मूल्य | अग्रधन राशि | कार्य पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of RCC Culvert Near House of Mangal Haluwai | नागरिक सुविधा | 3 | 866400.00 | 5000.00 | 17350.00 | 02 माह |
| 2 | Construction of RCC Drain and Slab From Sulabh Shouchalay to Thana gali (Part_01) | नागरिक सुविधा | 8 | 998500.00 | 5000.00 | 20000.00 | 02 माह |
| 3 | Construction of RCC Drain and Slab From Sulabh Shouchalay to Thana gali (Part_02) | नागरिक सुविधा | 8 | 998500.00 | 5000.00 | 20000.00 | 02 माह |
| 4 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Murari thakur to house of Awadhesh Chandrawanshi (Part_01) | नागरिक सुविधा | 12 | 978100.00 | 5000.00 | 19600.00 | 02 माह |
| 5 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Murari thakur to house of Awadhesh Chandrawanshi (Part_02) | नागरिक सुविधा | 12 | 262000.00 | 1000.00 | 5250.00 | 02 माह |
| 6 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Gopal Saw to house of Hira saw | नागरिक सुविधा | 12 | 650700.00 | 5000.00 | 13050.00 | 02 माह |
| 7 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Brijkishor tiwari to house of Dilipan Yadav (part_01) | नागरिक सुविधा | 12 | 998800.00 | 5000.00 | 20000.00 | 02 माह |
| 8 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Brijkishor tiwari to house of Dilipan Yadav (part_02) | नागरिक सुविधा | 12 | 989400.00 | 5000.00 | 19800.00 | 02 माह |
| 9 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Shriram Prasad to house of Birendra Prasad | नागरिक सुविधा | 13 | 599500.00 | 5000.00 | 12000.00 | 02 माह |
| 10 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Ajay Tiwari to house of Munna mukesh | नागरिक सुविधा | 13 | 732600.00 | 5000.00 | 14700.00 | 02 माह |
| 11 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Baijnath saw to house of Surendra Saw (part_01) | नागरिक सुविधा | 13 | 906500.00 | 5000.00 | 18150.00 | 02 माह |
| 12 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Baijnath saw to house of Surendra Saw (part_02) | नागरिक सुविधा | 13 | 906500.00 | 5000.00 | 18150.00 | 02 माह |
| 13 | Construction of RCC Drain and Slab From house of Saryu sharma to Devi dham | नागरिक सुविधा | 15 | 896300.00 | 5000.00 | 17950.00 | 02 माह |
| 14 | Construction of Guidewall from Culvert to Land of Ramnath Mehta | नागरिक सुविधा | 16 | 990200.00 | 5000.00 | 19850.00 | 02 माह |

अधिक जानकारी के लिये के बेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 312492 Urban Development(23-24).D

ज्ञान की बात

**स्वर्ग में सब कुछ है लेकिन मौत नहीं है, गीता में सब कुछ है लेकिन झूठ नहीं है, दुनिया में सब कुछ है लेकिन किसी को सुकून नहीं है, और आज के इंसान में सब कुछ है लेकिन सब्र नहीं ।**

**– अज्ञात**

# पर्यावरण की रक्षा हो

***झारखंड*** वैसे तो वनों का प्रदेश है। लेकिन इसका सुन्दरता पर हाल के दिनों में ग्रहण लग गया है। प्राकृतिक खूबसूरती इसकी खूबियों में रचा बसा है। देश के झारखंड राज्य में पश्चिम सिंहभूम जिले की पहाड़ियों पर फैला हुआ घना क्षेत्र सारंडा जंगल कभी शिकार के लिए प्रसिद्व हुआ करता था। जंगलों के इस प्रदेश में आधुनिकता की हवा में जहर घुलता जा रहा है। कारण पेड़ों की कटाई अनवरत जारी है। दूसरी तरफ यह इलाका नक्सलियों के अभयारण्य के रूप में प्रसिद्व हो चुका है। यही कारण है कि राज्य सरकार इस मामले पर गंभीर है। पिछले दिनों मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से सुधार की दिशा में कुछ अच्छे कदम उठाये गये हैं। पेड़ बचाओ अभियान की शुरूआत हो चुकी है। जमीन पर उसके असर कुछ हद तक दिख भी रहे हैं। सरकार की ओर से पेड़ लगाओ और बिजली बिल में छूट पाओ योजना धरातल पर आंशिक ही सही दिख रहे हैं। राज्य के शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई इस योजना के लिए अगले साल आवेदन की मांग की गई है। योजना की मॉनिटरिंग वन विभाग की ओर से की जायेगी। लोग नगर निकायों के दफ्तर में आवेदन कर सकेंगे। यह योजना सिर्फ शहरी क्षेत्रों के लिए है, जिसमें पौधे लगाने वालों को प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। यह लाभ अधिकतम पांच पेड़ के लिए मिलेगा, यानी एक उपभोक्ता पांच पेड़ों के एवज में 25 यूनिट तक की मुफ्त बिजली का लाभ ले सकेगा। इस योजना को सरकार ने पहले ही मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक साल पहले वन महोत्सव के दौरान घोषणा की थी कि शहरी क्षेत्रों में जो लोग अपने आवासीय परिसर में पेड़ लगाएंगे, उन्हें प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली पर सब्सिडी दी जायेगी। सरकार ने इस योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 से लागू करने की स्वीकृति दी है। आवासीय परिसर में पेड़ लगाने पर लाभ यह लाभ निजी आवासीय परिसर में फलदार और बड़े छायादार वृक्ष लगाने पर ही मिलेगा। जब तक कैंपस अथवा घरों के परिसर में पेड़ रहेंगे, उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट का यह लाभ मिलता रहेगा। इस योजना का उद्देश्य राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरियाली को विकसित करना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। आवासीय परिसरों में लगाये गये पेड़ों की गणना नगर निकाय की जिम्मे है। इसकी सूची वन विभाग को सौंपी जायेगी। वन विभाग पेड़ों की सूची के आधार पर इसकी मॉनिटरिंग करेगी और पेड़ों की लंबाई चौड़ाई मापने के बाद इस योजना के योग्य लाभुकों की सूची बिजली विभाग को सौंपेगा। अभी मुख्यमंत्री सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चल रहा है। मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को पलामू में हैं। कार्यक्रम के शिविरों में करोड़ो रूपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किये गये। लेकिन पर्यावरण की चर्चा नहीं हुई। राज्य के विकास में वनों की रक्षा महत्वपूर्ण है। शायद यह मौका इसके अनुरूप नहीं है। लेकिन इसे प्राथमिकता से लेने की जरूरत है। बहरहाल बिहार सरकार की ओर से भी पौधरोपण, पोखरों और कुओं के निर्माण के लिए जल जीवन हरियाली योजना 2023 शुरू की गई है। इसके तहत चापाकल, कुआं, सरकारी भवनों में बारिश के पानी को स्टोर करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग की जा रही है। इस योजना के तहत राज्य के किसान बिहार सरकार से सब्सिडी प्राप्त कर तालाब भी बनवा रहे हैं। जिनसे उन्हें सिंचाई करने में परेशानी नहीं होगी।

**राज्य के शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई इस योजना के लिए अगले साल आवेदन की मांग की गई है। योजना की मॉनिटरिंग वन विभाग की ओर से की जायेगी। लोग नगर निकायों के दफ्तर में आवेदन कर सकेंगे। यह योजना सिर्फ शहरी क्षेत्रों के लिए है, जिसमें पौधे लगाने वालों को प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी।**

# कॉप-28 जलवायु नियंत्रित करने के लिए कमर कसें





ललित गर्ग

***धरती*** की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित हो रहा संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन-कॉप-28 बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हमारे जीवन पर साफ-साफ दिखने लगा है। 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गई थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। इस साल तापमान में वृद्धि, महासागर की गर्मी, अंटार्कटिका की बर्फ का घटना आदि ने ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को चिन्ताजनक स्तर तक पहुंचा दिया है। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है, बार-बार बाढ़, सूखा एवं भुस्खलन हो रहा है। इसलिए, विकसित देशों को अपना कार्बन उत्सर्जन कम करने और ग्रीन एनर्जी में निवेश करने की आवश्यकता है। पर्यावरण के बिगड़ते मिजाज एवं जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों ने जीवन को जटिल बना दिया है। वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पायेगा। रोम में सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में सभी देश धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस कम करने पर राजी हुए हैं। इसके अलावा उत्सर्जन को नियंत्रण करने के तथ्य निर्धारित किये गये हैं। जी-20 ने तो शताब्दी के मध्य तक कार्बन न्यूट्रेलिटी तक पहुंचने का वादा भी किया है। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र यानी संकटकालीन परिवेश में प्रवेश कर रहा है। जाहिर है कि कॉप-28 में अब निर्णायक एवं कार्यकारी स्तर पहुंचना होगा, सिर्फ लुभावनी योजनाओं एवं भाषणों से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके प्रतिनिधि कोरी खानापूर्ति करते आये हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें समस्या के समाधान के लिये बहुत काम नहीं हो पाया है। सभी प्रतिनिधि देशों को इस विकराल एवं ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिये न केवल कमर कसनी होगी, बल्कि आर्थिक सहयोग भी करना होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 में भाग लेने दुबई पहुंच गये हैं। उन्होंने ग्लासगो में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन (सीओपी 26) में बढ़ते पर्यावरण संकट में पिछड़े देशों की मदद की वकालत की ताकि गरीब आबादी सुरक्षित जीवन जी सके। मोदी ने अमीर देशों को स्पष्ट संदेश दिया कि धरती को बचाना उनकी प्राथमिकता होनी ही चाहिए, वे अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जलवायु संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया को लेकर भारत की चिंता गैरवाजिब नहीं है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, जिसके कारण आने वाली पीढ़ियों एवं धरती पर पर्यावरण का भविष्य खराब हो सकता है। भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है। देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल पा रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। गरीब लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। विस्थापन लगातार बढ़ रहा है। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है। भारत में नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर कई राज्यों की सरकारें आपस में उलझी हैं। किसी और को अपना पानी किसी भी हाल में न देने या किसी और से हर सूरत में पानी छीन लाने के नाम पर चुनाव लड़े और जीते जा रहे हैं। लेकिन नदियों की हालत कैसे सुधरे, उनका पानी कैसे बढ़ाया जाय और उन्हें कचरे का ढेर बनने से कैसे रोका जाय, यह बात राजनीति तो क्या नागरिक समाज के अजेंडे से भी बाहर है। एक आधुनिक कहावत है कि अपने ग्रह के साथ हम ऐसे खिलवाड़ कर रहे हैं, जैसे इसके विकल्प के रूप में कोई और ग्रह हमने बक्से में बंद कर रखा हो- यह बिगड़ जायेगा तो क्या हुआ, उससे खेल लेंगे! अमेरिका की नैशनल इंटेलिजेंस इस्टीमेट रिपोर्ट में भारत को पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित उन 11 देशों में शामिल किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में माने गये हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आने वाले समय में विश्व तापमान की दशा तय करने में चीन और भारत की अहम भूमिका रहने वाली है। आखिर चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है। भारत भले चौथे नंबर पर है, लेकिन चीन के साथ जुड़ इसलिए जाता है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उत्सर्जन की मात्रा साल-दर-साल बढ़ रही है।

**सभी प्रतिनिधि देशों को इस विकराल एवं ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिये न केवल कमर कसनी होगी, बल्कि आर्थिक सहयोग भी करना होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 में भाग लेने दुबई पहुंच गये हैं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

इस कथा का बहुत ही महत्व है और ज्योतिष की दृष्टि से भी इसका बहुत महत्व है। इसे सद्गुरु शिवानंदमूर्ति ने अपनी उत्कृष्ट पुस्तक, मार्गदर्शकुलु महर्षिलु (संतों को द्रष्टा और मार्गदर्शक के रूप में) अच्छी तरह से समझाया है।

**रेणुका का सिर काटना और उसका जीवित होनाः**

समय के साथ, जमदग्नि और रेणुका को पांच पुत्र प्राप्त हुए, रुशुनवंत, सुषेण, वसु, विश्वावसु और राम (परशुराम)। वे अच्छे से बड़े हो रहे थे। रेणुका (उनके सम्मान में एक मंदिर और एक तालाब - रेणुका जी हिमाचल प्रदेश में अंबाला से शिमला के रास्ते पर है और एक सुरम्य स्थान है) उनकी आदत थी कि वे रोजाना नदी पर जाते थे और मिट्टी के बर्तन में पानी लाते थे। एक बार जब बर्तन उसके हाथ से फिसल गया, तो उसने बस कुछ नदी की रेत उठाई और उसे अपने हाथों से एक बर्तन का आकार दिया, और उसकी आध्यात्मिक शक्तियों के कारण उसमें पानी था। (ऐसी ही एक कहानी श्री साईं सच्चरित्र में शिरडी के श्री साईं बाबा के बारे में बताई गई है कि वह वामन तात्या नामक एक शिष्य द्वारा दिये गये कच्चे मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करके पौधों को पानी दे रहे थे और प्रत्येक दिन के अंत में बर्तन टूट रहे थे और नये बर्तन लगाये जा रहे थे। एक दिन, जैसा कि भाग्य को मंजूर था, उसने नदी में चित्रराधा नाम के एक गंधर्व राजा को अपनी कई पत्नियों के साथ क्रीड़ा करते देखा। वह खड़ी होकर खेल देख रही थी और यद्यपि सचेतन स्तर पर वह अप्रभावित थी। अवचेतन स्तर पर उसका मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया था (एक बार आभा जितनी अधिक शुद्ध होती है, उससे प्रभावित होना उतना ही आसान होता है।

**(क्रमशः)**

# क्लास रुम तक ड्रग्स की दस्तक शिक्षण संस्थायें फिर भी चुप



डॉ. रमेश ठाकुर

***ड्रग्स*** तस्करी में छात्रों की गिरफ्तारी ने 'शिक्षा मंदिरों' की विश्वसनीयता पर सीधे सवाल खड़े कर दिये हैं। एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न नामी शिक्षण संस्थाओं में फैला 'ड्रग्स का सिंडिकेट खेल, कोई आज का नहीं, बहुत पहले का है। कॉलेजों के भीतर छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी बहुतेरी हुई जिसे कॉलेज प्रशासन द्वारा दबाया गया। कई बार क्लास रूम में छात्रों ने नशे में साथी क्लासमेट के साथ खूनी वारदात को भी अंजाम दिया, फिर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। इस पूरे खेल की जानकारियां शिक्षा संस्थाओं के टॉप मैनेजमेंट को बहुत पहले से थी। लेकिन, बदनामी का डर कहें, या शिक्षा की दुकानें बंद होने भय? इन दोनों के डर के चलते सच्चाई पर पर्दा डाला जाता रहा। स्थानीय पुलिस-प्रशासन के बड़े ओहदेदार अफसर इस बात को स्वीकारते हैं कि उन्हें पूरे तंत्र की जानकारियां मौखिक रूप से तो थी, लेकिन, ठोस सबूत और मुकम्मल सूचनाएं नहीं होने से कार्रवाई से वंचित थे। पर, बीते सोमवार यानी 27 नवंबर का दिन शायद मुकर्रर था जिसके बाद पूरा तंत्र एक्सपोज हुआ। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कई ड्रग्स तस्करों के एक साथ नोएडा में दबोचा। लेकिन ये कार्रवाई अचंभित करने वाली रही। पुलिस भी दंग रह गई, जो तस्कर दबोचे गये इनमें ज्यादातर नोएडा के नामी शिक्षण संस्थानों के छात्र हैं। पूछताछ हुई तो प्रशासन के होथ ही उड़ गये। आरोपी छात्रों ने कबूला कि वो एक नहीं, बल्कि नोएडा के तकरीबन सभी प्रसिद्ध कॉलेजों में ड्रग्स की सप्लाई सालों से करते आये हैं। इस खेल में छात्र ही नहीं, हर क्षेत्र के लोग संलिप्त बताये जाते हैं। छात्र ड्रग्स की सप्लाई स्नैपचैट, टेलीग्राम, व्हाट्स ऐप व छोटा पार्सल के जरिए करते थे। उन्हें नशीला पदार्थ देता कौन था? उपलब्ध कहां से और कौन करवाता था? इसका भी उन्होंने खुलासा करके कइयों को नंगा कर दिया। सफेदपोश से लेकर इस खेल के तार विदेशों तक जुड़े हैं। जो गिरोह फिलहाल पकड़ा गया है उसका मुखिया मियां-बीवी बताये गये हैं। पति नोएडा में ही रहता है और उसकी बीवी विदेश में रहकर समुद्र के जरिये नोएडा में ड्रग्स भिजवाती थी। छात्र इस तंत्र में कैसे फंसे, इसका भी खुलासा हुआ है। दरअसल, ड्रग्स तस्कर अच्छे से जानते हैं कि छात्रों को लालच देकर आसानी से फंसाया जा सकता है। सबसे पहले उन्हें इसका सेवन करवाते थे। फिर ज्यादा कमाने की लालच देते थे। कॉलेजों के अलावा छात्र नोएडा में कई सफेदपोशों, व्यापारियों, अधिकारियों आदि को भी उनकी डिमांड पर ड्रग्स मुहैया करवाते थे। ड्रग सिंडिकेट के इस तंत्र के एक्सपोज होने के बाद पेरेंट्स को होशियार होना होगा? अभिभावक अपने सपनों को सच करने के लिए अपनी कमाई का सारा हिस्सा पेट काटकर अपने बच्चों को नामी शिक्षण संस्थाओं में भेजते हैं। लेकिन उन्हें क्या पता, उनका बच्चा वहां पढ़ाई करता है या फिर कुछ और? नशा एक ऐसा चस्का है जो एक बार चख ले, फिर आसानी से नहीं छोड़ता। प्रत्यक्ष रूप से शिक्षण संस्थाओं को दोष इसलिए नहीं दे सकते, क्योंकि उन्हें तो शिक्षा के नाम से व्यापार करना होता है? उनके यहां आपका बच्चा नहीं पढ़ेगा, तो किसी दूसरे का पढ़ेगा? यहां जरूरी ये हो जाता है कि शिक्षण संस्थाओं के अलावा अभिभावकों को भी अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ बाकी अन्य गतिविधियों पर बराबर नजर बनाये रखनी की आवश्यकता है। कुछ प्वाइंटों पर अभिभावकों को सतर्क होना पड़ेगा। जैसे, अगर बच्चों के हाथों में महंगे फोन्स, मार्डन इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स, पार्टी-फंक्शन में जाने वाले महंगे से महंगे कपड़े जब देखें, तो तंरत सावधान हो जाएं और बिना देर किये उनसे सवाल करके पूछना चाहिए कि ये सब कहां से आये? नामी शिक्षण संस्थाएं बेशक छात्रों को अपने यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध क्यों न करवाते हो? बावजूद इसके अभिभावकों को समय निकालकर बच्चों के हॉस्टल जाकर उनकी तमाम गतिविधियों और सामानों की निगरानी करनी चाहिए।


**कॉलेजों के भीतर छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी बहुतेरी हुई जिसे कॉलेज प्रशासन द्वारा दबाया गया। कई बार क्लास रूम में छात्रों ने नशे में साथी क्लासमेट के साथ खूनी वारदात को भी अंजाम दिया।**

शिक्षा

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# पाकिस्तान परस्तों के साथ महबूबा का प्रेम तो देखो



आर.के.सिन्हा

***अहसान*** फरामोशी के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुछ लोगों का कोई जवाब नहीं है। उनकी बार-बार भारत के प्रति घृणा सामने आती ही रहती है। यह तो तब है जब भारत सरकार जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। अब ताजा मामले को ही देख लें। राज्य के गांदरबेल में मौजूद 'शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी' के सात छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। इन कश्मीरी छात्रों पर आरोप है कि इन्होंने विगत 19 नवंबर को क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की हार के बाद जमकर जश्न मनाया और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गये। छात्रों के ऊपर 'गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम' यानी यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्हें अब दिन में तारे नजर आने लगेंगे। यूएपीए के तहत गिरफ्तार किये लोगों के लिए जमानत मिलना भी मुश्किल होता है। अगर किसी के ऊपर इस धारा के तहत मुकदमा दर्ज हो जाता है, तो उसके लिए निचली अदालतों से जमानत लेना बेहद कठिन होता है। इन छात्रों की हरकत के बारे में एक गैर-कश्मीरी छात्र ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने कहा था कि जब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया, तब उनकी यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में कश्मीरी छात्रों ने खुलेआम जश्न मनाया। इसकी वजह से वह और उसके बाकी साथी डर गये। डरे और सहमे छात्रों ने हॉस्टल में फोड़े जा रहे पटाखों को लेकर भी आपत्ति जताई। मगर कश्मीरी छात्र जश्न मनाते रहे। शिकायत के बाद पुलिस ने इन सातों कश्मीरी छात्रों को उनके हॉस्टल से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये छात्रों की पहचान तौकीर भट, मोहसिन फारूक वानी, आसिफ गुलजार वार, उमर नजीर डार, सैयद खालिद बुखारी, समीर राशिद मीर और उबैद अहमद के रूप में हुई है। गिरफ्तार कश्मीरी छात्र 'जीवे जीवे पाकिस्तान' (पाकिस्तान जिंदाबाद) के नारे लगा रहे थे। हालांकि कश्मीर में यह कोई पहली बार तो हो नहीं रहा है। कश्मीर घाटी में पाकिस्तान परस्त समय-समय पर सामने आने ही लगते हैं। हालांकि इनकी संख्या कोई बहुत तो नहीं है, पर यह नहीं कहा जा सकता है कि वहां किसी का भी दिल पाकिस्तान के लिए नहीं धड़कता है। जम्मू-कश्मीर के कुछ वे नेता भी उन पाकिस्तान के चाहने वालों के हक में खड़े हो जाते हैं जो विधायक या सांसद भी रहे हैं। जिन्होंने भारत के संविधान में अपनी आस्था की कसम भी खाई है। पाकिस्तान के हक में नारेबाजी करने वाले छात्रों को गिरफ्तार किया तो पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती को बहुत तकलीफ शुरू हो गई। उनका पाकिस्तान प्रेम सिर चढ़ कर सामने आ गया। उन्होंने गिरफ्तार छात्रों के लिए तत्काल पैरवी करनी चालू कर दी। वह पहले भी पाकिस्तान के साथ बेशर्मी के साथ खड़ी हुई नजर आती ही रही हैं। याद नहीं आता कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मुंबई हमलों के गुनहगारों को फांसी देने की भी कभी पाकिस्तान सरकार से मांग की हो। यह भी याद नहीं आता कि महबूबा मुफ्ती ने पाकिस्तान के घोर भारत विरोधी नेताओं जैसे शेख राशिद अहमद और फावद चौधरी की बयानबाजी पर कभी आपत्ति जताई हो। यह दोनों भारत पर एटमी हमला तक करने की धमकी देते रहे हैं। तब महबूबा मुफ्ती की जुबां सिल जाती है, जब वहां का कोई नेता भारत पर हमला करने की बातें करता है। जरा सोचिये कि जिस पाकिस्तान को सारी दुनिया आतंक का गढ़ मानती है, उसके प्रति महबूबा मुफ्ती का प्रेम कितना खुलकर सामने आ जाता है। उनकी इस घृष्टता की अनदेखी तो नहीं की जा सकती। क्या महबूबा मुफ्ती को पता नहीं है कि मुंबई हमलों के सारे के सारे हमलावर पाकिस्तानी थे? क्या वह मानती हैं कि अजमल कसाब पाकिस्तानी नहीं था? सारी दुनिया को पता है मुंबई में हमला पाकिस्तान में रहने वाले कठमुल्लों ने ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से ही करवाया था।

**कश्मीर घाटी में पाकिस्तान परस्त समय-समय पर सामने आने ही लगते हैं। हालांकि इनकी संख्या कोई बहुत तो नहीं है, पर यह नहीं कहा जा सकता है कि वहां किसी का भी दिल पाकिस्तान के लिए नहीं धड़कता है।**


देश- विदेश

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# लिवर में गंदगी जमा होने पर दिखते हैं ऐसे लक्षण, इन फूड्स की मदद से करें डिटॉक्स

लिवर को मजबूत और स्वस्थ बनाने में फिजिकल एक्टिविटी और एक्सरसाइज का अहम रोल होता है। ऐसे में अगर आप भी लिवर डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कि कब और कैसे लिवर को डिटॉक्स करना चाहिए। लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। क्योंकि लिवर हमारे शरीर से जहरीले रसायन यानी की टॉक्सिन को बाहर निकालने का काम करता है। इसके अलावा यह पित्त का उत्सर्जन कर इंजाइम को सक्रिय करता है। इसके अलावा यह प्रोटीन और कोलेस्ट्रॉल के उत्पादन में भी सहायक होता है। लीवर विटामिन ए, मिनरल्स और आयरन का स्टोरेज भी करता है। वहीं लिवर को मजबूत और स्वस्थ बनाने में फिजिकल एक्टिविटी और एक्सरसाइज का अहम रोल होता है।

लिवर को साफ करने के लिए लिवर डिटॉक्स की आवश्यकता होती है। ऐसे में लिवर को समय-समय पर साफ करना बहुत जरूरी होता है। ऐसे में अगर आप भी लिवर डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कब और कैसे लिवर को डिटॉक्स करना चाहिए।




## कब करना चाहिए लिवर डिटॉक्स

मुंह व शरीर से बदबू आना
तनाव व चिंता होना
अनहेल्दी फील करना
त्वचा पर खुजली होना
गैस और पेट फूलना
मूड स्विंग होना
एनर्जी की जरूरत
दाने-धब्बे होना
मीठे की क्रेविंग
पेट में गड़बड़

## क्या है लिवर डिटॉक्स

आपको बता दें कि लिवर डिटॉक्स क्लींज और फ्लश का एक ऐसा प्रोसेस हैं, जो आपके शरीर से टॉक्सिंस यानी की विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा वेट कम करने और सेहत को बेहतर बनाता है। अगर आपको बार-बार एलर्जी आदि हो रही है, तो समझ जाना चाहिए कि आपके लिवर को डिटॉक्स की जरूरत है।

## कैसे करें लिवर डिटॉक्स

गर्म पानी और नींबू

अगर आप गर्म पानी में नींबू मिलाकर पीते हैं, तो यह आपके लिवर को साफ करने में मदद करता है। यह आपके शरीर से टॉक्सिन पदार्थ को बाहर निकालता है। लिवर डिटॉक्स के लिए सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से जबरदस्त लाभ मिलता है।

## हल्दी का सेवन

हल्दी में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी लिवर डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो हल्दी का सेवन बढ़ा देना चाहिए। बता दें कि हल्दी एंजाइम बूस्टर का काम करती है। इसके सेवन से पेट के अंदर गए टॉक्सिन पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

## सब्जियों का सेवन

ब्रोकली, सरसों का साग, पालक और गहरे रंग की सब्जियों में क्लींजिंग कंपाउंड पाया जाता है। इसके सेवन से शरीर विषाक्त पदार्थ खत्म हो जाते हैं और लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। ऐसे में आप चाहें तो लिवर डिटॉक्स के लिए इन सब्जियों के जूस का भी सेवन कर सकते हैं।

## आंवला

आंवले का जूस हमारे लिवर को साफ करने में फायदेमंद होता है। आंवला में एंटी ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो हमारे शरीर से टॉक्सिन पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करता है।

## चिया सीड्स ओट्स खिचड़ी

इसके अलावा लिवर डिटॉक्स के लिए आपको चिया सीड्स और ओट्स से बनी खिचड़ी का सेवन करना चाहिए। यह फाइबर की तरह काम करता है और लिवर की सफाई में मदद करता है। चिया सीड्स और ओट्स से बनी खिचड़ी लिवर में चिपके जिद्दी फैट और ट्राईग्लिसराइड को कम करता है।


❖ अनन्या मिश्रा

# दांतों को ऐसे करें देखभाल

हर वर्ग के लोगों को दांतों का खास ख्याल रखना चाहिए। जिससे कि यह लंबे समय तक हेल्दी रहें। क्योंकि जब आपके दांत हेल्दी और मजबूत होंगे, तो आप भी स्वस्थ रहेंगे। दांतों का सीधा कनेक्शन हमारे दिल की सेहत के साथ जुड़ा होता है। हमारे शरीर में दांत काफी ज्यादा सेंसिटिव होते हैं। दांतों का हमें खास ख्याल रखना होता है। लेकिन अधिकतर लोगों को दांतों का ख्याल उस दौरान आता है, जब उनको कुछ समस्या शुरू हो जाती है। आज के समय में हर वर्ग के लोग दांतों की समस्या से परेशान रहते हैं। बता दें कि दांतों का सीधा कनेक्शन हमारे दिल की सेहत के साथ जुड़ा होता है। आप ने भी यह नोटिस किया होगा कि जब दांत में दर्द होता है, तो इसके साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों जैसे, सिर, कान आदि में भी दर्द होने लगता है। इसलिए दांतों को स्वस्थ रखना बेहद जरूर है। ऐसे में एक बड़ा सवाल यह भी है कि अपने दांतों का ख्याल कैसे रखें। हर वर्ग के लोगों को दांतों का खास ख्याल रखना चाहिए। जिससे कि यह लंबे समय तक हेल्दी रहें। क्योंकि जब आपके दांत हेल्दी और मजबूत होंगे, तो आप भी स्वस्थ रहेंगे। वहीं डॉक्टर्स की मानें तो दांतों की आसानी से देखभाल की जा सकती है। इसके लिए आपको कुछ आसान से टिप्स फॉलो करने हैं। वहीं इसके बाद भी अगर कुछ समस्या होती है, तो फौरन डेंटिस्ट से संपर्क करना चाहिए।

## ऐसे रखें दांतों का ख्याल

दांतों की परेशानी का मुख्य कारण इनेमल लेयर नामक सुरक्षा परत का खत्म हो जाना या फिर हट जाना। हमारे दांतों की सुरक्षा इनेमल लेयर करती है। लेकिन दांतों का ख्याल न रखने पर आपके दांतों की समस्या शुरू हो सकती है।



## ब्रश का सही इस्तेमाल

दांतों की सुरक्षा के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप सही ब्रश का चुनाव करें। हमेशा दांतों को साफ करने के लिए मुलायम ब्रश का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके साथ ही ब्रश करते समय ध्यान रखें कि आपको ब्रश अपने दांतों पर रगड़ना नहीं है, बल्कि हल्के हाथों से दांतों पर ब्रश का इस्तेमाल करें।

## ज्यादा न लें शुगर

शुगर यानी की मीठा, न सिर्फ आपके शरीर बल्कि आपके दांतों के लिए भी मीठा हानिकारक होता है। इसलिए प्रयास करें कि आप कम से कम शुगर का सेवन करें। वहीं चिपचिपे पदार्थों को खाने से बचना चाहिए। अगर आप कुछ मीठा या चिपचिपा खाना खाते हैं, तो उसके बाद कुल्ला करना ना भूलें।

## ब्रश जरूर करें

हम सभी को दिन में दो बार ब्रश जरूर करना चाहिए। इसके साथ ही रात को ब्रश जरूर करें। क्योंकि रात में खाना खाने के बाद यदि आप ब्रश नहीं करते हैं, तो मुंह में मौजूद बैक्टीरिया आपके दांतों को कमजोर बना सकते हैं। इसलिए बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए आप पानी में हाइड्रोजन पैराक्साइड मिलाकर कुल्ला करें। इससे मुंह के बैक्टीरिया साफ हो जाएंगे।

## जरूर लें पौष्टिक आहार

हर व्यक्ति को अपनी डाइट में फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। क्योंकि फलों में एंजाइम और दूसरे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो हमारे दांतों को नेचुरल तरीके से साफ करते हैं। खासतौर पर हमारे दांतों के लिए विटामिन सी से भरपूर फल अच्छे होते हैं। यह ना सिर्फ हमारी सेहत बल्कि दांतों के लिए भी फायदेमंद होता है।

## पर्याप्त पानी पिएं

बता दें कि पानी एक नेचुरल माउथवॉश का काम करता है। जब आप पानी पीते हैं, तो यह आपके मुंह को समय-समय पर साफ करता रहता है। इससे आपके दांतों पर चाय-कॉफी या किसी अन्य खाने-पीने की चीजों के दाग नहीं पड़ते हैं।



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(हिंदी अकादमी, तेलंगाना सरकार से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

# कचरे को कचरा मत कहो

आह, कचरा! हमारी आधुनिक दुनिया का गुमनाम नायक। यह वास्तव में अविश्वसनीय है कि कैसे पूरी तरह से और पूरी तरह से बेकार कोई चीज हमारे जीवन में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

आइए कचरे की व्यापक सुविधा की सराहना करने के लिए कुछ समय निकालें। मेरा मतलब है कि इसके बारे में सोचें। जब हमारे घर बेतरतीब और अनावश्यक वस्तुओं से अव्यवस्थित हो जाते हैं, तो हम उन्हें देखते ही देखते कूड़ेदान में फेंक देते हैं! समस्या हल हो गई। यह जादू की तरह है, सिवाय इसके कि एक खरगोश को टोपी से बाहर निकालने के बजाय, हम पुराने केले के छिलके और खाली चिप बैग को एक बदबूदार प्लास्टिक बैग में भर रहे हैं और इसे खत्म कर रहे हैं।

और आइए कचरे के पर्यावरणीय प्रभाव को न भूलें। यह बहुत ही हृदयस्पर्शी है, है ना? मेरा मतलब है, किसे सुरम्य नदी में तैरती हुई प्लास्टिक की बोतलों का दृश्य, या अपशिष्ट कचरे से गुजरते समय बगुले की चीख की आवाज पसंद नहीं होगी? यह प्रकृति द्वारा इतनी सुंदर गंदगी पैदा करने में किए गए सभी प्रयासों के लिए 'धन्यवाद' कहने का एक तरीका है। लेकिन कचरे के बारे में मेरी सबसे पसंदीदा चीज वह तरीका है जिससे यह लोगों को एक साथ लाता है। कुछ भी 'सामुदायिक बंधन' नहीं कहता है, जैसा कि पड़ोसियों को इस बात पर बहस करते हुए देखना कि कूड़ा उठाने की बारी किसकी है, या सुबह होते ही सड़क पर कूड़ा उठाने वाले ट्रकों की मधुर ध्वनि। यह एक दैनिक अनुस्मारक की तरह है कि हम सब एक साथ हैं, बस अपने परिवेश को अच्छा और साफ-सुथरा रखने की कोशिश कर रहे हैं। और आइए गंध को न भूलें। ओह, गंध. उत्साह बढ़ाने और इंद्रियों को जगाने के लिए सड़ते भोजन और गीले कार्डबोर्ड की आनंददायक सुगंध से बेहतर कुछ नहीं है। यह गंधों का कचरागान की तरह है, प्रत्येक पिछले से अधिक तीखा और आक्रामक है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कचरा बीनने वाले हमारे समय के सबसे कम सराहे गए नायकों में से कुछ हैं। तो यहां कचरा है, हमारी आधुनिक दुनिया का गुमनाम नायक। इसके बिना, हमें अपने घरों को अव्यवस्थित करने, पर्यावरण को नष्ट करने, अपने पड़ोसियों के साथ संबंध बनाने और अपनी घ्राण इंद्रियों पर हमला करने के नए और रचनात्मक तरीके खोजने होंगे। और वास्तव में, इसके लिए समय किसके पास है जब एक बिल्कुल अच्छा कूड़ादान भरने का इंतजार कर रहा हो?

# ज्यादा नमक खाना सेहत के लिए हो सकता है हानिकारक



पैक्ड फूड्स में नमक की मात्रा काफी ज्यादा होती है। ऐसे में इन फूड्स का सेवन करने से व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। हम आपको बताने जा रहे हैं कि ज्यादा नमक के सेवन से किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नमक के बिना हमें किसी भी चीज का स्वाद नहीं मिलता है। इसलिए नमक के बिना खाने की कल्पना नहीं की जा सकती है। लेकिन अगर खाने में नमक की मात्रा कम या ज्यादा होने पर खाने का स्वाद बिलकुल खराब हो जाता है। बहुत लोग ऐसे भी होते हैं, जो खाने में नमक ज्यादा खाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नमक का ज्यादा सेवन आपके स्वास्थ्य को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। वहीं पैक्ड फूड्स में नमक की मात्रा काफी ज्यादा होती है। ऐसे में इन फूड्स का सेवन करने से व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अगर आप भी ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन करते हैं। ज्यादा नमक के सेवन से किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**ब्लोटिंग :** अगर आप भी खाने में ज्यादा नमक खाते हैं, तो ऐसा करने से आपको बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा नमक का सेवन करने से आपको ब्लोटिंग की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं कई बार खाना खाने के बाद आप सामान्य से अधिक फूला हुआ महसूस करते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि खाने में नमक की मात्रा ज्यादा होती है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं। तो आपको नमक का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

**ज्यादा प्यास लगना :** आपने भी देखा होगा कि नमक का ज्यादा सेवन करने से मुंह सूखने लगता है। जिसके कारण आपको बार-बार प्यास लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने पर पेट फूलने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है।

**नींद में खलल पड़ना :** अगर आप सोने से पहले ज्यादा मात्रा में सोडियम वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो आपकी नींद पर इसका असर पड़ सकता है। जब आप रात में ज्यादा नमक वाली चीजों का सेवन करते हैं, तो इससे आपको बेचैनी महसूस हो सकती है और नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए सीमित मात्रा में नमक का सेवन करना चाहिए।

**दिल की बीमारियों का खतरा :** नमक के ज्यादा सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसलिए अगर आप भी अपने दिल को सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको खाने में नमक की मात्रा सीमित रखना चाहिए।

**कितना करें नमक का सेवन :** ज्यादातर लोग नमक का ज्यादा सेवन करते हैं। जिसके कारण उनको हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या होती है। WHO के मुताबिक हर व्यक्ति के लिए नमक की मात्रा की जरूरत अलग-अलग हो सकती है। जोकि उनके शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करती हैं। लेकिन एक सामान्य व्यक्ति को 5 ग्राम नमक का सेवन करना चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6901

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6900 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**02 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.35 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मकर | 09.40 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.26 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.59 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.30 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 16.10 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.08 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.21 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.37 बजे से |
| | | कन्या | 00.49 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | तुला | 03.00 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.15 ब.से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 336 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 17.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 18.54 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 20.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 17.15 बजे तदनन्तर गर 06.18 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 53'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871815
**जूलियन दिन** 2460280.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उलावल
**तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक | |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक | |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक | |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक | |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7963



**बाएँ से दाएँ**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

### शब्द पहेली -7962 का हल



# आज का राशिफल

**मेष राशि :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृष राशि :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**मिथुन राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क राशि :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह राशि :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**कन्या राशि :** बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**तुला राशि :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**मकर राशि :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**कुंभ राशि :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**मीन राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### कॉप-28 शिखर सम्मेलन : पीएम मोदी ने ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव का किया आह्वान

# भारत ने पारिस्थितिकी-अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन बनाया : नरेन्द्र मोदी

### 2028 में भारत में कॉप-33 की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में कॉप-28 के विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन का एक उदाहरण स्थापित किया है। भारत में वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा है। इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान 4 प्रतिशत से भी कम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जो एनडीसी लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर है। मोदी ने वैश्विक मंच से प्रो-प्लैनेट, प्रो-एक्टिव और सकारात्मक पहल 'ग्रीन क्रेडिट इनिसिएटिव' का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने 2028 में भारत में कॉप-33 की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत 140 करोड़ भारतीयों की ओर से अभिवादन के साथ की।



उन्होंने क्लाइमेट जस्टिस, क्लाइमेट फाइनेंस और ग्रीन क्रेडिट जैसे विषयों को निरंतर समर्थन के लिए कॉप के नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम सभी के प्रयासों से ये विश्वास बढ़ा है कि विश्व कल्याण के लिए सबके हितों की सुरक्षा और सबकी भागीदारी आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच बेहतरीन संतुलन बनाते हुए दुनिया के सामने विकास का एक मॉडल पेश किया है। भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद ग्लोबल कार्बन एमिशन में हमारी हिस्सेदारी 4 प्रतिशत से भी कम है। भारत विश्व की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में ये एक है, जो एनडीसी लक्ष्य को पूरा करने की राह पर है। उत्सर्जन की तीव्रता संबंधित लक्ष्यों को हमने 11 साल पहले ही हासिल कर लिया है। गैर जीवाश्म ईंधन लक्ष्य को भी निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर चुके हैं।



पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति व यूएन प्रमुख सहित अनेक वैश्विक नेताओं से की मुलाकात।

मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन की तीव्रता को 45 प्रतिशत घटाना है। हमने तय किया है कि गैर जीवाश्म ईंधन का शेयर बढ़ा कर 50 प्रतिशत करेंगे। भारत ने 2070 तक 'नेट जीरो उत्सर्जन' की ओर बढ़ने का फैसला किया है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने सतत विकास पर व्यापक रूप से जोर दिया। वैकल्पिक ईंधन के लिए भारत ने ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा दिया है और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन लॉन्च किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लासगो में मैंने मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) का विजन आप सभी के सामने रखा। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के एक अध्ययन में कहा गया है कि लाइफ मिशन के जरिए हम 2030 तक हर साल 2 बिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कम कर सकते हैं। आज इस मंच से मैं एक और प्रो-प्लैनेट, प्रो-एक्टिव और सकारात्मक पहल 'ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव' का आह्वान कर रहा हूं। यह कार्बन क्रेडिट की व्यावसायिक मानसिकता से आगे बढ़कर जन भागीदारी से कार्बन सिंक बनाने का अभियान है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया के लिए संयुक्त रूपरेखा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसलिए मैं आज इस मंच से 2028 में कॉप-33 समिट को भारत में होस्ट करने का प्रस्ताव भी रखता हूं। मोदी ने कहा कि पिछली शताब्दियों की गलतियों को सुधारने के लिए हमारे पास अधिक समय नहीं बचा है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग और दोहन के परिणाम हर किसी को विशेषकर ग्लोबल साउथ के निवासियों को भुगतने पड़ते हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने एएफएमसी को 'प्रेसिडेंट कलर' किया प्रदान, कहा

## महिला अधिकारियों की भूमिका सराहनीय



**एजेंसी। पुणे**

राष्ट्रपति एवं सेना की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज (एएफएमसी) को शुक्रवार को 'प्रेसिडेंट्स कलर' (राष्ट्रपति का निशान) से सम्मानित किया और सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में महिला अधिकारियों की भूमिका को सराहा। पुणे स्थित एएफएमसी को उसके 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह पुरस्कार दिया गया। मुर्मू ने 'कम्प्यूटेशनल मेडिसिन' के लिए सशस्त्र बल केंद्र 'प्रज्ञा' का भी डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि एएफएमसी ने चिकित्सा शिक्षा में उच्चतम मानक वाले संस्थान के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की है। उन्होंने कहा इस संस्थान के स्नातकों ने युद्ध, उग्रवाद विरोधी अभियानों, प्राकृतिक आपदाओं और महामारी का सामना करने में, देश के भीतर और हमारी राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर अपनी समर्पित सेवा के माध्यम से देश को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि एएफएमसी से स्नातक करने वाली कई महिला कैडेट ने सशस्त्र बल चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उच्च पदों पर कार्य किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनसे प्रेरणा लेकर और अधिक महिलाएं सशस्त्र बलों में अपना करियर चुनेंगी। मुर्मू ने कहा, आज हम चिकित्सा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रिसिजन मेडिसिन, 3डी प्रिंटिंग, टेलीमेडिसिन और अन्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएं सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य और युद्ध के लिए सदैव तैयार रखने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी तीनों सेनाओं के सभी कर्मियों का चिकित्सा उपचार उच्चतम स्तर का हो।

उन्होंने एएफएमसी की टीम से चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान पर बल देने और नवीनतम प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि एएफएमसी की टीम अपने सभी कार्यों में उत्कृष्टता के लिए प्रयत?न करती रहेगी। राष्ट्रपति का निशान किसी सैन्य इकाई को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

सशस्त्र बलों में शामिल हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सिख पुजारियों ने अभिषेक संबंधी अनुष्ठान किया जिसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने एएफएमसी को राष्ट्रपति का निशान प्रदान किया। इस कार्यक्रम में केंद्र एवं महाराष्ट्र सरकारों और सशस्त्र बलों के गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों की चिकित्सा सेवाओं में, खासकर कोविड महामारी के दौरान संस्थान की भूमिका की प्रशंसा की।

## अब सीबीएसई बोर्ड की 10-12वीं में नहीं मिलेगी कोई रैंक या डिवीजन

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई बोर्ड)ने 2024 में 10वीं व 12वीं की परीक्षा से पहले एक बड़ा बदलाव किया है। इसको लेकर बोर्ड ने एक अहम सूचना जारी की है। इसके मुताबिक, साल 2024 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों को डिवीजन, रैंक या एग्रीगेट अंक नहीं दिए जाएंगे।मालूम हो कि नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए शिक्षा में कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। इसके लिए कहा जा रहा है कि इस कदम से बोर्ड परीक्षार्थियों पर परीक्षा परिणाम का दबाव कम रहेगा और वह अपनी तैयारी बेहतर तरीके से कर पाएंगे।सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 में कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों को कोई समग्र डिवीजन, डिस्टिंक्शन या एग्रीगेट नहीं देगा। इसके अलावा बोर्ड ने यह




भी स्पष्ट कर दिया है कि 10वीं, 12वीं में अंकों के प्रतिशत की गणना भी सीबीएसई के द्वारा नहीं की जाएगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक, यदि किसी छात्र ने बोर्ड परीक्षा में पांच से ज्यादा विषय लिए हैं ,तो सर्वोत्तम पांच विषयों को निर्धारित करने का फैसला छात्र को एडमिशन देने वाले संस्थान या सीबीएसई बोर्ड के छात्र की भर्ती करने वाला नियोक्ता खुद कर सकता है। इसमें भी सीबीएसई बोर्ड की कोई भूमिका नहीं रहेगी। कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 10 अप्रैल 2024 के बीच होगी। संभावना है कि सीबीएसई बोर्ड इसी सप्ताह परीक्षा डेट शीट 2024 जारी कर देगी।

## पुलवामा में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अरिहाल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने कहा, चल रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। तलाशी अभियान जारी है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की



सूचना मिलने के बाद गुरुवार को गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके को घेरने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। हाल के दिनों में पूरे कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच सिलसिलेवार मुठभेड़ हुई हैं, इसमें कई आतंकवादियों का सफाया किया गया है।

## राष्ट्रगान के अपमान पर भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ दो प्राथमिकी

**एजेंसी। कोलकाता**

कथित तौर पर राष्ट्रगान के अपमान के आरोप में पुलिस ने भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दो अलग-अलग प्राथमिकी में विधायकों पर राष्ट्रगान और संविधान के अपमान का आरोप लगा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा के अधिकारी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर ये मामला दर्ज किया गया है। लाल बाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय के हेयर स्ट्रीट थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है।

**क्या है मामला**

दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार शाम तृणमूल कांग्रेस और भाजपा विधायक एक-दूसरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। दोनों ओर से चोर-चोर के नारे लगाए जा रहे थे। तभी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के विधायकों से राष्ट्रगान गाने के लिए कहा। भाजपा विधायकों पर आरोप है कि जब मुख्यमंत्री समेत सत्ता पक्ष के विधायक राष्ट्रगान गा रहे थे तो वे खड़े नहीं हुए और चोर चोर का नारा लगाते रहे। इसके बाद विधानसभा के एक अधिकारी की शिकायत पर गुरुवार को पुलिस ने विधायक सुदीप कुमार मुखर्जी, मालती रेवा रॉय, चंदना बाउरी, नीलाद्रि शेखर दाना, मिहिर गोस्वामी, मनोज कुमार उरांव, सुमन कांजीलाल, दीपक बर्मन, हिरण्मय चट्टोपाध्याय, मनोज तिग्गा और शंकर घोष पर प्राथमिकी दर्ज की है। इसके बाद शुक्रवार को इनमें से पांच विधायकों नीलाद्रि शेखर दाना, दीपक बर्मन, मनोज टिग्गा, शंकर घोष और सुदीप कुमार मुखर्जी के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज की गई। इन पर संविधान के अपमान का आरोप लगा है। भाजपा ने इस पर कड़ा विरोध जताया है। विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा है कि लोगों की आवाज उठाने की वजह से भाजपा विधायकों को परेशान किया जा रहा है।

## गांधी परिवार के आयकर आकलन मामले की सुनवाई 13 तक स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) की याचिकाओं पर सुनवाई 13 दिसंबर तक के लिए टाल दी जिनमें उन्होंने उनके आयकर आकलनों को 'सेंट्रल सर्कल' में स्थानांतरित करने को चुनौती दी है। 'सेंट्रल सर्कल' पर कर वंचना की जांच का जिम्मा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें राहत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर अभी तक नोटिस जारी नहीं किया गया है। इस पीठ में न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी भी शामिल थे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले में औपचारिक नोटिस जारी करना 'आवश्यक नहीं' है, और जैसा कि अदालत द्वारा पहले संकेत दिया गया था कि आयकर विभाग कोई अंतिम आकलन आदेश नहीं पारित करेगा। संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट, राजीव गांधी फाउंडेशन, जवाहर भवन ट्रस्ट और यंग इंडियन ने भी ऐसी ही याचिकाएं दायर की हैं। मेहता ने कहा, हम यहां अदालत के समक्ष हैं। हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नोटिस जरूरी नहीं है। पीठ ने आयकर विभाग को सुनवाई की अगली तारीख 13 दिसंबर को संबंधित फाइल लाने को कहा। गांधी परिवार के सदस्यों, उनसे जुड़े ट्रस्ट और आप ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 26 मई के आदेश को चुनौती दी है।

### नौसेना विश्वसनीय, एकजुट व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने को तैयार

## 'चीन की गतिविधियों पर भारत की पैनी नजर'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि मालदीव और पाकिस्तान सहित हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की गतिविधियों पर भारत की पूरी नजर है। आईओआर में नौसैनिक शक्ति के रूप में क्षेत्रीय ताकतों को बनाए रखने के लिए भारत के जहाज, पनडुब्बियां, विमान, यूएवी तैनात हैं। उन्होंने नौसेना में बढ़ती अग्निवीरों की संख्या के बारे में बताया कि आईएनएस चिल्का में अग्निवीरों के तीसरे बैच के शामिल होने के साथ महिला अग्निवीरों की कुल ताकत अब 1000 का आंकड़ा पार कर गई है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार आज दिल्ली में नौसेना दिवस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस से पूर्व 10 क्षेत्रीय भाषाओं में नौसेना इतिहास



की पुस्तकों का विमोचन किया। भारतीय नौसेना ने पिछले साल नौसैनिक ध्वज में बदलाव सहित बल में औपनिवेशिक और पुरातन प्रथाओं को हटाने के लिए उठाए गए कदमों की सूची भी दी। नौसेना प्रमुख एडमिरल कुमार ने कहा कि हमारी इकाइयां हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा को और बढ़ावा देने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र और उससे परे तैनात हैं। नौसेना युद्ध के लिए तैयार विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने लायक बनी हुई है। नौसेना में शामिल होने वाले अग्निवीरों के बारे में प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताया कि अग्निवीरों का पहला बैच इस साल मार्च में प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का से स्नातक हुआ। अग्निवीरों के इस बैच में 272 महिला प्रशिक्षु शामिल थीं और इससे भी आगे बढ़ते हुए अग्निवीरों के वर्तमान बैच ने कुल 454 महिलाएं हैं। आईएनएस चिल्का में अग्निवीरों के तीसरे बैच के शामिल होने के साथ महिला अग्निवीरों की कुल ताकत अब 1000 का आंकड़ा पार कर गई है।

### एयर मार्शल मकरंद रानाडे बने वायु सेना मुख्यालय के महानिदेशक

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल मकरंद रानाडे ने शुक्रवार को वायु सेना मुख्यालय, नई दिल्ली में महानिदेशक का पदभार संभाला। एयर मार्शल रानाडे वायु सेना मुख्यालय निरीक्षण और सुरक्षा के महानिदेशक नियुक्त किए गए हैं। एयर मार्शल रानाडे की तैनाती अफगानिस्तान में भी रह चुकी है। उन्हें



वायु सेना पदक और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एयर मार्शल मकरंद रानाडे नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली और पेरिस (फ्रांस) के कॉलेज इंटरआर्मी डी डिफेंस के पूर्व छात्र हैं। एयर मार्शल रानाडे को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन दिया गया था।

### 20 लाख रुपये रिश्वत लेते पुलिस के हत्थे चढ़ा ईडी अधिकारी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के डिंडीगुल-मदुरै हाईवे पर पुलिस ने ईडी अधिकारी अंकित तिवारी को 20 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। तमिलनाडु पुलिस ने इस अधिकारी को बीस लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। अंकित तिवारी इससे पहले गुजरात और मध्य प्रदेश में प्रवर्तन निदेशालय में काम कर चुके हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ईडी अधिकारी अंकित तिवारी ने डिंडीगुल में एक व्यक्ति से बीस लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत के पैसे लेने के कुछ देर बाद ही, सुबह 9 बजे तिवारी को उनकी गाड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा कि जिस व्यक्ति से ईडी अधिकारी ने रिश्वत की मांग की थी वो तमिलनाडु पुलिस के सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय से संपर्क किया था।

**FILMY हलचल**

### बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने जीता दिल, प्रेरणादायक कहानी है 'सैम बहादुर'

**बॉलीवुड** एक्टर विक्की कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' पिछले कुछ दिनों से चर्चा में है। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित यह फिल्म आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म में फिल्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की कहानी दिखाई गई है, जिसकी शुरूआत बचपन से होती है। फिल्म की शुरूआत में सैम के माता-पिता बचपन में उसका नाम क्यों बदल देते हैं? यह दिखाया गया है। आइए जानते हैं आखिर क्या है फिल्म की कहानी। फिल्म 'सैम बहादुर' की शुरूआत नाम बदलने से होती है। उसके पीछे का कारण यह है कि एक दिन-रात को उनके इलाके में चोरी हो जाती है। चोरी करने वाले चोर का नाम और बच्चे का नाम एक ही है। इसलिए माता-पिता बच्चे का नाम बदल देते हैं। अगले दृश्य में लड़का बड़ा हो गया है। एक सेना अधिकारी नए शामिल हुए लड़के का नाम पूछता है। फिर लड़का सैम कहता है और अंतिम नाम भूल जाता है। तभी दूसरा लड़का अपने ऑफिसर का नाम सैम बहादुर बताता है। ये नाम भारतीय सेना के इतिहास में लिखा गया। फिल्म सैम बहादुर के जीवन के कई पहलुओं पर प्रकाश डालती है। कभी उनके जीवन के सुखद पलों को दिखाया जाता है तो कभी उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए दिखाया जाता है।



### शादी के बाद अपनी दुल्हनिया संग मुंबई लौटे रणदीप हुड्डा



**29 नवंबर** को मणिपुर के इंफाल में परिणय सूत्र में बंधे बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम मुंबई लौट आए हैं। एयरपोर्ट पर दोनों को स्पॉट किया गया। इस दौरान जहां रणदीर कैजुअल लुक में दिखे, वहीं लिन लैशराम रेड कलर के पारंपरिक सलवार सूट में काफी खूबसूरत लग रही थीं। जैसे ही वो एयरपोर्ट से निकले तो फोटोग्राफर्स ने उन्हें घेर लिया और जमकर तस्वीरें क्लिक कीं। दोनों ने परिवार के सदस्यों और कुछ दोस्तों की उपस्थिति में मैतेई परंपराओं के अनुसार शादी की। शादी से पहले, रणदीप ने लैशराम की मैतेई परंपराओं में शादी करने पर अपना उत्साह व्यक्त किया था। कपल ने शन्नापुंग रिसॉर्ट में शादी रचायी।

### नहीं होगा कोई शूट : सेट छोड़कर चले गए मशहूर अभिनेता रवि किशन

**हाल** ही में इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रवि किशन ने चलती हुई शूटिंग को गुस्से में आकर अचानक रोक दिया और इसके बाद वे फिल्म सेट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह जो कुछ भी हुआ, उससे न सिर्फ क्रू, बल्कि फैंस भी हैरान हैं। अपने हल्के-फुल्के हास्य के लिए अनूठी पहचान रखने वाले रवि के इस दुर्लभ अंदाज को देखने के बाद इंटरनेट पर जैसे सनसनी ही मच गई है और नेटिजन्स इस बात पर अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं कि संभवतः उनके आक्रोश का कारण क्या हो सकता है। लेकिन इस घटना के बारे में असली वजह फिलहाल रहस्य बनी हुई है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि कोई न कोई ऐसी बात रही होगी, जिस पर वे असहमत रहे होंगे, हो सकता है यही वजह हो, जिसके कारण रवि किशन को चलती शूटिंग को रोकना पड़ा। वहीं सेट से जुड़े करीबी सूत्रों ने शूटिंग के दौरान हुई गरमागरम बहस का संकेत दिया है, लेकिन उन्होंने इसके बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया है। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और किरदारों के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले अभिनेता रवि किशन ने हमेशा ही अपने फैंस का दिल जीता है। उनकी पहचान सिर्फ बॉलीवुड और भोजपुरी सिनेमा में उनके उल्लेखनीय अभिनय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनका स्पष्ट और मिलनसार व्यवहार भी उनकी पहचान रुपी ढाल हैं, जिसकी परीक्षा हाल ही में शूटिंग के दौरान हुई इस घटना से हुई है। हमारे कुछ सूत्र जो इस पूरी घटना पर नजर रखे हुए हैं, अब तक उनके हाथ भी सटीक खबर नहीं लगी है कि हकीकत में आखिर हुआ क्या है, इसकी जानकारी लगते ही वे इसकी पक्की खबर के बारे में जानकारी देंगे।

## एक नजर

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली




**मांडर।** भारथी ग्रुप ऑफ इनस्टिट्यूशन के बी०एससी० नर्सिंग और जीएनएम के छात्र-छात्राओं ने विश्व एड्स दिवस पर ब्राम्बे से मुरमा तक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को एड्स से बचने का संदेश दिया। इस रैली में छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के शिक्षक प्रिंसिपल निहारिका श्रीवास्तवा, वाइस प्रिंसिपल एंजेला गाड़ी, अदिति ज्योति दंहागा, डा० खुशबू तिर्की, मो० अबदाल अंसारी, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी शामिल थे।

### एमिटी यूनिवर्सिटी का रक्तदान शिविर




**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, छात्र कल्याण विभाग, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के सहयोग से विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य परिसर, एसईसी कोर कैपिटल एरिया में शिविर का आयोजन किया । एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामनाएं दीं।यूनिवर्सिटी के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### विश्व एड्स दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर

रांची। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट, लालपुर, रांची द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आए करीब 92 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शहर में समाज के जरूरतमंदों के लिए मेदांता हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत कुमार, नाक, कान और गला विशेषज्ञ डॉ. के. के. दास तथा जेनरल फिजीशियन डॉ. प्रतिमा भी मौजूद थे। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें उचित परामर्श दिए। जांच के दौरान पाए गए 18 गंभीर मरीजों को मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कर उनका इलाज शुरू किया जायेगा।

**लाइट हाउस प्रोजेक्ट : अंतिम चरण में पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट**

# जल्द मिलेगा गरीबों को आशियाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में काफी जद्दोजहद के बाद शुरू हुआ लाइट हाउस प्रोजेक्ट अब मूर्त रुप लेने जा रहा है। रांची के धुर्वा में बन रहे गरीबों के एक साथ 1008 फ्लैट अगले साल मार्च से पहले हैंड ओवर करने की तैयारी की जा रही है। अत्याधुनिक तरीके से तैयार हो रहे इस लाइट हाउस प्रोजेक्ट में करीब 90 फीसदी काम पूर्ण हो चुके हैं। रियायती दाम पर रांची नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले वैसे परिवार जो 17 जून 2015 के पहले से रह रहे हैं और जिनकी आमदनी सालाना 3 लाख तक है उन्हें ही इस आवासीय सुविधा का लाभ मिलने वाला है। हालांकि लाभुकों को लेकर अभी भी नगर निगम मशक्कत कर रहा है। बिल्डिंग निर्माण की गुणवत्ता एवं नगर निगम के द्वारा होर्डिंग टैक्स लगाए जाने पर सवाल उठते रहे हैं। इस वजह से लॉटरी में आवंटित लीज धारक लगातार फ्लैट लेने से इनकार करते रहे हैं। अब तक 145 आवंटियों का आवंटन रद्द हो चुका है। शुक्रवार को भी प्रतीक्षा सूची में शामिल 16 आवेदनकर्ता को लॉटरी के लिए बुलाया गया। मगर विडंबना देखिए की उसमें दो नहीं आ पाए। यानी जितने लोग पहुंचे सभी 14 लोगों को फ्लैट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। हालांकि निर्माण कार्य तीव्र गति से होने की वजह से लाभुकों को जल्द ही फ्लैट मिलने की आस जग गई है। धुर्वा की राधिका देवी खुशी जाहिर करते हुए कहती हैं कि काफी समय से अपना घर होने का इंतजार कर रहे थे अब सपना साकार होगा। इससे करीब 6 179 लाख में गरीबों को अपना घर मिलेगा। पहले लाभुकों के नाम से होगा जमीन की रजिस्ट्री, फिर मिलेगा फ्लैट-प्रशासकः लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी लाभुकों को पहले जमीन की रजिस्ट्री होगी उसके बाद फ्लैट मुहैया कराया जाएगा। नगर प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत आवंटियों को पहले फ्लैट के साइज के अनुरूप उसे स्थल की रजिस्ट्री होगी रजिस्ट्री तभी संभव हो सकेगा जब उनके द्वारा पूरी तरह से राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

### ट्रैफिक पुलिस और गूगल मैप के बीच साझेदारी, लोगों को मिलेगा लाभ

**रांची।** राजधानी रांची का ट्रैफिक पुलिस दिन पर दिन स्मार्ट हो रहा है। शुक्रवार को मिली की जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस और गूगल मैप के बीच साझेदारी हुई है। इस विशेष साझेदारी के माध्यम से रांचीवासी रोड बंद, रोड डायवर्जन और मार्ग पर अन्य अवरोध की जानकारी गूगल मैप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस के जरिये निर्गत सड़क बंद, रोड डायवर्जन की जानकारी गूगल पर दिखेगी। यात्री इसके आधार पर अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे। गूगल मैप पर पहले चरण की जानकारी शुरू हो गई है। इसके साथ आगे आने वाले चरणों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की गई गति सीमा गूगल मैप पर दिखाई जाएगी। इसके साथ रांची ट्रैफिक पुलिस गूगल मैप के साथ मिल कर ट्रैफिक लाइट को ऑप्टिमाइज करने की दिशा में काम करेगा। इससे वेटिंग टाइम कम किया जा सके। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए लगातार ट्रैफिक पुलिस काम कर रहा है।

# डीएसपीएमयू में प्लेसमेंट सेल का प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के एक कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर में विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर के लगभग 300 विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी की। इस प्रशिक्षण शिविर को स्मार्ट फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने संचालित किया, जिसके तहत विभिन्न चरणों में विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और व्यक्तित्व विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए गए। विशेषज्ञ के माध्यम से उन्हें यह समझाने का प्रयास किया गया कि विभिन्न व्यावसायिक उपक्रमों में रोजगार के लिए विद्यार्थियों में किन गुणों का समावेश होना चाहिए। इस प्रशिक्षण सत्र की महत्ता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का कहना है कि हालिया समय में विश्वविद्यालय का यह प्रयास रहा है न सिर्फ व्यावसायिक बल्कि पारंपरिक स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए भी विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाया। यह प्रशिक्षण कार्यशाला इसका एक उदाहरण है। जल्द ही विश्वविद्यालय ऐसे कई प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का अलावा देश के श्रेष्ठ उपक्रमों को अपने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित करेगा। उन्होंने कहा कि विगत कुछ समय से देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में यहां के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मिला है। यह प्रशिक्षण शिविर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी अंकित कुमार तिवारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

**पुलिस संदिग्ध मान रही है मामला, हत्या या दुर्घटना के एंगल पर हो रही जांच**

# संजय पाहन की संदेहास्पद मौत, जांच में जुटी पुलिस



- एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची, लिए सैंपल
- फिलहाल परिजन कुछ स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं
- पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी कर रही जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती निवासी संजय पाहन का खून से लथपथ शव घर के आंगन से बरामद किया गया है। उनके सिर पर गहरे जख्म के निशान पाये गये हैं। संजय पाहन आदिवासी समाज में काफी प्रभावी थे और उनका काफी सम्मान था। उन्हें बूटी का जमींदार भी कहा जाता था। उनकी मौत की खबर मिलने के बाद बस्ती में मातम पसरा हुआ है, किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर संजय आंगन में खून से लथपथ अवस्था में कैसे मिले। उनके सिर पर गहरे घाव का निशान पाया गया है। मामले की जानकारी परिजनों द्वारा सदर पुलिस को दी गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर डीएसपी, सदर थानेदार समेत एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। मामला हत्या का है या हादसा पुलिस इसकी जांच कर रही है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि संजय पाहन की मौत संदिग्ध लग रही है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, मामला हत्या का है या हादसा का इसकी जांच की जा रही है। सदर डीएसपी ने यह भी बताया कि परिजन भी कुछ स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक संजय पाहन के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड गठित कर कराया जायेगा ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके।

### डीएवी में क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**रांची।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तत्वावधान में रांची के विकास विद्यालय में क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुआ। इसके तहत क्रिकेट प्रतियोगिताओं की शुरूआत गुरुवार से हो गई। बता दें कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत तीन स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। पहले क्लस्टर फिर जोनल और फिर नेशनल। कलस्टर स्तर पर जीतने वाली टीमें जोनल लेवल में पहुंचती है तथा जोनल में विजयी टीम में नेशनल खेलती है। प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल के द्वारा किया जा रहा है। गुरुवार रांची के विकास विद्यालय मैदान में अलग-अलग आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं के लिए क्लस्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के ग्रुप के फाइनल में डीएवी हेहल ने डीएवी कपिल देव को हराया। वहीं 19 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों के ग्रुप के फाइनल में भी डीएवी हेहल ने डीएवी कपिल देव को हराया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**-: स्थगन संबंधी सूचना :-**

पत्रांक 1927 / ग्रा०वि०वि०प्र०, चतरा, दिनांक– 30.11.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.-RDD/SD/CHATRA/EOI-27/2023-24 जिसका PR No.-311621 में वर्णित Rate Contracts fot the Supply and Installation of Medical Equipment/Appliances etc. of Child Care Ward at Gadilong, Gp-Gadilong, Block-Tandwa, Distt.-Chatra को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 312451 Rural Development (23-24)_D

### इक्फाई विवि के तीन छात्रों ने ई-सुरक्षा साइबर में प्रथम स्थान हासिल किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के बीसीए (डीएस और एआई) सेमेस्टर - तीन के तीन छात्रों (आकाश वर्मा, राजनंदिनी तिवारी और साक्षी कुमारी) ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा भौतिक मोड में आयोजित ई-सुरक्षा साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय हैकथॉन में प्रथम स्थान हासिल किया। इस हैकथॉन में देश भर से विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया है। इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड के छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और नेशनल हैकथॉन के फाइनल राउंड में उनका मुकाबला किया। छात्रों ने उभरते साइबर खतरों का विश्लेषण और भविष्यवाणी करने, संगठनों को सक्रिय रूप से मदद करने और नए हमले वैक्टरों से बचाव के लिए एआई-संचालित साइबर सुरक्षा समाधान 'लॉगगार्ड एआई' डिजाइन किया। छात्रों को उपलब्धि पर बधाई देते हुए, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) रमण कुमार झा ने कहा, यह हमारे छात्रों की ओर से एक शानदार उपलब्धि है जिन्होंने जुनून और उत्साह के साथ काम किया। इसका श्रेय हमारे संकाय सदस्यों को भी जाता है, जिन्होंने हमारे छात्रों को प्रेरित और मार्गदर्शन किया है।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**सूचना**

**परियोजना का नाम :– NH-75 (SEC-V) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण/फोरेलेन निर्माण योजना।**

NH-75 खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण/फोरलेन निर्माण योजना में गढ़वा जिला अंतर्गत प्रखण्ड क्रमशः गढ़वा, मेराल, रमना एवं नगर उँटारी के कुल 37 ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है। उक्त सभी संबंधित ग्रामों में मुआवजा भुगतान संबंधित कार्य किया जा रहा है। इस आम सूचना के माध्यम से उन सभी हितबद्ध रैयत को सूचित किया जाता है कि वैसे रैयत जो अभीतक भवन/संरचना के मुआवजा का भुगतान प्राप्त नहीं किये हैं वैसे सभी हितबद्ध रैयत को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 08.12.2023 तक अचूक रूप से जिला भू–अर्जन कार्यालय गढ़वा में जमीन/संरचना, मकान के आवश्यक कागजात जमा करते हुए मुआवजा के भुगतान प्राप्त करना सुनिश्चित करें। मुआवजा संबंधित आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं करने के उपरांत आपके मकान एवं जमीन की मुआवजा राशि को संबंधित माननीय न्यायालय जमा कर दिया जायेगा, जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

अतः सभी हितबद्ध रैयत को निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से अधिकतम एक सप्ताह के अंदर अपना राजस्व कागजात (खतियान, केवाला, दाखिल खारिज का कागज, अद्यतन लगान रसिद, वंशावली, शपथ पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, 2 फोटो, रेवेन्यू टिकट) प्रस्तुत कर मुआवजा भुगतान प्राप्त करना सुनिश्चित करें। इसे सख्त ताकीद जानें। यह सूचना आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मुहर से निर्गत किया गया।

PR 312477 Land Reforms(23-24).D
समाहर्त्ता

## पृष्ठ एक के शेष

**वह दिन दूर नहीं जब देश वामपंथी उग्रवाद...**
आज पूरी तरह से वामपंथी उग्रवाद से मुक्त कराने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोल्हान और झारखंड के कुछ क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभी अंतिम लड़ाई जारी है और यह लड़ाई भी हम जरूर जीतेंगे। सीमावर्ती इलाकों में गत दस वर्ष में बने 560 किलोमीटर सड़क गृह मंत्री ने कहा कि 10 सालों में सीमाओं की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में अच्छी रेल, रोड वाटर-वे कनेक्टिविटी और दूरसंचार सुविधाएं भी बढ़ाई गई हैं। पिछले 10 वर्षों में सीमाओं पर लगभग 560 किलोमीटर बाड़ लगाकर घुसपैठ और स्मगलिंग पर लगाम कसने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले 2 साल में पूरी पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा को बाड़ लगाकर सुरक्षित कर लिया जाएगा। शाह ने कहा कि सीमा पर 1100 किलोमीटर क्षेत्र में फ्लडलाइट्स लगाई गई हैं, 542 नए बॉर्डर आउटपोस्ट और 510 ऑब्जरवेशन पोस्ट टावर बनाए गए हैं, पहली बार हरामी नाला क्षेत्र में ऑब्जरवेशन टावर बनाए गए हैं, 637 आउटपोस्ट पर बिजली और लगभग 500 स्थानों पर पानी कनेक्शन दिए गए हैं। इसके अलावा 472 जगह पर सोलर प्लांट लगाकर सीमा की सुरक्षा करने वाले जवानों की सहूलियत को सुनिश्चित किया गया है।

**राज्य के नौजवानों के सपनों को...**
जैसा माहौल है। लोगों में उत्साह चरम पर है और योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभिन्न काउंटरों पर भीड़ उमड़ रही है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि चाहे आपको राशन कार्ड बनवाना हो या पेंशन योजना का लाभ लेना। जाति, आवासीय, शैक्षणिक या अन्य प्रमाण पत्र की जरूरत हो या फिर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ना चाहते हैं। आपको प्रखंड और डीसी ऑफिस का अब बार-बार चक्कर नहीं लगाना होगा। कार्यक्रम के तहत लगने वाले शिविरों में आप आएं। आपको यहां आपकी जरूरत के अनुकूल योजना से आच्छादित किया जाएगा और आपकी समस्या का भी समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की ग्रामीण जनता जिस बीडीओ- सीओ, दारोगा, कलेक्टर और एसपी को पहचानती तक नहीं है। वे पूरी टीम के साथ आपके दरवाजे पर योजनाओं की पोटली लेकर आ रहे हैं। आप इन योजनाओं को अपने घर के अंदर ले जाएं। हमारी सरकार पूरे मान- सम्मान के साथ आपको अपना हक-अधिकार देने का काम कर रही है। यह राज्य की जनता द्वारा चलाई जा रही सरकार है। आपने हमें राज्य चलाने का जिम्मा दिया है। ऐसे में हमारा फर्ज है कि अपनी जनता की सेवा करें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह सरकार आपकी हर दुःख- सुख में आपके साथ खड़ी है। आपकी जो भी समस्याएं और परेशानियां होंगी, उसे दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जो कहते हैं उसे अवश्य पूरा करते हैं। राज्य कैसे आगे बढ़े, इसे लेकर हमारी चिंता भी है और इसे निपटने के लिए रणनीति भी। जब से हमारी सरकार वजूद में है, कोरोना महामारी और सुखाड़ जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन इन विपरीत परिस्थितियों के बीच भी राज्य की जनता को राहत देने का काम किया और अब विकास की रफ्तार को गति दी जा रही है। हमने झारखंड को वर्ष 2025 तक आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हम इस राज्य को अपने दम पर खड़ा करेंगे, जहां उसे किसी से सहयोग की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**डीसी ने अतिथियों का...**
राजकुमार लकड़ा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, पुलिस अधीक्षक दीष्मा रमेशन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**किसानों को दिये जायेंगे बीमा...**
कहा कि वे अपना निबंधन श्रम विभाग के पोर्टल पर जरूर कराएं, ताकि सरकार के पास पूरा डाटा रहे कि कौन मजदूर किस राज्य में काम करने गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के नौजवानों ने अपने भविष्य को लेकर जो सपना देखा है। उसे पूरा करने का काम सरकार करेगी। सरकार यहां के बच्चे-बच्चियों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाने को तैयार है। यहां के नौजवानों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने और विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक सहयोग कर रही है। नौजवान सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं। वहीं, हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्तियां हो रही हैं । निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से स्वरोजगार करने के इच्छुक युवाओं को सरकार द्वारा पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है।

**पीआईबी ने फर्जी खबरें फैलाने वाले...**
यूट्यूब चैनलों पर भारत के मुख्य न्यायाधीश, भारत के प्रधानमंत्री, मुख्य चुनाव आयुक्त, आदि सहित संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के लिए अपमानजनक बयान दिए। कुछ चैनलों ने कुछ राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर प्रतिबंध लगाने, केंद्रीय मंत्रियों के इस्तीफे एवं मृत्यु आदि का झूठा दावा किया। रुपये पर प्रतिबंध जैसी फर्जी खबरें 200 और रु. 500 के नोट, बैंकों का बंद होना और भारत सरकार की योजनाओं और नीतियों से जुड़ी गलत जानकारी भी इन यूट्यूब चैनलों पर प्रसारित किए जा रहे थे। इसके साथ प्राकृतिक आपदाओं और भारतीय नागरिकों की मृत्यु, सशस्त्र बलों की तैनाती और स्कूलों को बंद करने आदि से संबंधित झूठे दावे भी अपलोड किए गए थे।

**धोनी व भाजपा नेताओं की मुलाकात की...**
राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने इस मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, क्रिकेट के कोहिनूर, झारखंड की शान महेंद्र सिंह धोनी जी से एक अच्छी मुलाकात। इस तस्वीर में धोनी और दीपक प्रकाश एक सोफे पर बैठकर बात करते दिख रहे हैं। वायरल हो रही दूसरी तस्वीर में धोनी के साथ दीपक प्रकाश और रांची के बीजेपी विधायक सीपी सिंह एवं कांके के विधायक समरीलाल खड़े है। धोनी के करीबी सूत्र इस मुलाकात को महज इत्तेफाक बता रहे हैं। रांची में पले-बढ़े होने के कारण धोनी के यहां कई लोगों से ताल्लुकात हैं। इनमें राजनीतिक दलों के लोग भी हैं। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो के साथ भी उनकी अच्छी और पुरानी मित्रता है, लेकिन धोनी ने ऐसे संबंधों को हमेशा व्यक्तिगत रखा। अब तक उनका कोई राजनीतिक रुझान नहीं दिखा है। जानकारों का कहना है कि धोनी कभी राजनीति की ओर रुख करने का मन बनाते हैं तो उनका किसी भी राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से सीधा संपर्क होगा। उनकी शख्सियत और लोकप्रियता इतनी ऊंची है कि उन्हें राजनीति में कदम रखने के लिए सामान्य कद वाले नेताओं के संपर्क सूत्र की जरूरत नहीं होगी।

**पेड़ों को काटने के बजाय घर का...**
बिजली फ्री देने की योजना शुरू कर सराहनीय कार्य किया है । यहां के जनजातीय समुदाय में पेड़-पौधों को भगवान तक माना जाता है। रांची के चिरौंदी स्थित वनवृंदा कॉलोनी निवासी सिद्धार्थ सहदेव ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी व्यक्तिगत सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहण कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। सिद्धार्थ ने अपने निमार्णाधीन घर के लिए रास्ता बनाने के लिए चार बड़े पेड़ों को अपने भूखंड से काटने के बजाय स्थानांतरित करने का फैसला किया। पेशे से कपड़ा व्यापारी सिद्धार्थ के पास 20 डिसमिल का प्लाट है। इसमें उनके एक दोस्त की भी हिस्सेदारी थी। वे अपने हिस्से के प्लॉट में मकान निर्माण कर रहे हैं।बीएयू के वानिकी विद्वान आलोक आनंद के मार्गनिर्देशन में पेड़ को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि अगर पेड़ों को ठीक से स्थानांतरित किया जाए तो उनके जीवित रहने की संभावना 90-100 प्रतिशत हो सकती है। ऐडनसोनिया जो साधारण रूप से बाओबाब के नाम से जाने जाते हैं, पतझड़ी वृक्षों एक जीववैज्ञानिक वंश है जिसमें आठ जातियाँ सम्मिलित हैं। भारत में इन्हें गोरक्षी और गोरख इमली के नाम से भी जाना जाता है। इसे लोग बोआब, बोआबोआ, बोतल वृक्ष तथा उल्टा पेड़ के नाम से भी बुलाते हैं। हालांकि अरबी में इसे 'बु-हिबाब' कहते हैं जिसका अर्थ है 'कई बीजों वाला पेड़'। अफ्रीका ने इसे 'द वर्ल्ड ट्री' की उपाधि भी प्रदान की है। यह पेड़ जब बड़ा हो जाता है तो इसके तने में एक लाख बीआईएस हजार लीटर तक शुद्ध पानी भरा रहता है। यह पानी वर्षा के अभाव वाले इलाके में महीनों तक पीने के काम आता है। इसे पूरी तरह देखने के लिए हेलीकॉप्टर की जरूरत पड़ती है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।
दिनांक–30.11.2023

1. कार्य का नाम :

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /19/2023 | पाटन मेन रोड से साकनपीढ़ी से महुलिया तक पथ निर्माण कार्य। (4.20कि0मी0) | 423.359 लाख | चार करोड़ तईस लाख पैतीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /20/23-24 | दुल्ही बाजार से कजरमा भुईयां टोली तक पथ निर्माण कार्य। (2.90कि0मी0) | 299.450 लाख | दो करोड़ निनांबे लाख पैतालीस हजार रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /18/2022-23 | मेन रोड बृजमोहन सिंह के घर, चरितर सिंह के घर, प्राथमिक विद्यालय देवी मंडप से बाबा बीर कुवंर तक पथ निर्माण कार्य। (2.50कि0मी0) | 261.191 लाख | दो करोड़ एक्सठ लाख उन्नीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 06.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 19.12.2023 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.12.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 312500 District(23-24)D

## एक नजर

### फीफा 2030 विश्व कप की दौड़ में शामिल हुए मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन

**जिनेवा।** मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन फीफा 2030 विश्व कप की मेजबानी की रेस में शामिल हो गए हैं। फीफा ने गुरुवार को उक्त जानकारी देते हुए कहा कि उसे इन देशों से बीडिंग एग्रीमेंट प्राप्त हुई है। फीफा ने कहा कि इससे पहले उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे ने भी 2030 विश्व कप मैच के साथ शताब्दी समारोह की मेजबानी करने के लिए बोली लगाने वालों के रूप में पुष्टि की है। फीफा ने कहा कि मेजबान की नियुक्ति फीफा कांग्रेस द्वारा की जाएगी। जनवरी 2024 में फीफा सभी बोलीदाताओं के साथ एक लक्षित बातचीत करेगा और गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित करेगा।

### विश्वामित्र पांडे मेमोरियल बालक-बालिका मलखंभ प्रतियोगिता

**रांची।** वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड एवं रांची जिला मलखंभ संघ की ओर से आगामी 4 और 5 दिसंबर को झारखंड मलखंभ एकेडमी, बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर 2 धुर्वा रांची में दो दिवसीय रांची जिला स्वर्गीय विश्वामित्र पांडे मेमोरियल बालक बालिका मलखंभ प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया जाएगा । रांची जिले के सैकड़ों बालक बालिका प्रतियोगिता में भाग लेंगे।प्रतियोगिता का उदघाटन वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कौशल कुमार पाण्डेय जी करेंगे।यह जानकारी रांची जिला मलखंभ संघ के महासचिव आशुतोष द्विवेदी ने दी।

### एफसी जीत के लिए बेताब, मोहन बागान भी करना चाहेगा वापसी

**भुवनेश्वर।** हैदराबाद एफसी की टीम 2 दिसंबर, 2023, शनिवार को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में मोहन बागान सुपर जाइंट (एमबीएसजी) का सामना करेगी। इस बीच, जुआन फेरांडो की कोचिंग वाली टीम मोहन बागान को एएफसी कप में क्रमशः बसुंधरा किंग्स और ओडिशा एफसी के खिलाफ दो हार का सामना करना पड़ा। ओडिशा के खिलाफ 5-2 से मिली हार ने मोहन बागान जैसी अविश्वसनीय गुणवत्ता वाली टीम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालाँकि, फेरांडो इस तथ्य से सांत्वना ले सकते हैं कि उनके पास बदलाव लाने के लिए आवश्यक खिलाड़ी हैं, और उनके पास शायद हैदराबाद के खिलाफ ऐसा करने का सही मौका है जिसे इस सीजन में अभी तक सफलता नहीं मिली है। मोहन बागान के मुख्य कोच जुआन फेरांडो ने ओडिशा एफसी के खिलाफ मिली हार को दरकिनार करते हुए प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में हैदराबाद एफसी के खिलाफ मुकाबले पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, ह्लहम पेशेवर हैं। हमारा तरीका आगे देखना, काम करना और अगले तीन अंक प्राप्त करना है। हम बहुत निराश और परेशान हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इस समय हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात हैदराबाद एफसी के खिलाफ अच्छा खेलना और जीत हासिल करना है।

# आईपीएल : मीडिया अधिकारों का मूल्य 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान : अरुण धूमल

**एजेंसी। बेंगलुरु**




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन अरुण धूमल ने संकेत दिया है कि पिछले 15 वर्षों में लीग की सफलता संभावित रूप से अगले दो दशकों में इसके मीडिया अधिकारों का मूल्य 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा देगी। आईपीएल के मीडिया अधिकार 6,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 48000 करोड़ रुपये हो गए हैं और यह टूर्नामेंट दुनिया की सभी खेल लीगों में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के बाद दूसरे स्थान पर है। धूमल का मानना है कि लीग की व्यापक लोकप्रियता और सफलता अगले 10 वर्षों में इसके विकास में उत्प्रेरक का काम करेगी। धूमल ने आरसीबी इनोवेशन लैब के लीडर्स मीट इंडिया शिखर सम्मेलन के दौरान कहा,ह्लअगर मुझे यह देखना है कि पिछले 15 वर्षों में यह कैसे हुआ है और अगर मुझे आगे के अनुमानों के अनुसार जाना है, तो हम 2043 के आसपास मीडिया अधिकारों के 50 बिलियन अमरीकी डालर के करीब पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हमें इसे बनाए रखना होगा, नवप्रवर्तन करते रहें, प्रशंसक जुड़ाव के मामले में बेहतर करते रहें और खेलों की गुणवत्ता के मामले में इसे बेहतर बनाते रहें।" शिखर सम्मेलन गुरुवार को संपन्न हुआ। धूमल ने कहा, अब जब क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) इसे महिला क्रिकेट के लिए एक अलग स्तर पर ले जा रही है, तो मुझे सुरंग के अंत में बहुत आशा और रोशनी दिखाई देती है। जिस तरह से यह पिछले 15 वर्षों से हो रहा है, यह और बेहतर होता जा रहा है। भारत को पूरी दुनिया से अलग प्रतिष्ठा दिलाने में आईपीएल की भूमिका का विश्लेषण करते हुए धूमल ने बताया, आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली क्रिकेट लीग है। दुनिया भर में हमारे प्रशंसक हैं और जब वे देखने आते हैं, तो उन्हें भारत की विविधता और संस्कृति देखने को मिलती है। वे उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक मैच देखेंगे क्योंकि टीमें पूरे देश में फैली हुई हैं। हम अलग-अलग राज्यों, अलग-अलग संस्कृतियों और बोली जाने वाली अलग-अलग भाषाओं के मामले में एक बहुत ही विविध देश हैं, लेकिन यह एक ऐसा मंच है जिसकी जड़ें इतनी अच्छी हैं कि आप भारत को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने में सक्षम हैं। आईपीएल और इसकी फ्रेंचाइजी के प्रशंसक अंतर्दृष्टि और जुड़ाव के बारे में बात करते हुए, अरुण धूमल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के व्यापक प्रशंसक आधार की सराहना करते हुए कहा, हम सभी फ्रेंचाइजी के साथ एक टीम के रूप में काम करते हैं, हम सभी भागीदार हैं। हमने हाल ही में आयोजित विश्व कप में देखा है, कि वे (प्रशंसक) टीम इंडिया के लिए थे, लेकिन साथ ही, वे आरसीबी के लिए भी समर्थन कर रहे थे, जो एक अच्छी बात है।

# पाक ने अंडर19 एशिया कप के लिए साद बेग को बनाया कप्तान

**एजेंसी। लाहौर**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को कहा कि साद बेग दुबई में होने वाले एसीसी अंडर19 एशिया कप 2023 में पाकिस्तान अंडर19 का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। सोहेल तनवीर की अध्यक्षता वाली जूनियर चयन समिति ने 8-17 दिसंबर तक होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया है। बेग, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और बांग्लादेश दौरे में पाकिस्तान अंडर19 टीम की कप्तानी की थी, टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, जिसे दक्षिण अफ्रीका में 2024 में पुरुष क्रिकेट विश्व कप अंडर19 में भाग लेने वाली एशियाई टीमों के लिए एक बड़ी तैयारी के रूप में देखा जाएगा। पाकिस्तान अंडर19 टीम को ग्रुप ए में अफगानिस्तान, गत चैंपियन भारत और नेपाल के साथ रखा गया है। वे टूर्नामेंट का अपना पहला मैच 8 दिसंबर को नेपाल के खिलाफ खेलेंगे, इसके बाद क्रमशः 10 और 12 दिसंबर को भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेंगे।

# चौथे टी20: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

## सीरीज पर कब्जा, भारत के लिए रिंकू सिंह ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए




**एजेंसी। रायपुर**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला भारत ने 20 रन से जीत लिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 174 रन बनाए। इसके जवाब में कंगारू टीम 154 रन पर सिमट गई और मैच के साथ सीरीज भी हार गई। सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच तीन दिसंबर को बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। शुक्रवार के मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 174 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी और 20 रन से मैच हार गई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 46 रन रिंकू सिंह ने बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 37 और जितेश शर्मा ने 35 रन का योगदान दिया। ऋतुराज गायकवाड़ 32 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के लिए बेन ड्वारिसस ने तीन और तनवीर सांघा-जेसन बेहरनडॉर्फ ने दो-दो विकेट लिए। एरोन हार्डी को एक विकेट मिला। इस मुकाबले में टीम इंडिया आखिरी दो ओवर में सिर्फ 13 रन बना पाई और पांच विकेट गंवा दिए। इसी वजह से भारत का स्कोर 200 रन के करीब नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 36 रन कप्तान मैथ्यू वेड ने बनाए। ट्रेविस हेड ने 31 और मैथ्यू शॉर्ट ने 22 रन का योगदान दिया। बेन मैकडरमॉट और टिम डेविड ने 19-19 रन का योगदान दिया। भारत की जीत में सबसे ज्यादा योगदान स्पिन गेंदबाजों का था। ऑस्ट्रेलिया के शुरूआती चार विकेट भारतीय स्पिनर्स ने ही लिए थे। अक्षर पटेल ने तीन और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए। रवि बिश्नोई और आवेश खान को एक-एक विकेट मिला। हालांकि, भारतीय स्पिनर्स ने बेहद कंजूसी के साथ गेंदबाजी की और अक्षर-रवि ने मिलकर आठ ओवर में 33 रन दिए और चार विकेट झटके।

# दीदी नीलम स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन

**एजेंसी। रांची**



गुड़गाई,ओरमाँझी में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन चार मैच खेला गया दो सेमीफाइनल फाइनल और बालिकाओं का एक फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री अर्चित आनंद,उद्घाटनकर्ता श्रीमती बरखा आनंद, अतिथि के रूप में सरिता देवी, शिव विश्वकर्मा, सोमेन्द्र, राजेश, इन्द्रभूषण, रणधीर सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। विजेताओं को पुरस्कार अर्चित आनंद(मुख्य सलाहकार) शिव शिष्य परिवार एवं बरखा आनंद,अध्यक्ष, शिव शिष्य हरीद्रानन्द(फाउंडेशन) ने संयुक्त रूप से दिया। इस अवसर पर श्री अर्चित ने कहा कि खेल और खिलाड़ी दोनों के विकास के लिए मैं सदैव उपलब्ध हूँ। हर इंसान के अंदर एक खिलाड़ी रहता है जरूरत है उसको जागरूक कर निखारने की। बालिकाओं की टीम को श्री अर्चित ने अपनी तरफ से नगद पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया।शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान यह प्रतियोगिता आयोजित थी। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई की देखरेख में तीन दिवसीय प्रतियोगिता हुई। ब्रांड जंगल,ओरमांझी का दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 में युवा पावर फुटबॉल क्लब ,गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का ग्रुप अ का सेमी फाइनल मैच भुमित 11 भेलवाटोली बनाम डायमंड फुटबॉल क्लब रांची के बीच खेला गया जिसमें भूमित 11 भेलवाटोली 2-0 विजय रही एवं ग्रुप इ का ब्राण्ड जंगल ओरमांझी बनाम एफसी गुडू के बीच खेला गया। जिसमें ब्राण्ड जंगल ओरमांझी ट्राई ब्रेकर में 3-2 से विजय हुई। फाइनल मैच के पूर्व ओरमांझी मुखिया दीपक बाड़ईक,पाँचा मुखिया सुफल महली,रामनाथ महतो,ओरमांझी उप मुखिया संतोष गुप्ता ने संयुक्त रुप से मैच का फीता काटकर एवं किक मारकर फाइनल मैच शुभारंभ किया। फाइनल मैच भूमित 11 बेलवा टोली बनाम ब्रांड जंगल ओरमांझी के बीच खेला गया। जिसमें फाइनल मैच ब्रांड जंगल(टीम) ओरमांझी ट्राई ब्रेकर में 3-2 से टूर्नामेंट पर कब्जा किया। विजेता टीम को 31000 नगद ट्रॉफी उपविजेता टीम को 21000 नगद ट्रॉफी तीसरा और चौथा को 5100 नगद एवं फुटबॉल मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द बेस्ट गोलकीपर, सीरीज राइजिंग प्लेयर, बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर की बहनों ने तृतीय पुरस्कार जीता



**एजेंसी। हजारीबाग**

विद्या विकास समिति ,झारखंड द्वारा आयोजित 34वां प्रांतीय खेलकूद समारोह शिशु वर्ग सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा ,धनबाद में बीते 28 नवंबर से 30 नवंबर तक संपन्न हुआ । उक्त समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली , हजारीबाग की बहनों ने शिशु वर्ग में तृतीय पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया । बहनों की इस शानदार जीत से विद्यालय के प्राचार्य, दिनेश कुमार मिश्र ने बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी ने भी विजेता बहनों को शुभकामनाएं दी है ।प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी बहनों ने विद्यालय के आचार्य राकेश कुमार सिंह एवं रणजीत सिंह यादव के दिशा निर्देश में की थी । समारोह में बहने संरक्षक आचार्य रणजीत सिंह यादव, तारकेश्वर राय एवं शेखा कुमारी के नेतृत्व में भाग ली ।

### मुरादाबाद रेल मंडल में इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेडियम में मुरादाबाद रेल मंडल में इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार को रेलवे के सीनियर डीएफएम अमित शर्मा ने किया। टूर्नामेंट में मंडल की 13 टीमें हिस्सा ले रही हैं। रेलवे स्टेडियम में उत्साह से शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच चंदौसी जोनल ट्रेनिंग कॉलेज और लेखा विभाग की टीमों के बीच शुरू हुआ। पहले खेलते हुए लेखा विभाग की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में सात विकेट खोकर 177 रन बनाए। लेखा की ओर सबसे ज्यादा रवि जिंदल ने 47 और प्रकाश ने 32 रन बनाए। चंदौसी टीम की तरफ से संजीव ने 25 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया। चंदौसी जेटीसी की टीम खेल रही है। समाचार देने तक टीम 15 ओवर में 89 रन बना सकी थीं। रेलवे के खेल सचिव राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि इंटर डिवीजन की 13 टीम में भाग ले रही है। टूर्नामेंट का शुभारंभ स्पोर्ट्स आफिसर्स व सीनियर डीएफएम अमित शर्मा ने किया।

## महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2023

# रोमांचक मुकाबले में जर्मनी ने भारतीय टीम को 4-3 से हराया

**एजेंसी। सैंटियागो**



एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने दूसरे मुकाबले में शुक्रवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ रोमांचक मैच में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। मैच में भारत के लिए, अन्नू (11'), रोपनी कुमारी (14'), और मुमताज खान (24') ने गोल किए, जबकि जर्मनी के लिए सोफिया श्वाबे (17'), लौरा प्लूथ (21', 36'), और कैरोलिन सेडेल (38') ने गोल किये। भारत ने शुरूआती क्वार्टर में बेहतरीन खेल दिखाया और जर्मनी की डिफेंस पर दबाव बना दिया। लगातार दबाव के इस दौर में भारतीय टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और अन्नू (11') ने दूसरे मौके का फायदा उठाते हुए जोरदार शॉट लगाया और आखिरकार अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। एक गोल की बढ़त हासिल करने के बाद, भारत की स्थिति और मजबूत हो गई, जब रोपनी कुमारी (14') ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर पहले क्वार्टर के समापन पर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बेहतरीन वापसी की और सोफिया श्वाबे (17') ने बेहतरीन फील्ड गोल कर अपनी टीम का खोता खोला। इस गोल के 4 मिनट बाद ही लॉरा प्लुथ (21') ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 2-2 की बराबरी दिला दी।

### बीबीएलः सिडनी सिक्सर्स ने नवीद के साथ किया करार

सिडनी। बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंचाइजी सिडनी सिक्सर्स ने इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज रेहान अहमद के टूर्नामेंट से हटने के बाद अफगानिस्तान के प्रतिभाशाली लेग स्पिनर इजहारुलहक नवीद के साथ अनुबंध किया है। रेहान का वेस्टइंडीज दौरे के लिए सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में इंग्लिश टीम में चयन हुआ है। नवीद को पिछले साल पहली बार बीबीएल ड्राफ्ट में सिक्सर्स द्वारा अप्रत्याशित रूप से चुना गया था, उन्होंने नौ मैचों में 7.37 की इकॉनमी रेट से नौ विकेट लिए थे। सिक्सर्स के मुख्य कोच ग्रेग शिपर्ड ने कहा कि नवीद ने अनुभवी स्टीव ओकीफ, टेस्ट ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी और उभरते हरफनमौला जोएल डेविस के साथ सिक्सर्स के स्पिन स्टॉक में अंतर पैदा किया।

## उत्साह: अहमदाबाद में अक्षर रिवर क्रूज पर हुआ भव्य कार्यक्रम

# प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन की हुई शुरुआत

**एजेंसी। अहमदाबाद**



कई वर्षों से कबड्डी और भारत के लोगों के बीच हमेशा एक मजबूत संबंध रहा है। हालाँकि, 2014 में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आगमन के बाद से इस खेल को और ज्यादा प्रसिद्धि और लोकप्रियता मिली। मशाल स्पोर्ट्स के संस्थापकों ने भारत में खेल प्रशंसकों के लिए खेल को आकर्षक बनाने के लिए 30-सेकंड रेड, करो या मरो रेड, सुपर रेड और सुपर टैकल जैसे नवीन नियम लागू किए। इसके अलावा, लीग के प्रसारकों ने लाखों प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए खेल को शानदार ढंग से पैक किया। 10 संस्करण पूरे करने की ऐतिहासिक उपलब्धि के शिखर पर, पीकेएल ने शुक्रवार को अहमदाबाद में अक्षर रिवर क्रूज पर भव्य अंदाज में सीजन 10 की शुरूआत की। हेड स्पोर्ट्स लीग, मशाल स्पोर्ट्स और लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग अनुपम गोस्वामी ने पीकेएल सीजन 9 की विजेता टीम के कप्तान सुनील कुमार (जयपुर पिंक पैंथर्स) और सीजन 10 के शुरूआती मैच के कप्तान पवन सहरावत (तेलुगु टाइटंस) और फजल अत्राचली (गुजरात जायंट्स) के साथ विशेष सीजन का शुभारंभ किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अनुपम गोस्वामी ने कहा, 12 शहरों के कारवां प्रारूप में वापस जाना सीजन 10 के लिए ऐतिहासिक क्षण है। हम कम से कम नौ भौगोलिक क्षेत्रों को फिर से सक्रिय करेंगे, जो 2019 के बाद से अपने क्षेत्र में प्रो कबड्डी लीग नहीं देखी है। 12 शहरों में लीग की मेजबानी करने से लीग को प्रत्येक फ्रेंचाइजी के गृह क्षेत्र में समुदायों के साथ एक मजबूत संबंध बनाने में मदद मिलती है। शनिवार को ट्रांसस्टेडिया के ईकेए एरिना में पीकेएल सीजन 10 के ब्लॉकबस्टर शुरूआती मैच में गुजरात जायंट्स का मुकाबला तेलुगु टाइटंस से होगा। टाइटंस के कप्तान और प्रो कबड्डी लीग के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी - पवन सहरावत ने कहा कि उनकी टीम पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, मैं मैट पर कदम रखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे लिए पिछला सीजन चूकना कठिन था। हालाँकि, मैंने आगामी सीजन के लिए बहुत सारी ऊर्जा बचाई है और मैं पहले गेम में फजल का सामना करने के लिए भी उत्सुक हूँ। हमारे खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से सीजन के लिए बहुत अच्छा प्रशिक्षण लिया है। हम गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने पहले मैच के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इस बीच, प्रो कबड्डी लीग के सबसे महंगे डिफेंडर और गुजरात जायंट्स के कप्तान फजल अत्राचली ने कहा, मैं प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह दुनिया का सबसे अच्छा कबड्डी टूनार्मेंट है। हम सीजन शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। मैं इस साल गुजरात जायंट्स के लिए खेलकर बहुत खुश हूं। हमारे पास बहुत सारी युवा प्रतिभाएं और एक अच्छा कोच है।

### भारत ने 17 पदक पक्के किये, आठ और सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली ।** मौजूदा एशियाई जूनियर चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) ने येरेवन (आर्मेनिया) में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के सातवें दिन छह अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ पदक पक्के करने के लिए ठोस प्रदर्शन किया। भारतीय लड़कियों ने एक बार फिर प्रभावी प्रदर्शन किया और सभी पांच मुक्केबाजों ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आकांशा (70 किग्रा) ने दिन की शुरूआत आक्रामक अंदाज में की, लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी उज्बेकिस्तान की कुर्बोनबोएवा रेहोना ने अपने जवाबी हमले से भारतीय मुक्केबाज को परेशान कर दिया। हालाँकि, आकांशा ने अंततः विभाजित निर्णय के आधार पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, निशा (52 किग्रा) आयरलैंड की ग्रेस कॉनवे के लिए बहुत मजबूत साबित हुई क्योंकि उन्हें सर्वसम्मति से 5-0 के फैसले से विजेता घोषित किया गया।

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे शिव थापा, अमित और सागर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और सागर (92 किग्रा) ने शिलांग में चल रहे 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। असम का प्रतिनिधित्व करते हुए, पिछले संस्करण के स्वर्ण पदक विजेता शिव ने अपने अनुभव का प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के हरिवंश तवारी पर 5-0 के सटीक स्कोर के साथ शानदार जीत हासिल की। फाइनल में शिव का सामना एसएससीबी (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) के वंशज से होगा। दूसरी ओर, एसएससीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले अमित पंघाल आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) के अंकित के सामने थे। पूरे मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन बेहद अनुभवी 28 वर्षीय पंघाल ने खेल के महत्वपूर्ण क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-2 के विभाजित निर्णय से हरा दिया। 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता पंघाल का अब फाइनल में चंडीगढ़ के अंशुल पुनिया से मुकाबला होगा। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में, आरएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सागर ने सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली के विशाल कुमार का सामना किया। सागर ने अपने कौशल और शक्तिशाली पंच से मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए 5-0 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता का स्वर्ण पदक मैच में पंजाब के जयपाल सिंह से मुकाबला होगा।